हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 9 अप्रैल 2024

adani | Ports and Logistics

# 400 मिलियन मीट्रिक टन का लक्ष्य पार करने पर हमें गर्व है।

## भारत का एक चौथाई कार्गो हमारे पोर्ट से जाता है।

इस शानदार रिकॉर्ड से APSEZ लिमिटेड, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने में योगदान दे रहा है। यह उपलब्धि पोर्ट और टर्मिनल के साथ इंटीग्रेटेड फर्स्ट-माईल और लास्ट-माईल लॉजिस्टिक सॉल्यूशन से हासिल हुई है।

**नंबर 1**
भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट नेटवर्क

**17**
पूरे भारत में 15 पोर्ट और टर्मिनल, श्रीलंका और इज़राइल में 2

**12**
लॉजिस्टिक पार्क



# मन्नत के लिए दरबार में बांधते हैं कलावा, माता रानी करती हैं मुरादें पूरी



## राजधानी के प्राचीन मंदिरों में शुमार तलैया काली मंदिर में बड़ी संख्या पहुंचते हैं श्रद्धालु

**नवरात्रि विशेष**
**देवी मंदिर परिक्रमा 01**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्रि में देशभर में माता रानी के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगती है। श्रद्धालु प्रसिद्ध मंदिरों में पहुंच कर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद मांगते है। मंगलवार से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि पर राजधानी के प्राचीन मंदिरों में शुमार तलैया काली मंदिर में बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुंचते हैं। वैसे आम दिनों में रोजना हजारों की संख्या में लोग माता रानी से आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।



### 1968 में हुआ मंदिर का निर्माण



मंदिर के पुजारी लवकुश मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर लोग नौकरी, संतान प्राप्ति सहित अनेक प्रकार की मुरादें लेकर मां के पास आते हैं और कलावा बांधकर मातारानी के चरणों में अर्जी लगाते हैं। कई श्रद्धालुओं की यहां मनोकामना पूरी हुई है। वैसे तो इस मंदिर का निर्माण 1968 में हुआ था, लेकिन इसका इतिहास कापी पुराना हैं।

### सालों से आ रहा हूं



श्रद्धलु भरत सिंह ने बताया कि कई सालों से माता रानी के दरबार में आ रहा हूं। माता रानी के आशीर्वाद सभी मनोकमना पूरी होती है।

### मेरी देवी माता पर बड़ी आस्था है



अनीशा चौधरी ने बताया कि कई सालों से माता के दरबार में आ रही है। यहां पर मन्नत का कलावा बांधने से माता रानी हमारी मन्नत को पूरी करती है। माता रानी पर मेरी व परिवार के लोगों की बड़ी अस्था है।

### माता ने स्वप्न में मंदिर स्थापित करने का दिया था आदेश



मंदिर समिति के सदस्य रजनीश सिंह बगवार ने बताया कि वैसे यहां सैकड़ों सालों से पूजा हो रही है, लेकिन आज से करीब 55-56 साल पहले पूर्वजों को माता रानी ने सपने में यहां मंदिर की स्थापना करने का आदेश दिया। इसके बाद मंदिर निर्माण की तैयारियां शुरू की गई। यहां 1967 में एक मढ़िया बनाई गई और माता रानी की स्थापना की गई। माता की पूजा और अपनी मन्नत के लिए दरबार में कलावा बांधने लगे और लोगों की मुरादें पूरी होने लगी। दूर-दूर से लोग यहां आने लगे। भोपाल के अलावा आसपास से भी यहां बड़ी संख्या में भक्त आते हैं और माता रानी सबकी मुराद पूरी करती हैं। पुजारी बगवार ने बताया यहां माता रानी पिंडी स्वरूप में हैं। हरियाली अमावस्या की रात यहां पर विशेष पूजा की जाती है। इसके बाद माता को मदिरा का प्रसाद चढ़ाया जाता है। मंदिर को लेकर लोगों की बड़ी अस्था है।

### नवरात्रि में जलती है अखंड ज्योति

*नवरात्रि में यहां पर अखंड ज्योति जलाई जाती है और ज्वारों की स्थापना होती है। आमतौर पर मंदिर सुबह 6 से दोपहर एक बजे तक और शाम 4 से 10 बजे तक खुला रहता है, लेकिन नवरात्रि में मंदिर सुबह 5 से दोपहर एक और शाम को चार से रात 11 बजे तक खुला रहता है। वहीं सप्तमी से नवमी तक भक्तों की भीड को देखकर यहां पर पूरे दिन मंदिर के पट खुले रहते हैं।*

---

## घर-घर होगी घट स्थापना, श्रद्धालु नौ दिन व्रत रख करेंगे पूजा-अर्चना

# नवरात्रि पर्व आज से शुरू... शहर के दुर्गा मंदिरों में की लाइटिंग, होंगे विशेष अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां पूरी हो गई हैं। कुछ मंदिरों जहां लाइटिंग की गई, तो वहीं कुछ मंदिरों को फूलों सजाया गया। नवरात्रि के साथ मंगलवार से मनोकामना ज्योति भी जलाए जाएंगी। कुछ मंदिरों से चुनरी यात्रा भी निकाली जाएगी। शहर के प्रमुख सोमवारा जय भवानी मंदिर में माता रानी का रोजाना फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। इसके लिए कई क्विंटल फूलों की व्यवस्था मंदिर समिति व ट्रस्ट ने की है। गुलाब, गेंदा, सेवंती, सूरजमुखी सहित अन्य प्रजातियों के फूलों से श्रृंगार किया जाएगा।

चैत्र नवरात्रि के पूजन के दौरान इंटरनेट मीडिया पर लोग जय भवानी मंदिर में विराजी माता रानी के दर्शन कर सकेंगे। वहीं कर्फ्यू वाली माता मंदिर के अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया कि चैत्र नवरात्रि में माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। धार्मिक अनुष्ठान पूरे नौ दिनों तक चलेंगे, जिसे लोग लाइव देख सकेंगे। इधर शीतला माता मंदिर में भी पूजा-अर्चना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। साथ ही मंदिर की आकर्षक विद्युत साज-सज्जा भी की गई है। मां चामुंडा दरबार शाहजहांनाबाद में विशेष पूजा पाठ का सिलसिला शुरू होगा।



### चैत्र नवरात्रि पूजा विधि

नवरात्रि पर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व होता है। प्रतिपदा तिथि पर सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पूजा स्थल की साफ-सफाई करके कलश स्थापना करें। इस बात का खास ध्यान दें कि कलश स्थापना के समय आपका मुंह पूर्व या उत्तर दिशा में होने चाहिए। साथ कलश को ईशान कोण में रखें।

### गायत्री शक्तिपीठ में आज से सामूहिक अखंड जप

चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ एमपी नगर में मंगलवार से साधना कक्ष में सामूहिक अखंड जाप का आयोजन किया जाएगा, जो प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इसके साथ ही 16 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 7 बजे गायत्री मां की महाआरती का आयोजन एवं इसके बाद श्रद्धालुओं को पर्व का महत्व बताया जाएगा।

### शहर के इन मंदिरों में भी होंगे विभिन्न आयोजन

*इसके अलावा शहर के मां कालका मंदिर चूनाभट्टी, मां शीतला मंदिर कोटरा सुल्तानाबाद, नारियलखेड़ा, नव देवी मंदिर मालवीय नगर, नवदुर्गा मंदिर अशोका गार्डन सहित शहर के अन्य दुर्गा मंदिरों में नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण हो गई है, यहां भी विभिन्न आयोजन होंगे।*

### काली मंदिर में विशेष अनुष्ठान

*काली मंदिर के प्रभारी रजनीश सिंह बगवार ने बताया कि मंदिर की साफ-सफाई के साथ लाइटिंग की गई है। चैत्र नवरात्रि में मंदिर खुलने व बंद होने के समय में परिवर्तन कर दिया जाता है। मंदिर में नौ दिनों तक विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे।*

---

## कर्मश्री संस्था के कार्यक्रम में पहुंचे विधायक रामेश्वर, नव वर्ष का मनाया उत्सव

# हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी की रोशनी से जगमगाया रोशनपुरा चौराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर कर्मश्री संस्था द्वारा भव्य रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। कर्मश्री के अध्यक्ष और विधायक रामेश्वर शर्मा ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर रोशनपुरा चौराहे पर भव्य आतिशबाजी कर नूतन वर्षाभिनंदन किया। कर्मश्री की आतिशबाजी में पूरा रोशनपुरा चौराहा रोशनी से जगमग हो गया। इस दौरान इस दौरान आतिशबाज कलाकारों द्वारा आतिशबाजी के माध्यम से लक्ष्मणझूला, उगता सूरज, स्वचलित चरखा, झरना, मोर पंखी, स्वागत बोर्ड आदि के स्वरूप बनाकर प्रदर्शन किया गया। लोगों ने एक दूसरे को बधाई देते हुए नए साल का उत्सव मनाया।



### रामलला की महाआरती आज

नववर्ष की प्रथम संध्या पर कर्मश्री द्वारा मालवीय नगर स्थित युवा सदन पर प्रभु रामलला की महाआरती का आयोजन रखा गया है। जहां शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ अन्य नागरिक सम्मिलित होंगे। गौरतलब है कि पिछले दो दशकों से विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में कर्मश्री संस्था द्वारा हिन्दू नववर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। इसी श्रंखला में आतिशबाजी और महाआरती का आयोजन रखा गया।



## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नववर्ष, नवरात्रि की दी बधाई



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विक्रम संवत 2081 पिंगला संवत्सर, नए वर्ष और नवरात्रि की प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सोमवार को अमावस्या है, मंगलवार को नवरात्रि का पहला दिन है। सौभाग्य की बात है कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए वर्ष की शुरुआत में बालाघाट में सभा लेने वाले हैं। मप्र की धरती पर मेरी अपनी ओर से और प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पहला दिन प्रधानमंत्री मोदी के पदार्पण के साथ मप्र के लिए मंगलकारी होगा। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत 2081 को लेकर हमने निर्णय किया था कि ये अलग-अलग स्तर पर पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा।

## वीडी ने हिन्दू नववर्ष गुड़ी-पड़वा और नवरात्रि की दी शुभकामनाएं



*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को हिन्दू नववर्ष, गुड़ी-पड़वा और नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की है।*

---

## संतोषी विहार पार्क में भागवत कथा

# हवन यज्ञ और भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



संतोषी विहार पार्क नरेला जोड़ में चल रही भागवत कथा सोमवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक मुख्य परीक्षित वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरुदेव भागवताचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने सबको सुखी, स्वस्थ, दीघार्यु एवं संपन्न रहने का आशीर्वाद दिया। निर्विघ्न सफल आयोजन के लिए गुरुजी ने समस्त सेवाधारी कार्यकर्ताओं, भक्तों और तिवारी मिश्रा परिवार को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

## महिलाओं ने की परिवार के सुख समृद्धि की कामना

# सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने लगाए पीपल के वृक्ष के फेरे, नदियों में लगाई डूबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को सोमवती अमावस्या को लेकर व्रती महिलाओं ने पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना की तथा अपने पति की लंबी आयु व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। सोमवती अमावस्या को लेकर विभिन्न जगहों पर पीपल के पेड़ के नीचे व्रती महिलाओं की भीड़ लगी रही। व्रती महिलाओं ने सुबह स्नान आदि से निवृत्त होकर अपने आस-पड़ोस के पीपल के पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंची।



### लोगों ने स्नान के बाद किया पुण्य दान

इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पवित्र नदियों में डूबकी लगाई। लोग नर्मदा स्नान, उज्जैन स्थित क्षिप्रा समेत अन्य नदियों में स्नान करने पहुंचे, जहां दान पुण्य किया। माना जाता है कि सोमवती अमावस्या पर गंगा में स्नान करने से पितरों को मोक्ष मिलता है। इसलिए लोग बढ़-चढ़कर हर की पवित्र नदियों पर पहुंचे।

---

## तीस दिन के रोजे, इबादत के साथ बंदे कर रहे ईद की तैयारी

# ईद की खरीदारी से बाजार गुलजार आज देखा जाएगा ईद का चांद

*मंगलवार को चांद नहीं दिखने के बाद गुरुवार को मनाई जाएगी ईद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमजान माह के 28 रोजे पूरे होने के साथ अब ईद का इंतजार शुरू हो गया है। मंगलवार को 29 रोजे पूरे होने के बाद आसमान में रमजान का चांद देखा जाएगा। चांद नजर आने के बाद बुधवार को ईद मनाई जाएगी, जबकि चांद नहीं दिखने पर गुरुवार को ईद मनाएंगे। इधर, रोजेदार सहित अन्य लोगों ने ईद की तैयारी को देखते हुए जरूरी खरीदारी तेज कर दी है। शहर के प्रमुख बाजार इन दिनों गुलजार हो गए हैं। सड़कों किनारे सेल लगाकर हजारों दुकानदार कपड़े, शूज सहित अन्य सामान की बिक्री कर रहे हैं। यहां देर रात तक खरीदारी की जा रही है। सेवइयां, मेवा, कपड़ा, जूते, टोपी, रूमाल, इत्र, चूड़ी की दुकानों पर सुबह से देर रात तक ग्राहकों की भीड़ लग रही है।



### बोहरा समाज की ईद आज

सोमवार को दाउदी बोहरा समाज के 30 रोजे पूरे होने के साथ मंगलवार को ईद मनाई जाएगी, जिसको लेकर सभी प्रमुख मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। समाज के लोग ईद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद पेश करेंगे।

### शहर में ईद की नमाज का समय

ईदगाह सुबह 7.15, जामा मस्जिद 7:30, ताजुल मसाजिद 7:45, मोती मस्जिद 8 और मस्जिद बिल्किस जहां आरिफ नगर में सुबह 8:15 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।

### लाइटिंग से जगमगाया बुधवारा चौराहा

शहर के बुधवारा चौराहे (चारबत्ती) पर खूबसूरत लाइटिंग की गई है। इसके अलावा यहां की रौनक इसलिए देखते ही बनती है कि यहां जहां एक तरफ फूड मार्केट बना हुआ है तो दूसरी तरफ यहां पर खरीदारी के लिए कई तरह के कपड़ों, जूतों और इत्र की दुकानें भी मौजूद हैं। यहां का बाजार सुबह करीब 4 बजे तक खुला रहता है। इसके अलावा यहां पर करीब 70 से अधिक फूड पाइंट अलग से रमजान के लिए बनाए गए हैं। वहीं यहां पर पहली बार एक अलग किस्म की सजावट भी की गई है।

## श्री मेडतवाल समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

# धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि की व्यवस्था पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को मानस भवन, गुफा मंदिर में श्री मेडतवाल वैश्य समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के साथ समाज की आमसभा और महिलाओं और बच्चों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### नई कार्यकारिणी गठित

समाज की आम सभा में वर्ष 2023-24 के वित्तीय लेखों का अनुमोदन किया गया व नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। जिसमें बालमुकुंद गुप्ता और जेएल गुप्ता संरक्षक, जेपी गुप्ता अध्यक्ष, नवनीत भंडारी उपाध्यक्ष, रामविलास गुप्ता सचिव, मनोज गुप्ता कालीपीठ वाले कोषाध्यक्ष, राजकुमार मेडतवाल सह सचिव, प्रिंस गुप्ता मीडिया प्रभारी, सुशील गुप्ता, जीतेन्द्र गुप्ता, पंकज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, नीलेश गांधी सदस्य मनोनीत किए गए।



## आश्रम में 9 दिन होंगे अलग-अलग कार्यक्रम

# करुणाधाम में 141 फीट की ऊंचाई पर प्रज्वलित होंगे दीप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


नवरात्रि पर करुणाधाम में 141 फीट की ऊंचाई पर दीप प्रज्वलित होंगे। अभी दीप प्रज्वलन के लिए तेल के 40 कनस्तर बुलवाए गए है। आश्रम परिवार के शाश्वत शांडिल्य ने बताया कि आश्रम को 9 दिन अलग-अलग रंगों से सराबोर किया जाएगा एवं 9 दिन तक आश्रम में मनोरंजन के लिए मेला और फलहारी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। साथ ही आश्रम के युवा मंडली नवरात्रि के 9 दिन दुर्गा सप्तशती के पाठ एवं भजन करेंगे।

आश्रम मंडली के युवकों ने आश्रम की डेकोरेशन थीम का नाम नवरंग नौ देवी के संग रखा है। युवाओं ने थीम के विषय में बताया कि माता महालक्ष्मी के लिए 9 दिन अलग-अलग रंगों में पोशाक पहनावा और श्रृंगार किया जाएगा। माता की पोशाक के कपड़े को मुंबई से मंगवाया जा रहा है।


भोपाल
मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-01
वर्ष : 11, अंक : 15
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 22

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com




**प्रथम दिवसः मां शैलपुत्री**



वन्दे वांछित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम् ।
वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## दतिया में मां पीतांबरा देवी मंदिर

## चारों ही मुख्य द्वार खुले रहेंगे, पहले दिन करीब 30 हजार श्रद्धालु आएंगे

राजीव मिश्रा ⏭दतिया

दतिया में स्थित विश्व प्रसिद्ध देवी तांत्रिक शक्तिपीठ मां पीतांबरा मंदिर में आज से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। देवी पीतांबरा मंदिर के सभी दरवाजों को सजाया गया है। मंदिर के चारों मुख्य द्वार देवी भक्तों के लिए खुले रहेंगे। मंदिर प्रबंधन ने बाहर से आए हुए देवी साधकों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी की है। बाहर से ⏩शेष पेज 4 पर

### विदेशी श्रद्धालुओं ने भी जलवाई है ज्योत



## सलकनपुर का मां बिजासन धाम


देवीलोक का कार्य चलने के कारण यहां पर स्थान की दिक्कत

## धाम में नौ दिन में करीब दस लाख श्रद्धालु जुटेंगे

जुगल किशोर पटेल ⏭सीहोर

चैत्र नवरात्रि पर मां बिजासन धाम सलकनपुर में घट स्थापना की जाएगी एवं झंडा चढ़ाया जाएगा। घट स्थापना सुबह 10.30 बजे होगी। मंदिर के मुख्य महंत पंडित प्रभुदयाल शर्मा ने 'हरिभूमि' को बताया कि विदेशों से भी मां के भक्त यहां पर विशेष अनुष्ठान एवं हवन के लिए दान देते हैं। चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां पर मेला भी लगता ⏩शेष पेज 4 पर

### विदेशों से भी आएंगे मां देवी के भक्तगण



## नलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिर

## 54 वर्षों से जल रही अखंड ज्योत दुनिया भर से लोग कराते हैं पूजा

राजेंद्र सकलेचा ⏭नलखेड़ा

आगर जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूरी पर नलखेड़ा नगर में पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के दरबार में स्थित गर्भगृह में विगत 54 वर्षों से अखंड ज्योत जल रही है, जो की शुद्ध घी से जलाई जाती है। नलखेड़ा का यहां मंदिर तंत्र साधना के लिए भी आदर्श स्थान माना जाता है। इस मंदिर पर देश के कई स्थानों के साथ ही विदेशों ⏩शेष पेज 4 पर

कई राजनेता, अभिनेता, प्रशासनिक तथा न्यायिक अधिकारी पहुंचते हैं मां के दर





तलैया कालीघाट मंदिर में साज-सज्जा हुई।

## चैत्र नवरात्र आज से

### अभिजीत मुहूर्त के साथ सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग में होगी घट स्थापना

**30 साल बाद बन रहा विशेष संयोग, मां दुर्गा इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी**

चैतीचांद, गुड़ी पड़वा के साथ नव संवत्सर वर्ष का भी शुभारंभ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

चैत्र नवरात्रि यानी शक्ति की साधना का महापर्व की शुरुआत मंगलवार से होने जा रही है। भोपाल मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने 'हरिभूमि' को बताया कि नवरात्र की शुरुआत 9 अप्रैल मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त के साथ सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग में होगी। इसके बाद पूरे नौ दिनों में 4 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग रहेंगे। 17 अप्रैल को ⏩शेष पेज 4 पर

### घट स्थापना का शुभ समय

*सुबहः 9 से 10.30 बजे तक चर*
*सुबहः 10.30 से 12 बजे तक लाभ*
*दोपहरः 12 से 1.30 बजे तक अमृत*
*दोपहरः 3 से शाम 4.30 बजे तक शुभ*
*रात्रिः 7.30 से 9 बजे तक लाभ*

## सीएम डॉ. यादव का कांग्रेस पर बड़ा हमला-कांग्रेस एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही



# अगर 'ढांचा वालों' से प्रेम है तो उन्हीं के साथ चले जाओ

मंडला में कांग्रेस प्रत्याशी का फोटो नहीं लगा रहे हैं बल्कि भाजपा के प्रत्याशी का फोटो लगा रहे हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि अब राजगढ़ वाले कह रहे हैं कि हमने भी एक लाख ग्यारह हजार का चंदा दिया था। भगवान श्रीराम का अपमान करके चंदे का उल्लेख करते हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को इंदौर, मुरैना और ग्वालियर चुनावी दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने ग्वालियर लोकसभा की विधानसभाओं में जनसभा, कार्यकर्ता सम्मेलन, नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम व स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने मुरैना के सबलगढ़ में कहा कि पूरा देश नरेंद्र मोदी के नाम से मोदी-मय और भाजपा-मय हो चुका है।

यह सिर्फ हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे भी लोकसभा के अंदर कह चुके हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी के सामने नारा भी लगा चुके हैं कि अबकी बार 400 पार। मुख्यमंत्री ने इंदौर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। पहले खजुराहो में मिलीभगत से अपना प्रत्याशी छोड़ा। कांग्रेस को पता था की खजुराहो में उनकी हार निश्चित है। बाद में मिलीभगत से समाजवादी पार्टी ने भी अपना प्रत्याशी ⏩शेष पेज 4 पर



**डॉ. यादव सोमवार को इंदौर, मुरैना और ग्वालियर के चुनावी दौरे पर रहे**

### मथुरा का जो आनंद आएगा, वह अभी बाकी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना के सबलगढ़ में कहा कि आजादी के बाद भगवान श्रीराम का मंदिर तुरंत बनना चाहिए था। किंतु कांग्रेस के लोगों ने कदम-कदम पर अड़ंगे लगाएं। पहले कहते थे इनको मंदिर नहीं बनाना, ढांचा तोड़ना है। उन्होंने कहा कि इन्हें ढांचा वालों से प्रेम है। अगर ढांचा वालों से प्रेम है तो ढांचा वालों के साथ चले जाओ। हिंदुस्तान में तुम्हारी जगह कहां है? अब राजगढ़ वाले कह रहे हैं कि हमने भी एक लाख गयारह हजार का चंदा दिया था। डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम का अपमान करके चंदे का उल्लेख करते हो। उन्होंने कहा कि अभी भगवान श्रीराम का, बाबा महाकाल के महालोक का आनंद आया है, मथुरा का जो आनंद आएगा वह अभी बाकी है।

## सिवनी के धनौरा और शहडोल में राहुल ने कहा

## गरीब महिलाओं और युवाओं को 1 लाख रुपए सालाना देंगी कांग्रेस

**शहडोल ।** सिवनी के धनौरा और शहडोल में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यहां आदिवासी वर्ग के काफी लोग आए हैं, कांग्रेस आपको आदिवासी कहती है और भाजपा आपको वनवासी कहती है। वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है। जो आपका ⏩शेष पेज 4 पर

■ एक साल के अंदर आदिवासियों को अधिकार मिलेगा



### राहुल के हेलीकॉप्टर का फ्यूल खत्म, शहडोल में बिताई रात

राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर शहडोल में फ्यूल कम होने की वजह से उड़ान नहीं भर सका। समस्या को दूर करने के लिए जबलपुर से फ्यूल मंगाया गया है। तब तक राहुल को शहडोल के ही सूर्या इंटरनेशनल होटल में ठहराया गया है। शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर राहुल रात ⏩शेष पेज 4 पर

## ईडी, सीबीआई, एनआईए के चीफ को पदों से हटाएं, टीएमसी की चुनाव आयोग से मांग

## आयोग के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे 10 टीएमसी सांसद, पुलिस ने हिरासत में लिया

◆ आयोग से मांग की जलपाईगुड़ी में तूफान पीड़ितों की मदद करने की इजाजत दी जाए

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

केंद्रीय जांच एजेंसियों और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी के बीच पिछले कुछ महीनों में काफी विवाद हुआ है। इस बीच दिल्ली में चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर टीएमसी के करीब दस सांसदों ने धरना दे दिया। इन सांसदों ने मांग थी कि ईडी, सीबीआई, एनआईए, जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के निदेशकों को बदला जाए। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने सभी को वहां से उठाकर हिरासत में ले लिया है। दरअसल, चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे 10 सांसदों ने पहले आयोग के अधिकारियों से मुलाकात ⏩शेष पेज 4 पर



**ये नेता मिलने गए थे**

चुनाव आयोग से मिलने गए टीएमसी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा में पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन से लेकर सांसद डोला सेन, सागरिका घोष, साकेत गोखले और शांतनु सेन शामिल रहे थे। टीएमसी नेता डोला सेन ने कहा है कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है और विपक्षी नेताओं को झूठे केस में फंसा रही है। टीएमसी के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मांग की है कि पश्चिम बंगाल सरकार को जलपाईगुड़ी में तूफान पीड़ितों की मदद करने की इजाजत दी जाए। जिससे उनके टूटे घरों को बनाया जा सके और अन्य मदद की जा सके।

## आज पीएम मोदी बालाघाट में

## प्रत्याशी भारती के समर्थन में जनता से करेंगे 'संवाद'

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

महाकौशल के नक्सल प्रभावित संसदीय क्षेत्र बालाघाट में पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा ने बालाघाट संसदीय सीट से पहली बार प्रत्याशी बनाई गई भारती पारधी के समर्थन में मोदी जनता से संवाद करेंगे। पीएम मोदी दोपहर 2:20 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। मोदी शाम 5:45 बजे इंदौर एयरपोर्ट से उज्जैन रवाना होंगे। आचार संहिता लागू होने के बाद पहले जबलपुर और अब बालाघाट में दूसरा दौरा होगा। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेगा।



## भोपाल और जबलपुर संभाग में सबसे ज्यादा ओले बारिश का असर, दोपहर बाद आंधी, गरज चमक के साथ बारिश

# ओले-बारिश से बिछी फसलें, दो दर्जन जिलों में बरसी मुसीबत, आज और ज्यादा असर रहेगा

राजधानी में एक घंटे रुक- रुककर तेज गरज चमक के साथ 4.6 मिमी बारिश से 7 डिग्री गिरा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल


राजधानी सहित करीब दो दर्जन जिलों में सोमवार को तेज हवाओं, गरज चमक के साथ बारिश हुई। विशेषकर जबलपुर और भोपाल संभाग तथा बैतूल के आसपास कई जिलों में आंधी के साथ बारिश और ओले गिरे। इससे खेतों में खड़ी फसलें बिछ गईं। सब्जियों और अनाज फसलों को ओलों से नुकसान होने का अनुमान है। करीब दो दर्जन जिलों में बारिश दर्ज हुई है। ⏩शेष पेज 4 पर



भोपाल के तलैया में बारिश का दृश्य।

### आज यहां ओले-बारिश गिरने का अनुमान

मंगलवार को भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खांडवा, देवास, शाजापुर, सिंगरौली, सीधी, पन्ना सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। बैतूल, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांढुर्णा जिलों में कहीं-कहीं बारिश के साथ ⏩शेष पेज 4 पर








**लोकसभा क्षेत्र**

बालाघाट

1 भाजपा प्रत्याशी
भारती पारधी

2 कांग्रेस प्रत्याशी
सम्राट सरसवार

**पिछली बार कौन जीता**

ढाल सिंह बिसेन

**जीत का अंतर**

2 लाख 42 हजार 66

## क्या रहेंगे मुद्दे?

बालाघाट संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों पर भी चुनाव लड़ा जा रहा है। कांग्रेस ने यहां किसान कर्जमाफी और धान के समर्थन मूल्य को मुद्दा बना दिया है। इसे लेकर एक किसान ने भाजपा की भारती पारधी की गाड़ी ही रोक ली थी। कांग्रेस की ओर से घोषणा पत्र में किए गए वादे बताए जा रहे हैं। 5 न्याय और 24 गारंटियों का प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस महिलाओं के बीच बताती है कि लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए मासिक देने का वादा किया गया था, वह भी पूरा नहीं हुआ। इधर, भाजपा राम लहर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को गिना रही है।

### तीनों प्रमुख प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे, भाजपा के पक्ष में हवा, कुछ मसलों पर नाराजगी भी

# बालाघाट में भारती और सम्राट के बीच कड़ा मुकाबला

*बालाघाट में हमेशा की तरह मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही संभावित है, लेकिन इनका खेल बिगाड़ने बसपा ने भी मजबूत प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काट कर भाजपा ने पार्षद भारती पारधी को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार पर भरोसा किया है। क्षेत्र के तेजतर्रार समाजवादी नेता कंकर मुंजारे बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। देश, प्रदेश की तरह बालाघाट में माहौल भाजपा के पक्ष दिख रहा है, लेकिन कई मसलों पर पार्टी का विरोध भी है। सांसद ढाल सिंह प्रचार में सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन अपनी बेटी मौसम के लिए टिकट मांग रहे थे। बेटी को टिकट न मिलने से गौरीशंकर भी असंतुष्ट हैं, लेकिन भाजपा के मंचों पर काम करते दिख रहे हैं।*




दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

महाकौशल अंचल की बालाघाट लोकसभा सीट का 2019 का चुनाव ढाल सिंह बिसेन ने लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर से जीता था। बालाघाट में भाजपा की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत थी, लेकिन पार्टी ने अपने इस सांसद का टिकट काट कर नगर पालिका की पार्षद भारती पारधी को दे दिया। प्रत्याशी घोषित होते ही लगाए गए पहले बैनर से ही ढाल सिंह बिसेन का फोटो गायब था। बिसेन की टिप्पणी थी, लीजिए अभी से मेरी फोटो हट गई। ऐसे में ढाल सिंह से ईमानदारी से काम की उम्मीद कैसे की जा सकती है। प्रचार अभियान से वे दूरी बनाए दिख


भारती पारधी


सम्राट सरसवार

भी रहे हैं। बालाघाट भाजपा के कद्दावर नेता गौरीशंकर बिसेन काम तो कर रहे हैं, लेकिन पूरी ताकत से नहीं, क्योंकि वे बेटी के लिए टिकट मांग रहे थे, लेकिन मिला नहीं। बावजूद इसके माहौल भाजपा के पक्ष में ज्यादा दिख रहा है। कांग्रेस के सम्राट सरसवार भी कमजोर प्रत्याशी नहीं हैं। वे जिला पंचायत अध्यक्ष हैं और उनके पिता विधायक रहे हैं। बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे उस स्थिति में भी कांग्रेस का पूरी ताकत से प्रचार कर रही हैं, जब उनके पति कंकर मुंजारे बसपा के टिकट पर मैदान में हैं। इस चुनाव में पति-पत्नी में ऐसे मतभेद हुए कि कंकर मुंजारे घर छोड़कर एक झोपड़ी में रहने पहुंच गए हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रयास से जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे और एक अन्य नेता नगपुरे ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। क्षेत्र में लोधी मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है। वे इस समाज को साधने की कोशिश कर रहे हैं। इस सीट में जातीय आधार पर भी वोट पड़ते हैं। इसे ध्यान में रखकर पार्टियां टिकट देती हैं और जातीय समीकरणों को साधने की कोशिश होती है। चर्चा है कि जातीय समीकरणों के तहत भाजपा ने रणनीति के तहत कंकर मुंजारे को चुनाव लड़ाने में भूमिका निभाई है ताकि लोधी मतदाता कांग्रेस के पक्ष में एकमुश्त न जा सके।

**विस में भाजपा-कांग्रेस की ताकत बराबर**

विधानसभा में सदस्यता के लिहाज से भाजपा और कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में दोनों दलों के पास 4-4 हैं। 4 माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में लांजी, कटंगी, बरघाट और सिवनी भाजपा ने जीती थीं, जबकि बैहर, परसवाड़ा, बालाघाट और बारासिवनी में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस ने चार सीटें 56 हजार 697 वोटों के अंतर से जीती है, जबकि भाजपा की जीत का अंतर 60 हजार 203 वोटों का रहा है। लोकसभा चुनाव में वोटों के अंतर को कवर करना कठिन नहीं है। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी नतीजे लगभग इसी तरह के थे, लेकिन भाजपा ने ढाई लाख वोटों के अंतर से लोकसभा चुनाव जीत लिया था। इसकी वजह राष्ट्रीय स्तर भाजपा के पक्ष में बना माहौल रहा है। यह माहौल इस चुनाव में भी देखने को मिल रहा है।

**दो जिलों तक फैला है बालाघाट लोकसभा क्षेत्र**

महाकौशल की बालाघाट लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र दो जिलों तक फैला है। इसके तहत बालाघाट जिले की 6 एवं सिवनी जिले की 2 विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें बालाघाट जिले की बैहर, लांजी, परसवाड़ा, बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी और सिवनी जिले की दो विधानसभा सीटें बरघाट, सिवनी शामिल हैं। जहां तक बालाघाट सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 और 1996 में यहां से कांग्रेस के विश्वेश्वर भगत जीते थे। इसके बाद से लगातार भाजपा का कब्जा है। दो बार गौरीशंकर बिसेन और एक बार प्रहलाद पटेल बालाघाट से सांसद रहे हैं। केडी देशमुख, बोध सिंह भगत और ढाल सिंह बिसेन भी एक-एक बार चुनाव जीते हैं। आमतौर पर बालाघाट में हार-जीत का अंतर एक लाख से कम रहा है, लेकिन 2019 में पहली बार भाजपा ने लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। यह रिकार्ड टूटता है या नहीं, नतीजे बताएंगे।

**क्षेत्र में पंवार, लोधी और मरार समाज का दबदबा**

बालाघाट क्षेत्र में पंवार, लोधी और मरार समाज का बोलबाला है। लगभग हर चुनाव में जातीय समीकरण मुख्य भूमिका निभाते हैं। भाजपा की भारती पारधी पंवार समाज से हैं। उन्हें इसका लाभ मिलेगा। दूसरे नंबर पर लोधी समाज है। पंवार और लोधी समाज में अदावत रहती है। कांग्रेस के सम्राट सरसवार कलार समाज के हैं, लेकिन इन्हें लोधी समाज का समर्थन मिल सकता है। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे इसी समाज से हैं। बसपा से चुनाव लड़ रहे कंकर मुंजारे का भी समाज में असर है। तीसरे नंबर पर है मरार समाज। इस समाज से कांग्रेस की हिना कांवरे आती हैं। समाज को कांग्रेस के पक्ष में वे कितना कर पाती हैं यह देखने लायक होगा। कलार समाज की तादाद चौथे नंबर पर है।

---

**जो हो न सका...**

## पिछले 15 साल से भोपाल में थोक बाजार बनने का इंतजार, सामान के लिए भटकते हैं खरीदार

राजधानी में थोक व्यापार करने वाले सभी संस्थान एक जगह लाने के लिए पिछले 15 साल से प्रयास चल रहे हैं, लेकिन कई वादे के बाद भी थोक बाजार नहीं बन पाया। इस बाजार के न बनने से सबसे बड़ी परेशानी यह है कि तंग सड़कों और गलियों में भारी वाहन आ तो जाते हैं, लेकिन ट्रैफिक में फंसे रहते हैं। साथ ही थोक व्यापार करने वाले संस्थान शहर में बिखरे हुए हैं, जिससे लोगों को खरीदारी करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों प्रमुख दलों के उम्मीदवारों ने व्यापारियों को आश्वासन भी दिया था कि जीतने के बाद सबसे पहला काम यही होगा कि भोपाल में थोक बाजार बन जाए। इसके लिए करोंद की अनाज मंडी में स्थान भी आरक्षित कर दिया गया था, लेकिन हर बार की तरह यह वादा भी हवा हवाई हो गया।

**व्यापारियों को सुविधा नहीं मिली**

पुराने शहर में शहर का सबसे बड़ा थोक बाजार है। यहां करीब 500 व्यापारी हैं। हर रोज कई टन सामान बड़े वाहनों से आता है। जगह की कमी से स्थिति खराब होती है। इस मामले में व्यापारियों ने बताया कि वह करोंद मंडी में जाने को तैयार हैं। इसके लिए मंडी में जगह भी है। मामला अब तक चर्चा के बीच अटका है। कई बार मंडी सचिव से इस संबंध में बात भी की गई, लेकिन नतीजा नहीं निकला और फिर वही जो हो न सका।

**चाय पे चर्चा**

▶▶ भेल नगर सब्जी मंडी स्थित एक चाय दुकान पर आम लोगों ने की लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा

## एक ही दल का प्रत्याशी जीतता रहेगा, तो विकास पर पड़ेगा प्रभाव, बदलाव जरूरी

पिछले पैंतीस साल से भाजपा के कब्जे की लोकसभा सीट जीतना आसान तो नहीं है, लेकिन इन सालों में कांग्रेस ने लगातार संघर्ष किया है। इस बार कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। उम्मीद है कि लोकसभा क्षेत्र का मतदाता बदलाव करेगा। नहीं वर्तमान में मोदी लहर चल रही है, ऐसे में कुछ नहीं होने वाला, भाजपा के आलोक शर्मा को रिकार्ड जीत मिलेगी।

यह बातचीत है भेल नगर सब्जी मंडी स्थित एक चाय दुकान पर चाय की चुस्कियां लेने वाले आम मतदाता की।



यहां चाय पी रहे जितेंद्र सोनी ने भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को सही बताया, वहीं देशराज लोधी ने कहा कि भाजपा का उम्मीदवार इस बार भी रिकार्ड मतों से जीतेगा। पास ही खड़े राजेश सिंह और बोध सिंह ने कहा कि लंबे समय से भोपाल सीट से भाजपा के उम्मीदवार को जीत मिली है, ऐसे में बदलाव होना चाहिए। अगर एक ही पार्टी के उम्मीदवार को लगातार जीत मिलेगी, तो इसका सीधा असर शहर के विकास पर पड़ेगा। इस बार मतदाताओं को चाहिए कि वह कांग्रेस के उम्मीदवार को वोट देकर जीत दर्ज कराएं।

**फर्स्ट टाइम वोटर**

लोकसभा चुनाव में भारत में करीब 5 करोड़ युवा अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं। ऐसे में वोटिंग को लेकर युवा वर्ग में उत्साह दिख रहा है। चुनाव आयोग भी युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम चल रहा है। वहीं हरिभूमि समाचार-पत्र की ओर से फर्स्ट टाइम वोटर अभियान के तहत लगातार युवाओं से चर्चा कर मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान युवा किन मुद्दों पर वोट करेंगे। इसको लेकर बातचीत की गई।

### मतदान के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से करूंगी जागरूक...

मैं मतदान कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए उत्साहित हूं। लोकसभा चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यह कहना है युवा वोटर सुप्रिया माथनकर का। उन्होंने कहा कि वह स्टार्टअप व रोजगार के मुद्दों पर वोट करेंगी। इसके अलावा लोक प्रत्याशी की छवि और वह जिले के विकास करा सकेगा या नहीं इस बातों का ध्यान में रखते हुए वोट करेंगी। अधिक से अधिक मतदान हो सके, इसके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगी।



### स्वयं प्रत्येक वोटर को मतदान करने के लिए जागरूक करूंगी..

लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने के लिए भोपाल के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पहली बार मतदान करने जा रही दीक्षा बाथम का कहना है कि वह शिक्षा और रोजगार के लिए क्षेत्र में काम करने वाले उम्मीदवार को वोट करेंगी, क्योंकि इस समय रोजगार को लेकर युवाओं के सामने बड़ी चुनौती है। जो पार्टी युवाओं को सरकारी नौकरी देने की घोषणा करेंगी, उस पार्टी को वोट करेगी। हालांकि क्षेत्रीय उम्मीदवार की छवि को भी देखकर वोट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह अपने साथ प्रत्येक मतदाता से मतदान करने को लेकर जागरूक करेगी।



## चेन्नई से आए 43 हजार वोटर कार्ड, 26 हजार कार्ड अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव से पहले जिले में मार्च तक 43 हजार 660 वोटर कार्ड जिला निर्वाचन शाखा को मिल गए हैं, जिनको पोस्ट ऑफिस भेजा जा रहा है। जबकि नये मतदाता जिनके नाम लिस्ट में जोड़े गए हैं, उनके करीब 26 हजार 582 वोटर कार्ड अब भी अटके हुए हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शेष वोटर कार्ड बुलवाने की हिदायत अफसरों को दी है।

***इंटरनेट मीडिया पर रखें निगरानी***

*कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इंटरनेट, मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत दी है, जिससे कोई भी व्यक्ति सांप्रदायिक पोस्ट या रि-पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का काम न कर सके। चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री की रोकथाम के लिए सीमाओं के नाकों पर वाहनों की जांच की जा रही है।*

### मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या संचार माध्यमों से चुनावी मामले दिखाना बैन

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए मीडिया कवरेज को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जाएगा।

**मतदान जागरुकता के लिए गीत और जिंगल किया लांच**

## लोकसभा चुनावः प्यारे भाई-बहनों सुनो पैगाम, सारे काम छोड़कर करो मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन ने काम शुरु कर दिया है। जिसके तहत आम लोगों को मतदान के लिए जागरुक करने मतदान गीत और जिंगल लांच किया गया है। गीत को लुक लुभावन बनाया गया है, जिससे लोगों को सुनने में भी अच्छा लग रहा है। जिसके बाले है- प्यारे भाई-बहनों सुनों पैगाम, सारे काम छोड़कर करो मतदान। इसके साथ जिंगल भी लांच किया गया है। इस गीत को पार्श्व गायिका आकृति मेहरा ने गाया है, जबकि संकल्पना सहायक नोडल रीतेश शर्मा ने की है।

वहीं कॉल करो जवाब दो के तहत दिए गए नंबरों पर कॉल करना है और आसान से तीन सवालों के जवाब देना है जो मतदाता जागरूकता पर आधारित है और सही जवाब देने पर मतदाता को मिलेगा मूवी के दो टिकट साथ में कई सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए हैं। जिसमें गिफ्ट हेंपर पर डिस्काउंट कूपन रखे गए हैं। फ्री मूवी टिकिट की योजना 6 मई तक चलेगी।



**व्यापारी संघ ने रखा लकी मेगा ड्रा**

न्यू मार्केट व्यापारी संघ ने मेघा लकी ड्रा का प्रारंभ किया है। जिसमें न्यू मार्केट पर लकी ड्रा के ड्रॉप बॉक्स रखे गए हैं। जहां लोगों से लकी ड्रॉ भरवाए जा रहे हैं। इस मेगा लकी ड्रॉ को 7 मई के बाद घोषित किया जाएगा। इसके लिए मतदाता को अपना लकी ड्रा कूपन भर के ड्रॉप बॉक्स में डालना होगा। साथ ही आवश्यक रूप से मतदान करने जाना होगा। यदि वे विजेता होते हैं तो उन्हें अमिट स्याही दिखानी होगी, उन्हें आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा।

**मतदान केंद्रों पर रखे जाएंगे छह हजार मटके मिलेगा ठंडा पानी**

भीषण गर्मी में सात मई को होने वाले मतदान को लेकर आपको गर्मी से परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दरअसल जिला निर्वाचन कार्यालय ने जिले के 2363 मतदान केंद्रों पर ठंडे पानी के मटके रखवाने का निर्णय लिया है। एक मतदान केंद्र पर चार से छह मटके रखे जाएंगे, जिससे मतदाताओं को ठंडा पानी मिले।

**मुख्यमंत्री ने थाटीपुर में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को किया संबोधित**

## नारी शक्ति हमारे घर और देश का मान-सम्मानः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नारी शक्ति हमारे घर और हमारे देश का मान-सम्मान है। हम कोई भी तीज-त्यौहार माताओं-बहनों के बिना नहीं मनाते हैं। भाजपा अपने कार्यक्रमों की शुरुआत बेटियों की पूजा के साथ करती है। हम उस देश में रहते हैं, जहां भारत माता को पूजा जाता है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के थाटीपुर में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इससे पहले यहां पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जोरदार स्वागत, सत्कार किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम तो उस देव संस्कृति के लोग हैं, जो केवल अपने माता-पिता को देख ले तों सीधे-सीधे देवी-देवताओं से जुड़ जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजमाता सिंधिया का स्मरण करते हुए कहा कि वे हमारे लिए मां स्वरूपा थीं। जनसंघ के जमाने से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक उन्होंने भाजपा को थामा। वे उस जमाने में भी जनसंघ के लिए मोर्चा संभाले रहीं, जब देश में कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी। हर तरफ घोर अंधेरा था, लेकिन उनकी जीवटता को हमेशा याद किया जाएगा।




**▶▶ महिलाओं के लिए कुछ नहीं कर सकी कांग्रेस**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में कांग्रेस ने 70 साल तक शासन किया। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को 2018 में मौका मिला, लेकिन वे महिलाओं के लिए तो कुछ नहीं कर सके, बल्कि इंदौर से हीरो-हीरोइन को लाकर आईफा अवॉर्ड करवाने की तैयारी में थे, लेकिन उनकी यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। कांग्रेसियों के दिलों में महिलाओं के लिए वह मान-सम्मान कभी नहीं रहा। वे तो महिलाओं को भोग-विलास की वस्तु समझते हैं।

**भाजपा सरकार ने बहनों को हमेशा प्राथमिकता दीः विस अध्यक्ष तोमर**

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकारों ने हमेशा से बहनों को प्राथमिकता दी है। भाजपा की सरकारों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना शुरू की है।

**सीएम का आज मैहर, बालाघाट दौरा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 9 अप्रैल को मैहर, बालाघाट प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन मैहर में मां शारदा माता मंदिर पहुंचकर दर्शन, पूजन करेंगे। सुबह 10.30 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे बालाघाट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**पीसीसी चीफ के आरोपों का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने दिया जवाब**

## सपा प्रत्याशी का फार्म निरस्त होना कांग्रेस और सपा के आपसी अंतर्द्वंद्व का नतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आरोपों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि इंडी गठबंधन ठगबंधन है।



रामद्रोहियों को जनता बिल्कुल अवसर नहीं देगी। सपा प्रत्याशी का फार्म निरस्त होना कांग्रेस और सपा के आपसी अंतर्द्वंद्व का नतीजा है। मुझे नहीं कहना चाहिए क्या जुतमपेजार हुई थी विधानसभा चुनाव में। उस दौरान अखिलेश यादव ने क्या कहा था कमलनाथ को और कमलनाथ ने क्या कहा था। दोनों के आंतरिक झगड़े में सपा के प्रत्याशी ने क्या किया, हमारा इससे क्या लेना-देना। इंडी गठबंधन जो ठगबंधन है, जो घमंडियां गठबंधन है,। यह देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े होते हैं। वीडी ने कहा कि जिन्होंने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। उनको बुंदेलखंड की धरती पर न अवसर मिला है न मिलेगा। वे स्वतः ही मैदान छोड़ कर भाग गए। जनता के आशीर्वाद से कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा को सफलता मिलेगी।

**भाजपा में आने वालों की कुल सदस्यता 4 लाख, 50 हजार होगी**

विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को पन्ना के भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता में कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर 64523 बूथों में से संगठन एप में रियल टाइम अपलोड किए गए 47,179 ऑन रिकॉर्ड बूथों पर 2,82,242 नए लोगों ने भाजपा की सदस्य ग्रहण की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी 64523 बूथों का आकड़ा आने पर संभवतः कुल सदस्यता 4 लाख, 50 हजार होगी।



चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जगमग हुआ काली मंदिर। ड्रोन फोटो-मनिंदर सिंह



# मैहर में चैत्र नवरात्रि मेला आज से, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन करेंगे माता के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

9 दिन तक चलने जा चलने वाला मैहर में नवरात्रि मेला मंगलवार से शुरू हो जाएगा। यहां पर लोगों की संख्या में श्रद्धालु मां शारदा देवी के दर्शन करने पहुंचेंगे। इस बीच मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मंगलवार को मां शारदा देवी के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री प्रातः जबलपुर से हेलीकॉप्टर के जरिए 10:30 बजे मैहर पहुंचेंगे और मां शारदा के दर्शन करेंगे। वे यहां पर कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री बालाघाट के लिए रवाना हो जाएंगे। आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

**खास बात**

- मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने किए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम



### एक हजार पुलिसकर्मी तैनात

सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से लगभग 1000 सुरक्षा करनी तैनात किए गए हैं। 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनसे पूरे मेला की निगरानी की जाएगी। वहीं गुमशुदा तलाश के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। दर्शनार्थी मंदिर प्रांगण, पुलिस चौकी, रोपवे परिसर और कंट्रोल रूम में जाकर अपने बिछड़े परिजनों की उद्घोषणा करा सकेंगे। बताया जाता है कि खुफिया विभाग के अधिकारी भी मैहर पर कड़ी नजर रखेंगे।

### 15 जोड़ी ट्रेनों का स्टॉपेज


मैहर में आने वाले दर्शनार्थियों के लिये मैहर स्टेशन से गुजरने वाली 15 जोड़ी ट्रेनों का अस्थायी स्टापेज दिया गया है। स्टेशन में भी सुरक्षा के भुगतान इंतजाम किए गएहैं। आने जाने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### भक्तों की आस्था का केंद्र है मां शारदा का मंदिर

मां शारदा का स्थान इन दिनों आसपास तथा अन्य राज्यों के भक्तों के लिये प्रमुख आस्था का केन्द्र रहता है। वैसे तो यहां वर्ष भर भक्तों का तांता लगा रहता है। लेकिन साल की दोनों नवरात्रियों में विशेष रूप से यहां भक्तों का सैलाब उमड़ता है। मैहर मेला में भक्तों की आने वाली भीड़ के मद्देनजर मैहर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। मैहर मेला में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

---

**रमजान मुबारक**



इफ्तार-6:44 मंगलवार (शाम)

सहरी-4:24 बुधवार (सुबह)

## खबर संक्षेप

### आईएमडी महानिदेशक डॉ. महापात्रा आज उज्जैन में



**भोपाल।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा सोमवार देर शाम को मध्य प्रदेश पहुंचे। वे मंगलवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन करेंगे। सोमवार को वे नई दिल्ली से विमान द्वारा इंदौर के लिए रवाना हुए। डॉ. महापात्रा ने बताया कि वे इंदौर में एक विवि के दीक्षांत समारोह में विशेष आमंत्रण पर पहुंचे हैं। मंगलवार को वे उज्जैन में होंगे। इसके बाद वे नई दिल्ली रवाना होंगे।

### खाद्य अमले को फ्रीज में मिले फफूंद लगे आलू

**भोपाल।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने सोमवार को पुराने शहर में चांदबड़ स्थित होटल अजीजा एंड रेस्टोरेंट और दिलबहार भोजनालय में छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान होटल और भोजनालय में गंदगी के बीच ही खाना बनाया जा रहा था। यही नहीं,गुप्ता भोजनालय के फ्रीज में रखे आलू में फफूंद लग चुकी थी। यह पूरी तरह सड़ गए थे। मौके पर ही टीम ने संचालक को फटकार लगाई और पंचनामा बनाया। खास बात यह है कि 6 में से 6 के पास लाइसेंस ही नहीं था।

---

### शहर की कई सड़कें भी की जा सकती हैं लोकार्पित

# कोलार सिक्सलेन, जीजी फ्लाइओवर का 20 जून को हो सकता है लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

कोलार सिक्स लेन व जीजी फ्लाई ओवर सहित आधा दर्जन सड़कों का लोकार्पण 20 जून के आसपास किया जाएगा। यह तारीख इसलिए तय की गई है, क्योंकि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के साथ ही परिणाम भी आ चुके होंगे। इन सड़कों में सबसे प्रमुख कोलार सिक्सलेन व जीजी फ्लाई ओवर के साथ ही पिपलानी से 11 मील बायपास तक बन रही फोरलेन शामिल है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार तारीख का अंतिम निर्णय आचार संहिता खत्म होने के बाद मंत्री व विधायकों से चर्चा होने के बाद होना है, लेकिन अभी संभावित तारीख तय कर दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार कोलार सिक्सलेन की दोनों तरफ की सड़क बनाने का काम तेजी से चल रहा है। जबकि शाहपुरा से दानिश चौराहे होते हुए बसंत कुंज तक बन रही सड़क भी एक दिन में तीन किलोमीटर बन रही है। काम की गति इतनी तेज है कि मई में सभी सड़कें बन जाएंगीं और उनके शेष बचे काम जून माह तक पूरे हो जाएंगे। इन कामों में डिवाइडर व फुटपाथ शामिल हैं।

*राजधानी की जिन सड़कों का होना है लोकार्पण,उनमें शाहपुरा से दानिश चौराहा होते हुए बसंत कुंज व पिपलानी में 11 मील बायपास तक बनी फोरलेन सड़क भी*

*सभी सड़कों का तेज गति से चल रहा काम, सभी के कार्य मई तक पूरे होने की संभावना*



### जून तक तैयार हो जाएगा दूसरा आर्म भी

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार जीजी फ्लाईओवर का भी लोकार्पण जून माह में किया जाना है। उस समय तक गायत्री मंदिर की तरफ वाला आर्म तैयार हो जाएगा। साथ ही इस समय फुटपाथ सहित अन्य काम चल रहे हैं, जो अगले माह तक पूरे हो जाएंगे।

### पिपलानी से 11 मील बायपास

एक और महत्वपूर्ण सड़क पिपलानी से 11 मील बायपास तक बन रही है। इस मार्ग के बीच में आ रहे अतिक्रमण पहले ही हट चुके हैं। सड़क चौड़ीकरण और डामरीकरण का काम चल रहा है। यह रोड भी पीडब्ल्यूडी बना रहा है। यहां के अधिकारी भी जून में लोकार्पण की बात कर रहे हैं।

## अब पूरी गर्मी आईएसबीटी से आरआरएल तक अलकापुरी होकर ही जाना होगा!

### ट्रैफिक डायवर्सन एक-एक माह और बढ़ाएगी मेट्रो कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

हबीबगंज रेलवे क्रासिंग डीआरएम आफिस के पास रोड के ऊपर दो स्टील ब्रिज तैयार होना है। इनके लिए बायडक्ट तैयार होने के बाद गर्डर रखने का काम चल रहा है।

सुरक्षा को लेकर मेट्रो कंपनी ने पहले एक मार्च से 28 मार्च तक आईएसबीटी से आरआरएल तिराहे तक आने जाने का रास्ता बंद कर ट्रैफिक डायवर्सन लिया था। इसे बढ़ाकर 28 अप्रैल किया गया और अब एक-एक माह के लिए 28 जून तक इसे आगे और बढ़ाया जाएगा। क्योंकि काम की गति तो ठीक है, लेकिन गर्डर लांच करने और उसके लिए तकनीकि तैयारी करने में समय लग रहा है।



### ट्रैफिक डायवर्ट होने से बढ़ गया ट्रैफिक भार

आईएसबीटी से आरआरएल तिराहे तक आने जाने का रास्ता बंद होने से ट्रैफिक का भार सावरकर सेतु से बोर्ड ऑफिस व सात नंबर की तरफ जाने वाली सड़कों पर बढ़ गया है। वहीं सावरकर सेतु के नीचे अंडर ब्रिज से 11 नंबर की तरफ आने जाने वाली सड़क पर भी ट्रैफिक भार बढ़ गया है। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी होशंगाबाद रोड से रायसेन रोड की तरफ आने जाने वाले लोगों को हो रही है।

---

### दो किमी तक कई घंटे तक भिनभिनाती रही मधुमक्खियां

## एकांत पार्क में मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों पर मधुमक्खियों का हमला, कई को काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी के लिंक रोड नंबर-3 स्थित एकांत पार्क में सोमवार को मॉनिंग वॉक करने गए लोगों पर अचानक से मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इससे कई लोग घायल हो गए और अपने-अपने इंतजाम से इलाज कराने हॉस्पिटल पहुंचे।

राजधानी के पॉश इलाके चार इमली के पास एकांत पार्क सुबह के समय जब लोग मॉर्निंग वॉक करने पहुंचे, इसी दौरान लोगों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिसके चलते अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई लोग चपेट में आ गए। मधुमक्खी के हमले के दौरान लोगों में भगदड़ मच गईं। वे मधुमक्खियों से बचने के लिए इधर-उधर दौड़ लगाने लगे।

### 2 किमी तक पीछा कर काटा

हद तो तब हो गई जब उन मधुमक्खियों ने करीब दो किमी तक पीछा कर लोगों को काटने के लिए दौड़ती रहीं। सूचना पर वन विभाग की टीम कुछ समय बाद पहुंची । तब तक मक्खियां शांत हो गई थी। डीएफओ आलोक पाठक ने बताया कि मधुमक्खी उड़ने की जानकारी मिलने के बाद एक टीम को वहां भेजा गया। अचानक मधुमक्खी कैसे उड़ी? यह पता नहीं चल सका है। जल्द ही पार्क में जितने भी छत्ते हैं, उन्हें हटवाया जाएगा।

**दो से तीन किमी में भिन-भिन्नाती रही मक्खियां**

तो वहीं कई घंटों तक मधुमक्खियां दो से तीन किमी तक भिन-भिन्नाती रही। इसके चलते लोगों में दहशत देखने को मिली।

## करोंद स्थित कोरल लाइफ कॉलोनी के एसटीपी प्लांट के लिए खोदे गड्ढे में गिरकर बच्चा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

करोंद स्थित कोरल लाइफ कॉलोनी के एसटीपी के लिए खोदे गड्ढे में गिरकर एक बच्चा घायल हो गया। इस गड्ढे को लेकर रहवासियों ने नगर निगम व कलेक्ट्रारेट में गड्ढा भरवाने को लेकर पत्र दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी सुनवाई नहीं हुई। इस कॉलोनी में 3 साल से गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है।

रहवासियों के अनुसार कॉलोनी में 15 फीट चौड़ाई के 9 फीट गहरे गड्ढे हैं। बच्चा कॉलोनी में साइकिल चलाते समय उस 9 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। वह करीब 15 मिनट तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा और उसी हालत में खून बहता रहा।

**नगर निगम व कलेक्ट्रारेट में गड्ढा भरवाने को लेकर पत्र दिया गया, उसके बाद भी सुनवाई नहीं**

सिर में चोट लगने से आए 14 टांके और हाथ में हुआ फ्रैक्चर



### मुंह में चोट लगने से आए 16 टांके

उसके साथी उसको ढूंढते हुए वहां पहुंचे और उसकी सूचना लोगों को दी। इस पर उसे तत्काल अस्पताल में एडमिट करवाया गया। उसके मुंह पर 14 टांके सिर में चोट लगने से आए और हाथ में फैक्चर हुआ।

---

### 18 साल से ऊपर के लोगों को लग रहा है टीका

## दर्जनभर लोगों ने 15 दिन पहले लगवाया था बीसीजी का टीका, हाथों में अब तक फफोले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

टीबी के नए मामले रोकने और मृत्युदर को कम करने स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीसीजी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। टीका लगवाने वालों को कोविन की तर्ज पर टीबी विन पोर्टल से टीकाकरण प्रमाण पत्र जारी होंगे।

राहुल नगर के पास पंपापुर आंगनवाड़ी केंद्र में टीका लगवाने के बाद करीब एक दर्जन बुजुर्गों ने हाथ में फफोलों और तेज दर्द की शिकायत की है। पीड़ितों का कहना है कि टीका लगवाए उन्हें करीब 15 दिन से ज्यादा हो गए, लेकिन अब तक फफोले ठीक नहीं हुए। राहुल नगर के कुम्हार गली निवासी नेमीचंद ने बताया कि टीका लगने के बाद उनके हाथ में गहरा घाव बन गया है। डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने ड्रेसिंग कर दी, लेकिन इससे भी आराम नहीं मिला। वहीं 62 साल की गुलाब बाई का कहना है कि वे लोग कुम्हार हैं। जब से टीका लगवाया है तब से कोई काम नहीं कर पा रहे।

### घबराने वाली कोई बात नहीं

इसमें घबराने वाली कोई बात नहीं है। बीसीजी का टीका लगने के बाद फफोला होना आम है। बच्चों को भी होता है, जो एक-दो दिन में ठीक हो जाता है। हम मामले को दिखवा लेंगे।

डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ, भोपाल


### बिल्डरों के झांसे से बचने पंजीयन विभाग ने रेरा की वेबसाइट को किया लिंक

# अब रजिस्ट्री के पहले आ जाएगा कॉलोनी की परमिशन का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतना

अब कोई भी व्यक्ति फ्लैट, डुप्लेक्स और प्लॉट की रजिस्ट्री कराने से पहले उस प्रोजेक्ट या बिल्डिंग से जुड़ी अहम जानकारी हासिल कर सकेगा। इसके लिए पंजीयन विभाग ने रेरा की साइट को लिंक कर दिया है। ऐसे में कोई भी प्रापर्टी खरीदने के पहले यह पता लगाया जा सकता है कि इस प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति क्या है। इसके लिए क्या-क्या अनुमति ली गरइं हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि लोग बिल्डरों के झांसे में नहीं फंसेंगे।

*संपदा के नए सॉफ्टवेयर में खुली रेरा की विंडो*



### ऐसे मिलेगी खरीदारों को जानकारी

रजिस्ट्री में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए अब तक सिर्फ भू संपदा की लिंक के माध्यम से ये पता लगा सकते थे कि जमीन का मालिक कौन है। अब ये सुविधा जनता के लिए खोल दी है। इसके लिए पंजीयन विभाग की वेबसाइट एमपीआईजीआर पर जाकर ये जानकारी देखकर फ्लेट, प्लॉट, डुप्लेक्स में फर्जीवाड़े से बचा जा सकता है। ये सुविधा प्रदेश भर के सभी जिलो के लिए ओपन की गई है।

फर्जीवाड़ा रोकने विभाग ने अपनी साइट पर दो नई विंडो खोली हैं। एक में बिल्डर का रेरा में रजिस्ट्रेशन, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग का एप्रूवल, बिल्डिंग परमिशन, जमीन का मालिक, डेवलपमेंट टीम, खसरे की जानकारी, प्लॉट का ले-आउट ऐरिया, प्रोजेक्ट का स्टेटस और उसे बनाने वाले इंजीनियर का सर्टिफिकेट है या नहीं। इसकी जानकारी दी गई है।

दूसरी विंडो में कृषि भूमि के नामांतरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है कि जमीन किसके नाम पर है।

## सोमवार को 300 रजिस्ट्री, अब तीन दिन बंद रहेंगे दफ्तर

नये वित्तीय वर्ष में खरीदार जमकर प्रापर्टी की खरीदारी कर रहे हैं। इसके लिए सोमवार को करीब 300 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं। अब तीन दिन पंजीयन कार्यालय बंद रहेंगे और शुक्रवार को खुलेंगे। ऐसे में तीन दिन बाद ही रजिस्ट्रियां कराई जा सकेंगी। बता दें कि नये वित्तीय वर्ष में कलेक्टर गाइडलाइन की दरें लागू कर दी गई हैं। जिससे जिले के 1443 स्थानों पर पांच से 95 प्रतिशत तक प्रापर्टी की दरों में वृद्धि हुई है।

### दो दिन हुआ काम

अप्रल माह में अब तक सिर्फ दो ही दिन गुरुवार और शुक्रवार को ही रजिस्ट्रियां कराने का काम किया जा सका था। दरअसल नई गाइडलाइन लागू करने के लिए चुनाव आयोग से पंजीयन विभाग ने अनुमति ली थी।

## पेज 1 का शेष

### चारों ही मुख्य द्वार...

आने बाले साधकों के लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा तकरीबन एक सैकड़ा कमरे खोल दिए गए। मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिर प्रांगण में बैरिकेड लगाए गए हैं जिसमें कतारबद्ध होकर श्रद्धालु देवी बगलामुखी के दर्शन कर सकेंगे। दतिया पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने पीतांबरा मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से तकरीबन 170 जवानों की तैनाती की है। पीतांबरा मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक बीपी पाराशर ने हरिभूमि क बताया नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिर में तकरीबन 30 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। हर बार की तरह इस बार भी विदेशी श्रद्धालुओं ने अपने नाम की ज्योत जलवाई है।

### धाम में नौ दिन...

है। हालांकि इस बार देवीलोक का कार्य चलने के कारण यहां पर स्थान नहीं है, इसलिए कुछ अव्यवस्थाओं के बीच में यहां पर भक्तों को मां बिजासन के दरबार में पहुंचना पड़ेगा। नवरात्रि को लेकर मंदिर की भी साज-सज्जा की गई है। इस दौरान चारों तरफ लाइटिंग की गई है तो वहीं मां का भी विशेष श्रंगार किया गया है। भक्तों के लिए भी यहां पर विशेष व्यवस्थाएं बनाई गईं हैं, ताकि उन्हें दर्शन के लिए परेशान नहीं होना पड़े। मंदिर समिति के सचिव आरके दुबे ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर सुबह 5.30 बजे से लेकर रात 10 बजे तक खुला रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु भक्त दर्शन कर सकेंगे। धाम नौ दिन में करीब दस लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे।

### 54 वर्षों से जल रही...

से भी माता भक्त लाखों की संख्या में पहुंचते हैं जो अपनी मनोकामना की पूर्ति हेतु विशेष हवन-अनुष्ठान यहां पर करते हैं। यह मंदिर चारों ओर से श्मशान से घिरा है। मंदिर के पीछे लक्ष्मणा नदी बहती है जो तांत्रिक क्रियाओं के लिए आदर्श स्थान माना जाता है। माता के दर पर देश के कई राज्यों के राजनेताओं के साथ फिल्म अभिनेताओं, टीवी कलाकारों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हाजिरी लगाई जाती है। हाल ही में संपन्न होने जा रहे हैं लोकसभा चुनाव में भाजपा तथा कांग्रेस की ओर से सांसद पद के लिए उम्मीदवार बनाए गए प्रत्याशी भी मां के दर पर आकर अपनी जीत के लिए मां के समक्ष कामना कर रहे हैं तथा इसके लिए विशेष हवन अनुष्ठान भी उनके द्वारा संपन्न करवाए जा रहे हैं।

### 30 साल बाद बन रहा...

रामनवमी पुष्य नक्षत्र रहेगा। 30 वर्षों बाद बहुत ही शुभ योग बनने जा रहा है। यह सभी योग पूजा और खरीदारी के लिए शुभ माने जाते हैं। तो वहीं चैतीचांद, गुड़ी पड़वा के साथ नव संवत्सर वर्ष का भी शुभारंभ होगा। चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा इस बार घोड़े पर सवार होकर आएंगी। मां दुर्गा का वाहन इस बात पर निर्भर करता है कि नवरात्रि का पर्व किस दिन से आरंभ हो रहा है। पंचांग के अनुसार इस साल नवरात्रि का आरंभ मंगलवार से हो रहा है। इसलिए मां दुर्गा का वाहन अश्व यानी कि घोड़ा होगा।

### अगर 'ढांचा वालों'...

बदला। जब फॉर्म भरने का मौका आया तो आप सबको मालूम है। वही स्थिति फिर दोहरा रहे हैं। मंडला के अंदर उनके प्रत्याशी का फोटो नहीं लगा रहे हैं। बल्कि भाजपा के प्रत्याशी का फोटो लगा रहे हैं।

### गरीब महिलाओं...

इतिहास है, आपकी भाषा है आपके जीने का तरीका है उसको ये लोग मिटाने की कोशिश करते हैं। हिंदुस्तान की 200 बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालो। आपको वहां एक आदिवासी नाम नहीं मिलेगा। चुनाव का समय है हमने अभी मेनिफेस्टो बनाया है। इसके तहत हर एक गरीब परिवार को उसमें से हम एक महिला को चुनेंगे और उस महिला के बैंक अकांउट में साल के एक लाख रू. हम डालेंगे। हिंदुस्तान के हर युवा को साल का एक लाख और एक साल का अप्रेंटिसशिप का अधिकार हम देने जा रहे हैं। इस अवसर पर मंडला और शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी ओमकार मरकाम और फुंडेलाल मार्को, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार , पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह, पूर्व मंत्री एनपी प्रजापति, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, अभा कांग्रेस के सचिव संजय कपूर सहित वरिष्ठ नेतागण, स्थानीय नेतागण, कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**राहुल के मंच पर लगे पोस्टर में भाजपा उम्मीदवार का चेहरा!:** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की लापरवाही लगातार सामने आ रही है। मंडला राहुल गांधी के मंच पर लगे पोस्टर में भाजपा उम्मीदवार फग्गन सिंह कुलस्ते का फोटो चिपक गया। इस गलती का पता भी ऐनवक्त पर लगा। आनन फानन में भाजपा उम्मीदवार के फोटो पर कांग्रेस नेता का फोटो चिपकाकर गलती को छिपाया गया।

### राहुल के हेलीकॉप्टर ...

शहडोल मेंही बिताएंगे। मंगलवार की सुबह 6 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे।

### आयोग के दफ्तर...

की और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। सांसदों ने सभी एजेंसियों के चीफ को बदलने की मांग की है। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार इन सभी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है। टीएमसी नेता साकेत गोखले ने सवाल करते हुए कहा कि क्या केंद्र ने एनआईए के नए महानिदेशक की नियुक्ति से पहले निर्वाचन आयोग की मंजूरी ली थी और इस नियुक्ति की जांच कराने की मांग की।

### ओले-बारिश से...

बारिश के बाद भोपाल में अधिकतम तापमान में करीब 7 डिग्री की गिरावट रही। दिन का पारा दोपहर 2.30 बजे 36 डिग्री के करीब था, जो शाम 6 बजे 29 डिग्री के नीचे पहुंच गया। सुबह से धूप-छांव के बाद शाम 4 बजे से मौसम बदला और तेज गड़गड़ाहट के साथ शहर में शाम 5.30 बजे तक 4.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। वहीं, पूर्वी मप्र के ज्यादातर जिलों में पारा औसतन 2.5 डिग्री तक गिरने से गर्मी का असर कम रहा। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी एक दर्जन जिलों में बारिश के साथ कहीं कहीं ओले गिरेंगे। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ के असर के साथ ही अरब सागर से नमी आ रही है, जिससे प्रदेश में ओले बारिश का दौर जारी है। 10 और 13 अप्रैल से दो नए डब्ल्यूडी सक्रिय हो रहे हैं, जिससे 11 से 15 अप्रैल तक कई जिलों में ओले के साथ तेज बारिश और आंधी का दौर चलेगा।

**यहां बारिश के साथ ओले गिरे:** तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले का दौर दोपहर बाद ज्यादा रहा। भोपाल संभाग के रायसेन, विदिशा आदि जिलों के साथ ही जबलपुर संभाग के छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, नर्मदापुरम और नरसिंहपुर में बारिश के साथ ओले गिरे। बैतूल के आंचलिक हिस्सों में भी ओले गिरने की सूचना है।

### आज यहां ओले ...

ओले गिरेंगे। शहडोल संभागों के कुछ जिलों के अलावा रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर आदि जिलों में भी बादल, गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। विशेषकर गुना से उज्जैन संभाग, इंदौर से भोपाल के बीच आंधी, बारिश, ओले का अनुमान है। शुक्ला के अनुसार मंगलवार को पश्चिमी विक्षोभ और आगे बढ़ेगा, जिससे बारिश की गतिविधियां दो दिन कमजोर रहेंगी। इसके बाद 11 तारीख से फिर तेजी पकड़ेगी।

## कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल

क्रमाँक/थाप्र./तलैया./डी - 06/24 दिनांक - 06.04.24

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना तलैया भोपाल के गुम इंसान क्रमाँक 06/24 में गुमशुदा नासिर खान पिता फजल खान उम्र 45 साल नि. फ्लेट न. 04 हसीना अजीम अपार्टमेंट हाथीखाना तलैया भोपाल हुलिया

चेहरा -गोल कद- 5 फिट 02 इंच के करीबन, रंग -गोरा , बदन -सामान्य ,पहनावा- सफेद शर्ट एवं नीली जींस पहने है तथा पैसे में जूते पहने है तथा अपने साथ मोबाइल रखे हुये जिसका नम्बर 9302097335 है। जो सामने से गंजे है। अन्य पहचान व किसी प्रकार का गुदना चिन्ह, तिल नहीं है। जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस गुमशुदा आमिर उम्र 30 साल के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो थाना तलैया में आकर संपर्क करें अथवा थाना तलैया मो.न. 9479990560-9479990553 को पर तत्काल संपर्क करें.

जी - 11014/24 — देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।


थाना प्रभारी
थाना तलैया भोपाल

## मप्र में दूसरे चरण में 88 प्रत्याशी मैदान में




**भोपाल।** मप्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मैदान में कुल 88 प्रत्याशी 7 लोकसभा क्षेत्रों में मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के दिन कुल 5 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। टीकमगढ़ में 1, दमोह में 2, सतना में 1 और बैतूल मे 1 अभ्यर्थी ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए। टीकमगढ़ में 7 , दमोह में 14, खजुराहो में 14 अभ्यर्थी, सतना में 19, रीवा में 14, होशंगाबाद में 12 तथा बैतूल में 8 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में बचे हैं।

## सोना पहली बार 71 हजार रुपए के पार निकला



**नई दिल्ली।** भारत में सोने-चांदी के दाम लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर पहली बार 71,000 रुपए के पार निकल गया है। चांदी में भी शानदार उछाल के बाद 81,000 रुपए से ऊपर के दाम देखे जा रहे हैं और इसमें 1000 रुपए से ज्यादा का उछाल है तो ये 82,000 रुपए के भी बेहद करीब आ चुकी है। चांदी में कभी भी 82,000 रुपए के लेवल भी पार हो सकते हैं।

## 10वीं, 12वीं रिजल्ट नहीं होगा डिविजन और टॉपर

**नई दिल्ली।** सीबीएसई 10वीं, 12वीं बोर्ड रिजल्ट के अगले महीने यानी मई में जारी किए जाने की संभावना है। पिछले साल सीबीएसई बोर्ड ने कई बड़े बदलावों का ऐलान किया था। इन बदलावों में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के प्रारूप के साथ साल में दो बार बोर्ड परीक्षा होनी और रिजल्ट की घोषणा शामिल है। सीबीएसई ने कहा था कि वह साल 2024 से कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले छात्रों का ओवरऑल डिविजन, डिस्टिंक्शन या एग्रीगेट मार्क्स नहीं बताएगा। ना ही 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों के नाम का खुलासा करेगा।

## सड़क से घाट तक श्रद्धालुओं की भीड़



**ओंकारेश्वर में करीब चार लाख लोगों ने किया नर्मदा स्नान**

**खंडवा।** सोमवार को सोमवती भूतड़ी अमावस्या के मौके पर ओंकारेश्वर में दो दिनों में करीब चार लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे। यहां नर्मदा-कावेरी संगमघाट पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंहस्थ के शाही स्नान में भी इतने लोग नहीं पहुंचे थे। ओंकारेश्वर पहुंचने का सिलसिला रविवार से ही शुरू हो चुका था। लोगों ने ओंकारेश्वर पहुचकर नर्मदा नदी के अनेक घाटों पर स्नान और पूजन किया। इसके बाद भगवान ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर ओंकार पर्वत की परिक्रमा भी लगाई। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सोमवार से ही नगर में सभी प्रकार के वाहनों के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। ओंकारेश्वर से 12 किलोमीटर दूर मोरटक्का में सभी वाहनों को रोक दिया गया।

**कोस्ट गार्ड में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने महिला अफसर की फिर से सर्विस की 'बहाल'

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड ने केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कोस्ट गार्ड में महिला अफसर को स्थायी कमीशन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट कोस्ट गार्ड अफसर प्रियंका त्यागी को फिर से सर्विस में बहाल किया है। प्रियंका त्यागी को कोस्ट गार्ड में जनरल ड्यूटी ऑफिसर के रूप में सेवा जारी रखने के लिए अंतरिम राहत दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से केस अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में लैंगिक समानता का गंभीर संवैधानिक सवाल उठा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड ने इस मुद्दे पर केंद्र से कहा कि हमें ध्वजवाहक बनना होगा और राष्ट्र के साथ मार्च करना होगा। पहले महिलाएं फाइटर पायलट नहीं बन सकती थीं। अगर महिलाएं ऑपरेशन थिएटर या सुप्रीम कोर्ट बार में जा सकती हैं तो वो गहरे समंदर में भी जा सकती हैं। 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को चेताया था कि या तो स्थायी कमीशन दीजिए वरना कोर्ट ये आदेश देगा।

इससे पहले अदालत में इस मामले पर 20 फरवरी को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने केंद्र सरकार के रवैए पर सवाल उठाए थे। याचिकाकर्ता प्रियंका त्यागी ने खुद को कोस्ट गार्ड के ऑल विमेन क्रू का सदस्य बताया है, जो तटरक्षक बेड़े पर विमानों की देखभाल के लिए तैनात किया गया था।

## ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, 3 की मौत



**सागर।** सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान के लिए जा रहे एक आटो रिक्शा को एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें तीन सवारियों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। सागर के बांदरी क्षेत्र के ग्राम ढावरी के निवासी 17 श्रद्धालु ऑटो से सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान करने के लिए बरमान जा रहे थे। सागर-नरसिंहपुर हाईवे पर स्थित देवरी के पास बीना तिगड्डे पर हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो पलट गया और बड़ा हादसा हो गया।

**सात आरोपी गिरफ्तार**

## कोटा में मप्र की महिला से हुआ सामूहिक दुष्कर्म



एजेंसी ▶▶ कोटा

राजस्थान के कोटा में मध्य प्रदेश की महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का जघन्य मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि रेलवे कॉलोनी इलाके में मध्य प्रदेश की 40 वर्षीय महिला के साथ 8 लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज करके अगले दिन सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

- वारदात के वक्त पति मध्य प्रदेश में अपने पैतृक गांव में था

पुलिस ने बताया कि एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला घर लौट रही थी तभी रात करीब 8.30 बजे तीन-चार लोग उसके पास आए। पुलिस ने कहा कि वे महिला को बिजली सबस्टेशन के पास एक सुनसान जगह पर ले गए जहां उन्होंने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने अपने तीन-चार दोस्तों को बुलाया, जिन्होंने भी उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि जिस रात महिला के साथ दुष्कर्म हुआ उस रात उसका पति मध्य प्रदेश में अपने पैतृक गांव में था। सर्किल इंस्पेक्टर पंकज यादव ने कहा कि आठ आरोपियों में से दो आरोपियों का आपराधिक इतिहास है।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | हिरले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है । आकर्षक वेतन दी जावेगी । तुरंत संपर्क करे । 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 85830 47417
B- 09,to, 15/04/24

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी मर्दाबी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नहीं तो पैसे वापिस। 08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कवियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिंग अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैबिलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते है।

**मिथुन:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला:** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहें।

**वृश्चिक:** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 5476

**बाएँ से दाए**
1.सरदार,अगुआ-4
5.जनमत,एक राय-4
9.पुराना जुकाम-3
10.चिंता,परवाह-3
12.पैंदा,तल्ला-2
14.ताल,सुर,आलाप-2
15.महोदय (अंग्रेजी-2)
16.लाडला,दुलारा-2
17.निवास करना-3
19.डोली उठाने वाले-3
21.नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22.तड़फाना-4
24.जल में रहनेवाला-4
25.दरियादिल,करुण-5
26.इराक की राजधानी-4
29.भेंट,पुरस्कार-4
33.पासों से भविष्य देखना-3
34.अश्ववाहक,घुड़सवार-3
36.चौकसी,रखवाली-3
37.हलक,कंठ-2
38.सदैव-2
39.लार -2
42.निश्चित-2
42.कालीन-3
43.बंदर,मर्कट-3
45.किसान-4
46.इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2.क्रिकेट में बनते हैं-2
3.नगमा,गीत (उर्दू-3)
4.जो लायक न हो-4
5.अधिकारी,अफसर-4
6.राशिचक्र की एक राशि -3
7.झगड़ा,बैर-2
8.आदत,व्यवहार-4
11.शमशीर-4
13.तरंग,हिलोर-3
16.तृष्णा,लोभ-3
18.अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20.जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21.नीर,पानी-2
23.देवर्षि-3
24.ईर्ष्या,डाह-3
26.वटवृक्ष-4
27.जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28.दलहन-2
30.मंत्र जाप-2
31.तसल्ली,आराम-3
32.भगवान विष्णु-4
34.धर्मशीलता-4
35.पैजामा-4
38.तमीज-3
40.साजन,प्रेमपात्र-3
42.पहरा,चौकसी-2
44.अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5475 का हल**


## सुडोकू नवताल - 5487

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

सुडोकू नवताल - 5486 का हल

**खबर संक्षेप**

## एनएसई ने किया 20 मई को छुट्टी का ऐलान



**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 20 मई को छुट्टी का ऐलान कर दिया है। लोकसभा चुनाव के कारण 20 मई 2024 को भारतीय शेयर बाजार बंद रहने की संभावना है। भारत की फाइनेंशियल कैपिटल मुंबई में सोमवार 20 मई को मतदान होना है। इससे पहले मतदान के दिन साल 2014 और 2019 में शेयर बाजार बंद थे।

## फोनपे और एसटीबी ने की साझेदारी



**नई दिल्ली।** यूपीआई पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए फोनपे और सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड (एसटीबी) ने दो साल के लिए एक समझौता किया है। आयोजित एक समारो हमें एसटीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव, मेलिसाओउ और फोनपे के लिए अंतर्राष्ट्रीय पेमेंट बिजनेस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, रितेशपई ने औपचारिक रूप से इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

## एमएसएमई के उत्थान को सिडबी ने खोली नई शाखा



**नई दिल्ली।** सिडबी की नई शाखा का उद्घाटन सिडबी कौशाम्बी, गाजियाबाद में मुख्य महाप्रबंधक राहुल प्रियदर्शी ने किया। इस अवसर पर राहुल प्रियदर्शी ने कहा कि सिडबी पिछले 34 वर्षों से एमएसएमई इकाइयों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है । इस अवसर पर मनीष सिन्हा, क्षेत्रीय प्रबंधक , ज्ञानेश कुमार गाजियाबाद शाखा प्रबंधक और कई उद्योगपति भी मौजूद रहे।

## बजाज देगा एफडी पर 8.85 फीसदी तक ब्याज

**मुंबई।** बजाज फिनसर्व की सहायक कंपनी बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 से 35 महीने की अवधि की एफडी के लिए ब्याज दरों में 60 आधार अंक तक और 18 से 24 महीने की अवधि की है। यह नई दरें प्रभावी है। गैर-वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 25 से 35 महीने की अवधि की एफडी के लिए ब्याज दरों में 45 आधार अंक, 18 और 22 महीने की अवधि की एफडी के लिए 40 आधार अंकों, 30 और 33 महीने की अवधि की एफडी के लिए 35 आधार अंकों तक की बढ़ोतरी की गई है।

---

सरकारी खरीदी शुरू होने से भी मिला चने की बढ़ती कीमतों को समर्थन

# दाल मिलर्स और स्टॉकिटों की लेवाली बढ़ने से चने की तेजी को मिला 'बल'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

घटे भावों पर दाल मिलर्स व स्टॉकिटों की लेवाली बढ़ने से चना की कीमतों में तेजी दर्ज हुई है। चना की सरकारी खरीद शुरू होने से चना की बढ़ती कीमतों को समर्थन मिला। नैफेड द्वारा अब तक 13186 क्विंटल रबी 2024 चना की खरीदी की गई। मंडी व्यापारियों के अनुसार मध्यप्रदेश चना की कीमतों में 200 रुपए प्रति क्विंटल तक बढ़ गए है। इस तेजी के साथ क्वालिटीनुसार चना 5500 से 6000 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर पहुंच गया है।

स्थानीय करोंद अनाज मंडी स्थित चना व्यापारी, भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी के अनुसार आने वाले दिनों में चना खरीदी गति में बढ़त देखी जा सकती है। दाल मिलर्स की लिवाली बढ़ने से चालू साप्ताह के दौरान चना की कीमतों में सुधार दर्ज किया गया और इस सुधार के साथ भोपाल सहित प्रदेशभर की मंडियों में चने के भाव मजबूत है।

मध्यप्रदेश में चने की कीमतों में 200 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि



**लिवाली बेहतर होने से उड़द में मजबूती**

उपलब्धता कमजोर बनी रहने व दाल मिलर्स की मांग मजबूत होने से उड़द की कीमतों में तेजी का रुख है। इस वर्ष ग्रीष्मकालीन उड़द की बिजाई गत वर्ष की समानवधि से 12 हजार हैक्टेयर बढ़कर 2.23 लाख हैक्टेयर पहुंच गई। बर्मा निर्यातकों द्वारा उड़द की बिकवाली भाव बढ़कर किए जाने से आयात पड़तल ऊंचा बैठ रहा। जिसका असर भारतीय बाजार पर देखा जा रहा। आयातकों की बिकवाली कमजोर पड़ने व लिवाली बेहतर होने से उड़द में 225 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। एफएक्यू वाला उड़द 9200 रुपए और एसक्यू उड़द 9650 रुपए प्रति क्विंटल के दाम पर पहुंच गया है।

---

पुरस्कार अभिनेता सुनील शेट्टी ने मुथूट फाइनेंस को दिया

# मुथूट फाइनेंस को टाइम्स बिजनेस अवॉर्ड्स का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मुथूट फाइनेंस को प्रतिष्ठित टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में वर्ष के असाधारण एनसीडी जारीकर्ता के रूप में अपनी मान्यता की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह समारोह नई दिल्ली में हुआ और द टाइम्स ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया था। टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कॉरपोरेट्स, बिजनेस लीडर्स, उद्यमियों और पेशेवरों की उपलब्धियों का सम्मान करना और जश्न मनाना है।

यह प्रतिष्ठित सम्मान उन नेताओं को मान्यता देता है जिन्होंने बीएफएसआई, सूचना प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं, हेल्थकेयर, खुदरा, एफएमसीजी, शिक्षा, रियल एस्टेट, फैशन, मनोरंजन, आतिथ्य, सेवा, ई-कॉमर्स जैसे उद्योगों में अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रभावशाली व्यक्ति, ऑटोमोबाइल, और भी बहुत कुछ उल्लेखनीय प्रगति का प्रदर्शन किया है। यह पुरस्कार प्रतिष्ठित अभिनेता और उद्यमी प्रतिष्ठित व्यवसाय और मीडिया हस्तियों की उपस्थिति के बीच, सुनील शेट्टी द्वारा प्रदान किया गया।



**उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध**

शोजी पॉल, वरिष्ठ एजीएम - संसाधन विभाग, वैभव मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक विपणन ने कंपनी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए द मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहाकि प्रतिष्ठित टाइम्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में वर्ष के असाधारण एनसीडी जारीकर्ता के रूप में नामित होने की सम्मानित मान्यता प्राप्त करके हम वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह मान्यता न केवल उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है ।

---

## बिगड़ रहा किचन का बजट

# सप्लाई चेन गड़बड़ाई, आलू-प्याज की बढ़ती कीमतों से लगातार परेशान हो रहे उपभोक्ता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। खाने-पीने की एक चीज जब तक सस्ती होती है, तब तक दूसरी चीज महंगी हो जाती है। इससे आम लोगों के किचन का बजट बिगड़ गया है, लेकिन आलू-प्याज की बढ़ती कीमत से सबसे अधिक लोगों को परेशानी हो रही है।

क्योंकि आलू-प्याज एक ऐसी सब्जी है, जिसे सदाबहार सब्जी के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है और हर किचन में रोज इस्तेमाल किए जाने वाला खाद्य पदार्थ है, लेकिन आलू-प्याज की आसमान छूती कीमतें अब लोगों की जेब का बोझ बढ़ाने लगे है।

*विक्रेता और उपभोक्ता बोले- एक चीज जब तक सस्ती होती है, तब तक दूसरी चीज हो जाती है महंगी*

**खास बातें**

- आपूर्ति में कमी के कारण इसमें वृद्धि जारी
- 20 से 30 रुपए प्रति किलो हो गया आलू



**व्यापारियों का दावा है कीमत में अभी जारी रहेगी वृद्धि**

स्थानीय करोंद स्थित थोक सब्जी व्यापारी के अनुसार आलू-प्याज की कीमत में दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। फरवरी महीने में होलसेल कीमत में आलू 10 से 12 रुपए किलो थी, अब दोगुनी होकर 20 से 30 रुपए प्रति किलो हो गई है। तो प्याज जो 12 से 15 रुपए किलो थी वह हाट बाजार में दोगुने दाम क्वालिटीनुसार 20 से 40 रुपए किलो के भाव बेची जा है। व्यापारियों का दावा है कि कीमत में वृद्धि अभी जारी रहेगी।

**दाम ऊंचे होने से लोग नहीं बना पा रहे चिप्स**

सब्जी के थोक विक्रेता जावेद अब्दुल रकीब और राजेंद्र सैनी ने बताया कि पिछले 10 से 15 दिनों से कीमतें बढ़ रही हैं और आपूर्ति में कमी के कारण इसमें वृद्धि जारी रहेगी। प्रतिकूल मौसम के कारण पिछले दो वर्षों से आलू के उत्पादन में गिरावट आई है। वहीं कीमत में बढ़ोतरी ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं का कहना कि गर्मियों में अक्सर लोग साल भर खाने के लिए चिप्स तैयार करते हैं। लेकिन कीमत में वृद्धि के कारण चिप्स तैयार नहीं हो पा रहा है।

**किसानों को मिल रहा 15 रुपए का भाव**

## विदेशी व्यापारी कमा रहे एक किलो पर 120 रुपए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के प्याज किसानों, व्यापारियों और आढ़तियों का आरोप है कि देश के किसानों से 12-15 रुपए प्रति किलो की दर से प्याज खरीदा जा रहा है, जबकि वही प्याज यूएई के व्यापारी अपने स्टोर में 120 रुपए किलो पर बेच रहे हैं। यही हाल बांग्लादेश, भूटान, मॉसीशस और बहरीन के साथ भी है। सरकार ने बांग्लादेश के लिए 50,000 टन, भूटान के लिए 550 टन, बहरीन के लिए 3,000 टन और मॉरीशस के लिए 1200 टन प्याज निर्यात को मंजूरी दी है। भारत ने जब से प्याज निर्यात पर बैन लगाया है, तब से दुनिया के कई देशों में इसके दाम में बड़ा उछाल देखा जा रहा है। अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह दाम 1200-1500 डॉलर प्रति टन तक पहुंच गया है।



जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्याज का दाम बहुत अधिक है, लेकिन यूएई को सस्ते में प्याज मिल रहा है. इस पर भारत के किसान और व्यापारियों ने नाराजगी जाहिर की है।

---

**चावल निर्माता कंपनी श्रेयस सॉर्टेक्स ने किया चावल कारोबारियों को सम्मानित**

# बासमती के बाद श्रेयस चावल बिक्री में भी ईश्वरदास संगतानी को मिला पहला खिताब

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बासमती चावल की बिक्री में पहला खिताब हासिल कर सम्मानित हो चुके शहर के थोक बाजार हनुमानगंज स्थित फर्म दयालदास अर्जुनदास एंड संस के संचालक ईश्वरदास संगतानी और सुपुत्र सचिन संगतानी ने अब श्रेयस सॉर्टेक्स चावल की सर्वाधिक बिक्री करने पर उत्तरप्रदेश, के बलिया जिला में स्थित चावल निर्माता कंपनी श्रेयस सॉर्टेक्स इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड से उत्कृष्टता के क्षेत्र में पहला पुरस्कार हासिल किया है।

यह सम्मान श्रेयस सॉर्टेक्स इंडस्ट्रीज कंपनी के बिजनेस हेड प्रशांत सिंह, जनरल मैनेजर एचआर जे.के.पांडेय ने शहर में आयोजित एक एनुअल मीट दौरान दिया। इस मौके पर कंपनी के दिल्ली कॉरपोरेट ऑफिस से सेल्स हेड राजीव प्रसाद , सीए निखिल सिंह और अकाउंटेंट विकास तिवारी सहित शहर के चावल कारोबारी मौजूद रहे।



**चावल बाजार में कंपनी को तीव्र वृद्धि का गौरव प्राप्त : प्रशांत**

श्रेयस सॉर्टेक्स इंडस्ट्रीज प्रा.लिमिटेड के बिजनेस हेड प्रशांत सिंह ने कहा कि कंपनी को चावल बाजार में तीव्र वृद्धि का गौरव प्राप्त है। यह गौरव कंपनी के प्रबंध निदेशक, विनय कुमार सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व की बदौलत हासिल हुआ है। कंपनी ने हाई-टेक मशीनरी स्थापित की,जो जापानी तकनीक से युक्त है। इसके अलावा सॉर्टेक्स, हस्कर्स, ग्रेडर्स, आधुनिक लैब और उपकरण भी कंपनी के पास है। प्रशांत सिंह ने बताया कि श्रेयस सॉर्टेक्स के पास सबसे सुरक्षित शिपिंग लाइनों द्वारा दुनिया भर में प्रीमियम गुणवत्ता वाले चावल उपलब्ध कराने का दशकों का अनुभव है। हमारा व्यापक वैश्विक नेटवर्क सभी प्रमुख देशों को कवर करता है। कंपनी के पास विशेषज्ञों की टीम है जो नवीनतम मानकों और वैश्विक प्रौद्योगिकियों पर लगातार अपडेट रहती है। चावल विक्रय के क्षेत्र में कंपनी का सालाना टर्न ओवर 1200 करोड़ रुपए है।

**कंपनी की उत्पादन क्षमता 54 मीट्रिक टन प्रति घंटा**

जनरल मैनेजर एचआर जे.के.पांडेय ने बताया कि श्रेयस सॉर्टेक्स इंडस्ट्रीज प्रा.लिमिटेड जो बलिया जिले में संचालित है 20 एकड़ के क्षेत्रफल में स्थापित है। कंपनी की उत्पादन क्षमता 54 मीट्रिक टन प्रति घंटा की है। मध्यप्रदेश में कंपनी ने अपने व्यापार का विस्तार सालभर पहले किया। वर्तमान समय में मध्यप्रदेश में कंपनी के 80 और देशभर में 500 से अधिक डीलर/डिस्ट्रीब्यूटर्स मौजूद है।

**कंपनी ने यूपी सरकार के साथ किया 1200 करोड़ का एमओयू**

पांडेय ने बताया कि कंपनी ने उत्तरप्रदेश में आयोजित औद्योगिक इंवेस्टर समिट में एक और इकाई स्थापित करने सरकार के साथ 1200 करोड़ रुपए की एमओयू साइन की है। इस इकाई की स्थापना गोरखपुर की जा रही है। जिसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है। कंपनी के इस विकसित हो रहे प्लांट में एथनॉल सहित अन्य उत्पाद तैयार होंगे। पांडेय ने बताया कि बलिया जिला में संचालित कंपनी में 750 से कर्मचारी सेवारत है और गोरखपुर में स्थापित होने वाली कंपनी की इस इकाई में 3 हजार लोगों को और रोजगार प्राप्त होगा।

---

शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर

## 75000 की दहलीज पर पहुंचा सेंसेक्स, निफ्टी 22650 के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी एक बार फिर नई ऊंचाइयों पर पहुंच कर बंद हुए। सोमवार को सेंसेक्स 494.28 अंकों की बढ़त के साथ 74,742.50 के स्तर पर जबकि निफ्टी 152.60 अंक चढ़कर 22,666.30 पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स अपने ऑल टाइम हाई 74,869.30 के स्तर पर पहुंचते हुए 75000 के मनोवैज्ञानिक स्तर की दहलीज पर पहुंच गया। निफ्टी भी 22,697.30 के ऑल टाइम हाई पर पहुंचा।



## टाइटन की नई सिरेमिक फ्यूजन स्वचालित घड़ियां पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेंगलुरु

टाइटन ने अपने सिरेमिक फ्यूजन ऑटोमैटिक्स कलेक्शन में नई घड़ियां पेश की हैं, जहां परिशुद्धता मौलिक रूप से नवीनता के साथ मिलता है। इस वर्ष ऑटोमैटिक्स पर विशेष ध्यान देने के साथ, यह कलेक्शन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है क्योंकि ब्रांड अपनी विशेषज्ञता की दो सबसे मजबूत लाइनों- सिरेमिक बिल्ड और इन-हाउस ऑटोमैटिक मूवमेंट को एक नए डिजाइन के मिश्रण को लॉन्च करने के लिए जोड़ता है। यह संग्रह न केवल शिल्प कौशल के प्रति टाइटन के समर्पण को प्रदर्शित करता है, बल्कि इन-हाउस स्वचालित कैलिबर के साथ सिरेमिक फ्यूजन भी पेश करता है। सिरेमिक फ्यूजन ऑटोमैटिक्स वॉच संग्रह सिरेमिक की अनूठी विशेषताओं - टिकाऊपन, खरोंच प्रतिरोध, हल्के वजन का एहसास, हाइपोएलर्जेनिक गुण और रंग विकल्पों की एक श्रृंखला - को उनके मालिकाना स्वचालित आंदोलन के साथ मिश्रित करता है। उत्कृष्ट और विशिष्ट संग्रह की रुचि रखने वाले समझदार पुरुषों के लिए डिजाइन किया गया, इस संग्रह में प्रत्येक घड़ी सिर्फ एक विश्वसनीय सहायक उपकरण से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करती है।



---

**बिजनेस न्यूज**


## एसजीएसयू के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन का तीन दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग की ओर से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय इन्हेंस योर स्किल एंड इनर पॉवर विथ अंडरस्टैंडिंग द सेल्फ" था। इसमें डीन फैकल्टी ऑफ एजुकेशन डॉ. नीलम सिंह ने उद्बोधन सत्र में कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला।कार्यशाला के प्रथम दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में बीयू के सतत शिक्षा विभाग के एचओडी डॉ. हेमंत खंडाई उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं को पहचानने और आंतरिक कौशल को निखारने की बारीकियों को बताया। एसजीएसयू के वाइस चांसलर डॉ. अजय भूषण ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से आप सभी को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। फैकल्टी ऑफ साइंस के डीन डॉ. सतेन्द्र खरे ने कहा कि दूसरों की अपेक्षा पहले हमें स्वयं को पहचानना आवश्यक है। डॉ. व्ही.के. गुप्ता ने स्किल को बढ़ाने के रोचक तथ्य प्रस्तुत किए। कार्यशाला के आयोजन के लिए एसजीएसयू के रजिस्ट्रार डॉ. सितेश सिन्हा ने बधाई दी। वर्कशॉप के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सरोज जैन प्राचार्य विक्टोरिया कॉलेज ऑफ एजुकेशन शामिल हुईं। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आप अपने स्वयं की क्षमता को पहचानकर अपना लक्ष्य निर्धारित करें तो सफलता आपको अवश्य मिलेगी।




## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने विकसित किया नैनो सेंसर

**जोधपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं ने एक नैनोसेंसर विकसित किया है जो विभिन्न कोशिकाओं को नियंत्रित करने वाले प्रोटीन के एक समूह साइटोकिंस का शीघ्र पता लगाने में मदद करता है। इस विकास का उद्देश्य तुरंत निदान और रोग के प्रारंभिक चरण में पता न लग पाने के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। इसके अलावा, इस प्रौद्योगिकी में स्वास्थ्य निगरानी, रोग निदानऔर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया ट्रैकिंग के लिए एक तीव्र और पॉइंट-ऑफ-केयर तकनीक के रूप में उपयोग करने की अपार संभावनाएं हैं। साइटोकिन्स एक बायोमार्कर हैं जो सूजन और जलन के कई मापकों में शामिल होता है। इसका उपयोग बीमारियों के निदान और प्रगति की निगरानी के लिए किया जाता है। यह कार्य बायोसाइंस और बायोइंजीनियरिंग विभाग की अकिलैंडेश्वरी बी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के सरवर सिंह, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. अजय अग्रवाल और डॉ.सुष्मिता झा, प्रोफेसर, बायोसाइंस और बायोइंजीनियरिंग द्वारा 2023 आईईईई एप्लाइड सेंसिंग कॉन्फ्रेंस की एक सम्मेलन कार्यवाही के रूप में भा.प्रौ.सं. जोधपुर में प्रकाशित किया गया था।



## 'जैन रत्न' पुरस्कार से नितिन जैन सम्मानित

**भोपाल।** दूध उद्योग से जुड़े नितिन जैन को जैन रत्न पुरस्कार 2024 (वेस्ट सबसे अच्छा बढ़ने वाला ब्रांड की कैटिगरी) से सम्मानित किया गया। उन्होंने डेरी उद्योग की मुश्किलों को पार करते हुए डेरी उत्पादन में प्रोडक्ट की शुद्धता और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्यपूर्ण प्रोडक्ट समाज में उपलब्ध कराए है। नितिन जैन का कहना है की उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपने उत्पादों की उपलब्धता बनाई रखी है और किसानों को रोजगार का मौका दिया है। नितिन का सामाजिक क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है, वह जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं और वर्तमान में जैन सोशल ग्रुप एलिगेंट में अध्यक्ष पद पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं।



## फिनोलेक्स ने एचएफएफआर केबल पेश कर किए नए मानक स्थापित

**पुणे।** फिनोलेक्स केबल्स ने सुरक्षा एवं सस्टेनेबिलिटी पर सर्वाधिक बल देते हुए, फिनोग्रीन इको-सेफ सिंगल कोर हैलोजन फ्री फ्लेम रिटार्डेंट (एचएफएफआर) इंडस्ट्रियल केबल पेश कर दी हैं। रिसाइकल करने योग्य कच्चे माल से तैयार किए गए ये पर्यावरण के प्रति जागरूक तार, न्यूनतम धुआं उत्सर्जित करते हैं तथा इनमें हैलोजन बिलकुल मौजूद नहीं होतीं। ये विशेषताएं फिनोलेक्स केबल्स की सस्टेनेबिलिटी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से पूरी तरह मेल खाती हैं। फिनोलेक्स केबल्स में सेल्स एवं मार्केटिंग के प्रेसीडेंट अमित माथुर ने इस नवाचार की अहमियत पर जोर देते हुए कहाकि सुरक्षा अब भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और फिनोग्रीन तार विद्युत संस्थापनों में उच्चतम सुरक्षा मानक कायम रखने की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक हैं ।

## आईआईटी ने लांच किया रिसर्च फाउंडेशन

**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी) ने आईआईटी मद्रास रिसर्च फाउंडेशन लांच किया है। संस्थान का लक्ष्य पूरी दुनिया में अपनी शैक्षिक प्रभुता बढ़ाना है ।संस्थान के अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम से शुरुआत करने वाले स्टार्ट-अप को इस फाउंडेशन के माध्यम से विश्वबाजार में पहुंच, पूंजी, अनुसंधान और नवाचार के लिए वित्तीय सहयोग मिलेगा।विभिन्न विश्वविद्यालयों से सहयोग और उद्योग जगत से भागीदारी के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान के मास्टर और डॉक्टरेट प्रोग्रामों को बढ़ावा मिलेगा। संस्थान ने इस दूरदृष्टि को साकार करने के लिए आईआईटीएम रिसर्च फाउंडेशन का पहला सीईओ थिरुमलाई माधवनारायण को नियुक्त किया है जो व्यवसाय प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के काफी सीनियर प्रोफेशनल हैं। आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि ने कहाकि भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और हमारा देश दुनिया में स्टार्टअप का गढ़ बनने वाला है। आईआईटीएमआरएफ देश का यह सपना सच करने के लक्ष्य से अपना काम करेगा।

---

## मैडन फोर्जिंग्स हुई ओएफबी के अधिकृत सप्लायर के रूप में रजिस्टर्ड

**मुंबई।** मैडन फोर्जिंग्स लिमिटेड पिछले 35 वर्ष से ब्राइट स्टील वार्स एवं वायर्स के विस्तृत रेंज की एक प्रमुख निर्माता, कंपनी ने घोषणा की है कि उसे विशेष रूप से गंस एवं शेल फैक्ट्री आइटमों की व्यवस्था के लिए ऑडियंस फैक्ट्री बोर्ड के सप्लायर के तौर पर अधिकृत रूप से रजिस्टर्ड किया गया है। सेंट्रलाइज्ड वेंडर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के सूक्ष्म मार्गदर्शन का अनुकरण करते हुए ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड के सप्लायर के तौर पर कंपनी का सफल रजिस्ट्रेशन उसकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण सीमाचिन्ह को प्रदर्शित करता है. प्रशासनिक कारणों से कैंसिलेशन को छोड़कर ऑटोमेटिक नवीनीकरण के साथ रजिस्ट्रेशन 5 वर्ष की अवधि के लिए वैध है.एमएफएल के यह नया उपक्रम शुरू करने के लिए तैयार होने से कंपनी को विभिन्न टेंडर में शामिल होने और शीघ्र सप्लाई शुरू होने की उम्मीद है ।

## 'पतंजलि गुरुकुलम' के नवीन परिसर का लोकार्पण 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

शक्ति व मर्यादा साधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष्य में वेदधर्म व ऋषिधर्म के संवाहक योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज के 30वें संन्यास दिवस के पावन अवसर पर 'पतंजलि गुरुकुलम' के नवीन परिसर के लोकार्पण के दिव्य अनुष्ठान पर परम पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज के श्रीमुख से हिन्दवी स्वराज के प्रणेता छत्रपति शिवाजी महाराज की यशोगाथा छत्रपति शिवाजी महाराज कथा योगभवन पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर परम पूज्य स्वामी जी महाराज व परम पूज्य आचार्यश्री के साथ-साथ राष्ट्र के शीर्ष संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।



**10 से 17 तक निरंतर कथा**

छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा का शुभारंभ 9 अप्रैल प्रातः 10 से 1 बजे तक योगभवन ऑडिटोरियम, पतंजलि योगपीठ फेस-2, हरिद्वार में किया जाएगा। 10 से लेकर 17 अप्रैल तक कथा निरंतर सायं 4 से 7 बजे तक योगभवन में ही आयोजित की जाएगी।

---

**3,948,143 इकाइयों की बिक्री**

# पैसेंजर वाहनों की बिक्री ने भारत ने बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पैसेंजर वाहन बिक्री में वित्त वर्ष 2024 में नया रिकार्ड बनाया है। इस साल यात्री वाहनों की ऑल-टाइम हाई सेल दर्ज की गई है। फेडरेशन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इस साल कुल 3,948,143 इकाइयों की बिक्री हुई जो कि बीते साल की तुलना में 8.45 प्रतिशत अधिक है। इसी के साथ ये बिक्री वित्त वर्ष 2024 में अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वित्त वर्ष 2023 में 3,640,399 यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री हुई थी।

**नए मॉडलों के लांच के कारण पीवी खुदरा बिक्री में मील का पत्थर साबित हुआ**



फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल बेहतर वाहन उपलब्धता, बाजार में मौजूद आकर्षक मॉडल्स का मिश्रण और नए मॉडलों के लॉन्च के कारण पीवी खुदरा बिक्री में ये साल एक मील का पत्थर साबित हुआ। एसोसिएशन ने कहा कि सप्लाई डायनमिक्स और स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग के साथ ही सड़क बुनियादी ढांचे में विस्तार भी इस तेज बिक्री के कारणों में शामिल है।इस साल स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की भी उच्च मांग देखी गई।

## चिंतन

# मानवता के लिए युद्धविराम पर विचार करना होगा

रह रहकर ऐसी खबरें आ रही है कि इजराइल-हमास में युद्धविराम हो सकता है। ब्रिटेन समेत विश्व बिरादरी के अनेक देश इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर युद्ध रोके जाने का आह्वान किया। ऐसा करना जरूरी भी हो गया है। इजराइल और हमास की जंग में पिस रहे गाजा के 22 लाख लोग देखते-देखते मानव निर्मित अकाल और भुखमरी का शिकार होने के कगार पर हैं। इंसानी समाज के सामूहिक विवेक पर भारी पड़ता यह सवाल हर पल वास्तविकता में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। युद्ध शुरू होने के साथ ही गाजा के हालात की भयावहता को लेकर ऐसी आशंकाएं थीं, मगर दावों और प्रतिदावों के बीच वास्तविक स्थिति का पता करना मुश्किल हो रहा था। पिछले महीने इंटीग्रेटेड फूड सिक्यॉरिटी फेज क्लासिफिकेशन सिस्टम की रिपोर्ट ने इस भयावहता की तस्वीर को साफ कर दिया है। इजराइल ने भी इस रिपोर्ट का खंडन नहीं किया है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि गाजा की कुल आबादी का आधा हिस्सा और गाजा शहर में अब भी रह रहे करीब 3 लाख लोगों का पचास फीसदी हिस्सा अकाल के कगार तक पहुंच चुका है। अब तक भूख से हुई मौतों का कोई आंकड़ा तो नहीं है, लेकिन एक साल पहले तक गाजा में दो साल से कम उम्र के 29 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण से ग्रस्त थे अब उनकी संख्या बहुत ज्यादा हो गई है। हालात ये हैं कि 66 फीसदी परिवार महीने में कम से कम 10 बार चौबीसों घंटे भूखे रहने को मजबूर हैं। युद्ध के चलते न केवल गाजा में राहत सामग्री का पहुंचना मुश्किल हुआ है, बल्कि धमाकों के बीच इनके वितरण में भी परेशानी आ रही है। पिछले महीने ही एक खाद्य वितरण केंद्र पर बम गिरने की खबरें भी आई थी। यही नहीं, आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि इजराइली सेना ने खेती की ज्यादातर जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिसके चलते यहां पैदा होने वाले खाद्यान्न पर भी उसका कब्जा हो गया है। युद्ध के पीछे इजराइल के अपने तर्क हैं। उसका कहना है कि जब तक उसके नागरिकों को रिहा नहीं किया जाता युद्ध खत्म नहीं होगा। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि हमास द्वारा बंदी बनाए गए उसके नागरिकों के शव बरामद हो रहे हैं, इसलिए युद्ध को बीच में नहीं रोक सकते। अगर हमास सभी बंदियों को छोड़ देगा तो युद्ध खुद खत्म हो जाएगा। अगर इजराइल सरकार की यह बात मान भी ली जाए कि लड़ाई हमास के खिलाफ है और आम लोगों को नुकसान पहंचाने का उसका कोई इरादा नहीं है तो भी व्यवहार में इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा। गाजा की आबादी को भुखमरी जैसे हालात से बचाने का एकमात्र उपाय यही है कि तत्काल युद्धविराम लागू कर बड़े पैमाने पर राहत और खाद्य सामग्री पहुंचाई जाए। सुरक्षा परिषद भी इस आशय का प्रस्ताव पारित कर चुकी है, लेकिन इस पर अमल के कोई आसार नहीं दिख रहे। सोमवार को यह खबरें आई कि युद्ध विराम हो सकता है। इजराइली सेना साउथ गाजा के खान यूनिस शहर से पीछे हट गई है, लेकिन कुछ ही देर बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट का बयान सामने आ गया कि इजराइली सेना खान यूनिस से हटने के बाद, राफा शहर में जमीनी हमले की तैयारी कर रही है। यहां जंग शुरू होने के बाद से हवाई हमले हो रहे थे। अब सैनिक शहर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। तय है कि इससे हालात और विकट होंगे। पहले ही भूखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का जीवन खतरे में चला जाएगा। इजराइल के अपने तर्क सही हैं, लेकिन मानवता के आधार पर उन लोगों के बारे में भी विचार करना जरूरी है, जो बेवजह युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं।

## सारा संसार



*कोयम्बटूर का भगवान गणेश को समर्पित ईचनारी विनयगर, 1500 ईस्वी पूर्व में बनाया गया था। इस जगह से जुड़ी एक पौराणिक कथा है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान विनायक की मूर्ति को पट्टीश्वर मंदिर ले जाया जा रहा था, तो गाड़ी की एक धुरी टूट गई। उसी स्थान पर मंदिर बनाया गया।*

नव सवंत्सर


डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# हिंदू नव वर्ष की सार्थकता वैज्ञानिकों ने भी मानी

भारतीय पंचांग के अनुसार हमारा नया साल प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है। इस वर्ष यह शुभ तिथि 9 अप्रैल को हमें विक्रम संवत 2081 में प्रवेश दिलाने जा रही है। हिंदू धर्मावलंबी एवं सनातन धर्म को अंगीकार करने वाला हर व्यक्ति यह जानता है कि हम अपने नए वर्ष के उत्साह में फूहड़ता समझे जाने वाले किसी भी आयोजन से दूर रहते हैं। कितने गौरव की बात है कि हमारा नया वर्ष हमें 'मां भगवती' की नौ दिनों की आराधना से जोड़ते हुए भक्ति और श्रद्धा का अनुपम आनंद प्रदान करता है। हिंदू धर्म को मानने वाले यह जानते हैं कि भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम यह भी जानते हैं कि हिंदी पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन का वातावरण हमें वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। हमें गर्व है अपने ऋषि-मुनि और संतों पर जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है? इन तथ्यों की संपूर्ण जानकारी समाहित है। हमारा इतिहास बताता है कि बीते हजारों वर्षों में अनेक देशी और विदेशी शासकों ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा राजनीतिक दृष्टि से देश को पराधीन बनाने की मंशा के साथ अनेक संवतों को चलाया। इतना कुछ होने के बाद भी भारतवर्ष की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रम संवत के साथ ही जुड़ी रही। नव-वर्ष के संदर्भ में महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही दिन, मास, वर्ष और युगादि का प्रारंभ माना है। इतिहास उठाकर देखा जाए तो युगों मे प्रथम सतयुग का शुभारंभ भी इसी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से हुआ था। कल्पयादि-सृष्टियादि-युगादि आरंभ को लेकर इस दिवस के साथ प्राचीनता का इतिहास मिलता है। सृष्टि की रचना को लेकर भी ऋषि-मुनियों तथा वैदिक गणित के विद्वानों ने इसी दिवस की गणना की है। गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी इसी दिन को आधार मानते हुए गणना कर पंचांग की रचना की। यही विभिन्न ग्रहों, चंद्रमा एवं सूर्य की गति एवं दिशाओं का उतनी प्रामाणिकता के साथ निर्धारण करता है, जितना कि आधुनिक सैटेलाइट। हिंदू नव-वर्ष में रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। ठंड की समाप्ति और ग्रीष्म का प्रारंभ अत्यंत ही मधुर व आनंददायक आगमन का अनुभव देता है। पतझड़ समाप्त होता है और बसंत ऋतु के आगमन का आगाज होने लगता है। प्रकृति में हर जगह हरियाली छा जाती है। ऐसा प्रतीत होने लगता है जैसे प्रकृति ने नव-श्रृंगार किया हो। यह बिना किसी संशय के कहा जा सकता है कि बिना पंचांग और कैलेंडर के प्रकृति और आकाश को पढ़कर हिंदू धर्मावलंबी अपने नए-वर्ष को पा लेते हैं। ऐसा दिव्य नव-वर्ष अन्य किसी धर्म में दुर्लभ है। सनातनी नव-वर्ष को लेकर विवेकानंद ने कहा है 'यदि हमें गौरव से जीने का भाव जगाना है, अपने अंतर्मन में राष्ट्र भक्ति के बीज को पल्लवित करना है, तो राष्ट्रीय तिथियों का आश्रय लेना होगा। गुलाम बनाए रखने वाले लोगों की दिनांकों पर आश्रित रहने वाला आत्म गौरव खो बैठता है। हिंदू नव-वर्ष का दिन हमारे मन में यह उद्घोष जगाता है कि हम पृथ्वी माता के पुत्र हैं। सूर्य, चंद्र तथा नवग्रह हमारे आधार हैं। प्राणी मात्र हमारे पारिवारिक सदस्य हैं। यही कारण है कि हमारी संस्कृति का बोध वाक्य 'वसुधैव कुटुंबकम' को सार्थकता प्रदान करता है। विक्रमी संवत के स्मरण मात्र से ही सम्राट विक्रमादित्य और उनके विजय अभियान की याद ताजा हो जाती है। क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि हम नव-वर्ष की शुरुआत गो-माता की पूजा से करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



चुनावी बॉन्ड

आलोक शुक्ला

# राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता जरूरी

**सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी हैं।**

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सारे विपक्षी दल इसे सदी का सबसे बड़ा घोटाला कह रहे हैं,परन्तु राजनीतिक फंडिंग में भ्रष्टाचार केवल चुनावी बॉन्डों तक ही सीमित नहीं है। हमें यह समझना होगा कि कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019-20 में सभी राजनीतिक दलों की आय के लगभग 71 प्रतिशत के स्रोत की जानकारी नहीं है। इसमें चुनावी बॉन्डों से प्राप्त आय, कूपन विक्रय से आय, अन्य स्रोतों से आय, स्वैच्छिक चंदा, मीटिंग एवं मोर्चा आदि के लिए चंदा, आदि मद शामिल हैं। मुख्य बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह धन किसने दिया इस बात की कोई जानकारी नहीं है। विकीपीडिया के एक आलेख में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के बारे में बताया गया है कि वर्ष 2020-21 में भाजपा की 61 प्रतिशत आय, टीएमसी की 97 फीसदी आय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 72 फीसदी आय एवं सीपीएम की 48 प्रतिशत आय के स्रोत की जानकारी नही है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है। इसका कारण यह है कि राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के संबंध में भारत में वैधानिक प्रावधान बहुत लचीले हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29बी के अंतर्गत राजनीतिक दल किसी भी व्यक्ति अथवा कंपनी से चंदा प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वह शासकीय कंपनी न हो। धारा 29सी के अंतर्गत इस प्रकार प्राप्त चंदे की घोषणा करने का प्रावधान है, जिसके अनुसार बीस हजार रुपये से अधिक का चंदा देने वाले व्यक्तियों का विवरण देना अनिवार्य किया गया है और यह प्रावधान भी है कि यदि कोई राजनीतिक दल यह विवरण चुनाव आयोग को नहीं देता है तो उसे आयकर की छूट का लाभ नहीं मिलेगा। अधिकांश राजनीतिक दल यही कहते रहे हैं कि उन्हें लगभग सभी व्यक्ति बीस हज़ार रुपये से कम चंदा देते हैं, इसलिए न तो उन्हें चंदा देने वालों का विवरण आयोग को देने की आवश्यकता है और न ही वे उनका विवरण अपने पास रखते हैं। वर्ष 2009 से 2014 के मध्य मैं स्वयं चुनाव आयोग में था। आयोग ने उस समय राजनीतिक दलों से इस बात का प्रमाण मांगना प्रारंभ किया था, कि उन्हें वास्तव में प्रति व्यक्ति 20,000 रुपये से कम राशि मिली है। इसके लिए आयोग ने राजनीतिक दलों से चंदे की रसीदों के काउंटर फॉयल मांगने प्रारंभ किए। नतीजा यह हुआ कि राजनीतिक दलों ने फर्जी काउंटर फॉयल बनाना प्रारंभ कर दिया। अनेक चुनावों में ज़िला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा डाले गए छापों में राजनीतिक दलों के कार्यालयों से ऐसे फर्जी काउंटर फॉयलों के बंडल तक




मिले,क्योंकि इस संबंध में कोई आपराधिक धाराएं कानून में नहीं हैं इसलिए किसी राजनीतिक दल पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। राजनीतिक दल इस प्रकार बीस-बीस हज़ार रुपये का हिसाब रखते हुए काफी परेशान थे, इसलिए वर्ष 2013 में एक इलेक्टोरल ट्रस्ट योजना प्रारंभ की गई। इस योजना के अंतर्गत इलेक्टोरल ट्रस्ट एक नॉन प्रॉफिट संस्था के रूप में पंजीकृत किए जाते हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा कंपनी इलेक्टोरल ट्रस्ट को धन दे सकते हैं। इसके बाद इलेक्टोरल ट्रस्ट अपनी मर्जी से इस धन से राजनीतिक दलों को चंदा दे सकता है। इस योजना के द्वारा चंदा देने वाले व्यक्ति और चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल के बीच सीधा संबंध समाप्त कर दिया गया। इससे कुछ हद तक राजनीतिक चंदा देने वालों की गोपनीयता रखने की गुंजाइश हो गई। कानूनी रूप से ट्रस्ट के लिए दानदाता की इच्छा के अनुसार राजनीतिक दलों को चंदा देने का कोई बंधन नहीं है। यदि कोई कंपनी बड़े पैमाने पर इलेक्टोरल ट्रस्ट को पैसा दे रही है, और उस ट्रस्ट का अधिकांश पैसा किसी विशेष राजनीतिक दल को ही जा रहा है जो यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि कंपनी किस राजनीतिक दल की फंडिंग कर रही है। इससे निपटने के लिए वर्ष 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना प्रारंभ की गई। इस योजना में चुनावी बॉन्ड दानदाता की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय कर दी गई, इसीलिए चुनावी बॉन्ड योजना ने राजनीतिक चंदे को पूरी तरह अपारदर्शी बनाकर भ्रष्टाचार का रास्ता खोल दिया। पूर्व में केवल वही कंपनी चुनावी चंदा दे सकती थी जो कम से कम 3 साल से अस्तित्व में हो। कंपनी द्वारा दिया गया चंदा पिछले 3 वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 7.5 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता था और इस चंदे का खुलासा कंपनी को प्रत्येक वित्त वर्ष में अपने शेयरहोल्डरों को दी जाने वाली रिपोर्ट में करना अनिवार्य था। वर्ष 2018 के संशोधन व्दारा इन तीनों ही शर्तों को हटा दिया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि यदि कोई कंपनी आज ही बनी हो तो भी वह राजनीतिक चंदा दे सकती है, कंपनी कितना भी चंदा दे सकती है, और कंपनी को अपने शेयरधारकों को इसकी जानकारी देना भी आवश्यक नहीं है। हाल ही में चुनावी बॉन्डों का डेटा सार्वजनिक होने के बाद यह पता लगा है कि कई कंपनियों ने कुल राजस्व से भी अधिक राशि चंदे में दी है।

भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता न होने के प्रमुख कारण हैं निर्वाचन आयोग की एक्सपेंडीचर गाइडलाइन किसी कानून के अंतर्गत नहीं है और इसलिए उसका पालन नहीं करने वालों पर कोई विधिक कार्यवाही नहीं हो पाती, निर्वाचन आयोग को दी जाने वाली जानकारी की आयकर विभाग, न तो ठीक प्रकार से स्क्रूटिनी करता है और न ही उसे बाध्य करने का कोई कानून है, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 केवल अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय को विनियमित करती है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। यहां तक कि उन्हें अपने शेयरधारकों तक को बताने की आवश्यकता नहीं है, चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी है। चुनाव आयोग की तथाकथित सख्ती और जब्ती का कोई लाभ तब तक नहीं होगा जब तक चंदे और दान में पारदर्शिता न रखी जाए। दुःख इस बात का है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाने वाला चुनाव आयोग भी पारदर्शिता की नहीं, बल्कि गोपनीयता की वकालत करता दिख रहा है। दिनांक 16 मार्च 2024 को लोक सभा चुनावों की घोषणा करते समय अपनी प्रेस कार्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 बार कहा कि इलेक्टोरल बॉन्डों के दानदाताओं की गोपनीयता रखना आवश्यक है। इलेक्टोरल बॉन्डों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने प्रजातंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों को आसरा दिया है। उम्मीद करनी चाहिए कि संसद द्वारा बनाए गए कानून का इंतज़ार किए बिना सर्वोच्च न्यायालय से ही हमें राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शी व्यवस्था मिल सकेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का महत्व




संकलित

दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकवाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उस पर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपये हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छह महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गायों के बाद भैंसें लूंगा और फिर घोड़े। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरूपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोम शर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोम शर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारूंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### कलह की शिकार हो गईं पार्टियां

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें निकट आती जा रही हैं, वैसे-वैसे सभी राजनीतिक गठबंधनों के बीच का अंदरूनी कलह बंद कमरे से बाहर निकल कर सड़को पर आता जा रहा है। महाराष्ट्र में 2019 के मुकाबले एकदम नई तरह की परिस्थितियां सामने आ गई है। महाअघाड़ी में शामिल शिवसेना पार्टी से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने बीजेपी के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद तो प्राप्त कर लिया है, मगर उसके बाद अजीत पवार गुट के सत्ता में शामिल होने से उनकी अहमियत घटती जा रही है। क्योंकि बीजेपी की पूरे महाराष्ट्र पर अच्छी पकड़ है, इसलिए वह अपनी शर्तों पर सहयोगी दलों को सीटें आवंटित कर रही है, जिसे लेकर एनडीए में शामिल अन्य दल कसमसा रहे हैं।

- **महेंद्र विश्वकर्मा**, बलौदाबाजार

## ट्रेंड


### मोदी की गारंटी का परिणाम



छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस बार भी बस्तर समेत पूरे प्रदेश के मेरे परिवारजन एक सशक्त सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। मोदी की गारंटी का परिणाम है कि पहले जो भारत को आंखें दिखाते थे, आज वो आटे के लिए भटक रहे हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चीजें उपयोग के लिए



लोगों का उपयोग करना और चीजों से प्यार करना-यह जीवन की पूरी तरह से गलतफहमी है। चीजें उपयोग के लिए हैं। लोग प्यार के लिए हैं। स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि संपूर्णता है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### राजनीति में नहीं जा रहा



मैं अपने राजनीति में शामिल होने की सभी अफवाहों पर विराम लगाता हूं। मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं या चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने का फैसला करता हूं तो मैं इसकी घोषणा करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।

**-संजय दत्त, अभिनेता**

### ऐसे बनें आदर्श व्यक्ति




मैंने अपने गुरु से पूछा 'मुझे एक आदर्श व्यक्ति बनने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए?' उन्होंने उत्तर दिया, 'एक उद्यमी का दिमाग, एक एथलीट का शरीर और एक कलाकार की आत्मा रखने का प्रयास करें।'

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# मोदी समर्थकों ने अमेरिका के 16 शहरों में निकाली रैली



अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था। एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं। ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, 'भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।

## ऑफ बीट

# क्या मेरा चश्मा मेरी नजर खराब कर रहा है?



कुछ लोग चश्मे पर बढ़ती निर्भरता को महसूस करते हैं और आश्चर्य करते हैं कि क्या उनकी आंखें 'आलसी' हो गई हैं। हमारी आंखें ऑटो-फोकस कैमरे की तरह ही काम करती हैं। प्रत्येक आंख के अंदर एक लचीला लेंस मांसपेशियों द्वारा नियंत्रित होता है जो लेंस को समतल करने के लिए मांसपेशियों को आराम देकर हमें दूर की वस्तुओं (जैसे फुटी स्कोरबोर्ड) पर ध्यान केंद्रित करने देता है। जब मांसपेशियाँ सिकुड़ती हैं तो यह लेंस को उन चीजों को देखने के लिए अधिक कठोर और शक्तिशाली बनाता है जो हमारे बहुत करीब हैं (जैसे कि एक टैक्स्ट मैसेज)। लगभग 40 वर्ष की आयु से, हमारी आंख का लेंस धीरे-धीरे सख्त हो जाता है और आकार बदलने की क्षमता खो देता है। धीरे-धीरे, हम निकट की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता खो देते हैं। इसे 'प्रेसबायोपिया' कहा जाता है और फिलहाल इस लेंस को ठीक करने का कोई तरीका नहीं है। चश्मा बनाने वाले इस लेंस की कमी को चश्मे से ठीक करते हैं जो आपके प्राकृतिक लेंस का भार लेते हैं। लेंस आपको अतिरिक्त अपवर्तक शक्ति प्रदान करके उन नज़दीकी छवियों को स्पष्ट रूप से देखने में मदद देते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

लक्ष्मीदेवी विक्योमल सर्राफ विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित, स्टूडेंट ऑफ द ईयर बनी मिस दिव्या उदासी

# वरिष्ठ छात्राओं ने कनिष्ठ छात्राओं को दिया ज्ञान का ज्योति पुंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल सर्राफ उ.मा. विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल गांधीनगर में सोमवार को आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी ने मां सरस्वती, गुरुनानक देव एवं संत हिरदाराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा रमेश हिंगारानी, संचालक योगेश हिंगोरानी एवं प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## जीवन में अनुशासन और नम्रता सफलता की सीढ़ी



इस अवसर पर कक्षा 11वीं एवं 12वीं के बच्चों ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की संस्था मैंनेजमेंट एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर सचिव हिंगोरानी ने कहा कि जीवन में अनुशासन और नम्रता का होना सफलता की सीढ़ी है। इस अवसर पर संचालक योगेश हिंगोरानी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब वे कॉलेज जा रही हैं जहां पर आपको अलग-अलग तरह का माहौल मिलेगा, जिसमें आपको सामन्जस्य बना कर चलना पड़ेगा। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के बच्चों ने 11वीं के बच्चों को ज्ञान की ज्योति प्रदान की। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान मिस दिव्या उदासी को स्टूडेंट ऑफ द ईयर घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोमल टहिलयानी एवं पंकज उपाध्याय ने किया एवं आभार जयश्री ममतानी एवं नवीन नामदेव ने किया।

## सगे फूफा ने किया युवती का अपहरण कोटा में बंधक बनाकर दुष्कर्म

**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे से युवती के अपहरण और बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी के चंगुल से छूटकर आई युवती ने पुलिस को बताया कि उसके सगे फूफा ने उसका अपहरण कर लिया था और कोटा, राजस्थान ले जाकर उसे बंधक बनाकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी फूफा के खिलाफ बहला फुसलाकर साथ ले जाने, दुष्कर्म करने और बंधक बनाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार 22 साल की युवती नजीराबाद के एक कस्बे में रहती हैं। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। गत 27 फरवरी को वह मार्केट गई थी, तभी उसे फूफा मिले और कहने लगे कि चलों तुम्हें घुमाकर लाता हूं। इसके बाद बहला फुसलाकर फूफा उसे राजस्थान कोटा ले गया। वहां किराए का कमरा लेकर उसका दैहिक शोषण करने लगा। इधर, घर से लापता हुई बेटी की गुमशुदगी परिजन ने थाने में दर्ज कराई थी। करीब दो महीने तक कोटा में रहने के बाद युवती किसी तरह फूफा के चंगुल से छूटकर भोपाल पहुंची और परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

समय पर सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण करने का आश्वासन

# औबेदुल्लागंज थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लगंज



औबेदुल्लागंज थाने में ईद को लेकर शांति समित की बैठक आयोजित की गई। मुस्लिम समाज के लोगों से ईद उल फितर की तैयारियों को लेकर एसडीएम, एसडीओपी एवं टीआई ने चर्चा की और समय पर सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी।

बैठक में मुस्लिम त्यौहार कमेटी सदर गुड्डू, अप सदर सलीम, अलीम, अध्यक्ष आमिर ममनून, उपाध्यक्ष अतीक सिद्दीकी, मुस्लिम विकास परिषद अध्यक्ष आसिफ पठान, उपाध्यक्ष नौशाद खान, अल्पसंख्यक मोर्चे के मंडल अध्यक्ष राजा सिद्दीकी, उपाध्यक्ष इसरार अली सहित मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### राजा भोज महाविद्यालय में होली मिलन समारोह

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के राजा भोज शा. महाविद्यालय में सोमवार को पूर्व छात्र संगठन के द्वारा होली मिलन समारोह एवं मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष विजय मालवीय ने संगठन को आगे बढ़ाने एवं भविष्य की कार्य योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. एसके भदौरिया ने कहा भारत देश एक प्रजातांत्रिक देश है, यहा निर्वाचन की प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता आवश्यक है। इसलिए युवा स्वयं मतदान करे और दूसरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

### वार्ड 2 में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**औबेदुल्लागंज।** नगर के वार्ड 2 महावीर नगर में स्वीप प्लान के अन्तर्गत बैनर, फ्लेक्स द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बीएलओ कर्माचारी राजकुमार शर्मा, प्रमोद कुमार पांडेय, विनोद यादव, कन्हैया धुर्वे, जितेन्द्र शिरसवाल सहित अन्य बीएलओ कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### लोस चुनाव को लेकर नगर में राजनीति गरम

**औबेदुल्लागंज।** नगर में रविवार को भाजपा के सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संबोधित किया। लोकसभा चुनाव करीब आते ही नगर में राजनीति गरमाने लगी है। वरिष्ठ कांग्रेस सेवा दल मंत्री सुरजीत सिंह बिल्ले ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा जुझारू और कर्मठ नेता हैं। वे मोतीलाल बोरा के समर्थन में सक्रिय रहे। वहीं जब पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सांसद थे, तब औबेदुल्लागंज में गली-गली घूम कर लोगों से संपर्क करते थे। वरिष्ठ अशोक मित्तल, नीरज चावला, सुदामा तिवारी ने बताया की शिवराज सिंह चौहान ज्यादा लोकप्रिय हैं।

### आरटीई के तहत पढ़ाने से इंकार, जवाब तलब

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने राजधानी के दो निजी स्कूलों में आरटीई के तहत बच्चों को पढ़ाने से इंकार करने के मामले में संज्ञान लिया है। अभिभावकों ने इस संबंध में जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय में की है। मामले में आयोग ने आयुक्त, लोक शिक्षण, डीपीआई, शिक्षा विभाग से आरटीई के तहत इस वर्ष किन-किन स्कूलों ने प्रवेश नहीं दिया गया है एवं उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है, इस संबंध में प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

बरखेड़ा पठानी से लहारपुर की तरफ जाने वाली सड़क पर हुआ हादसा

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक साल पहले हुई थी शादी

- मृतक नया बस स्टैंड, उदयपुरा का था निवासी
- बरखेड़ा पठानी में अपनी पत्नी के साथ रहकर करता था मजदूरी
- टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी से लहारपुर जाने वाली सड़क पर जिंद बाबा की मजार के पास रविवार रात अज्ञात कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे एंबुलेंस से एम्स ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### सिर में थी गंभीर चोट

पुलिस के अनुसार इमरत अहिरवार पिता गुड्डा अहिरवार (28) मूलतः नया बस स्टैंड, उदयपुरा, रायसेन का था। हाल ही में वह बरखेड़ा पठानी में अपनी पत्नी के साथ रहता था। इमरत मजदूरी करता था और रविवार शाम बाइक से निकला था। वह बरखेड़ा से लहारपुर की तरफ जा रहा था, तभी उसकी बाइक को अज्ञात कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए, जबकि उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। परिजन से पूछताछ में पता चला कि इमरत की एक साल पहले ही शादी हुई थी। उसकी बहन भी बरखेड़ा में रहती है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव भोजापुरा में रविवार सुबह युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मृत्यु से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके थे। परिजन के बयान नहीं होने से आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार संजय विश्वकर्मा पिता जमुना प्रसाद विश्वकर्मा (20) गांव भोजापुरा, तहसील बैरसिया में रहता था। संजय भोजापुरा चौराहा पर फुलकी का ठेला लगाता था, जबकि उसके पिता गन्ने की चरखी का ठेला लगाते हैं। संजय के परिवार में माता-पिता के अलावा तीन बहने हैं। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है, जबकि दो अविवाहित हैं। परिजन ने बताया कि रविवार सुबह संजय सोकर उठा और उल्टियां कर रहा था। उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली है। समय न गंवाते हुए परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने संजय को मृत घोषित कर दिया।

### बबूल के पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव मूडलाचंद में सोमवार सुबह एक युवक की लाश बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे के सहारे लटके मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद के भाई को सौंप दी है। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार दिलीप सिंह मीणा पिता स्वर्गीय हिम्मत सिंह मीणा (30) गांव मूडलाचंद तहसील बैरसिया में रहता था और मजदूरी करता था। पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है और मां छोड़कर जा चुकी है। दिलीप सिंह अपने भाई के साथ गांव में रहता था। सोमवार सुबह गांव के कुछ लोग जंगल की तरफ शौच के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने बबूल के पेड़ पर दिलीप सिंह का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि वह शराब पीने का आदी था।

पिपलानी में जुबली गेट के पास एक्टिवा सवार युवकों ने की थी लूट

# लुटेरों ने मोबाइल के बदले मांगे पैसे बता दिया नाम-पता, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित जुबली गेट के पास पांच अप्रैल की रात एक्टिवा सवार लुटेरों ने बस स्टॉप पर ऑटो का इंतजार कर रहे युवक का मोबाइल छीन लिया। कुछ देर मोबाइल बंद रखने के बाद आरोपियों ने मोबाइल ऑन किया और युवक से बात कर ली। आरोपी कहने लगे कि अपना मोबाइल चाहिए तो पैसे दे दो और मोबाइल ले जाओ। युवक ने उनका नाम पता पूछा और थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने नाम पता और एक्टिवा के नंबर के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### बस स्टॉप पर ऑटो का इंतजार कर रहा था फरियादी



पुलिस के अनुसार रेहान शेख पिता फिराज शेख (21) किरण नगर, नरेला शंकरी में रहता है और अशोका गार्डन की एक होटल में नौकरी करता है। गत 5 अप्रैल की रात करीब सवा 9 बजे वह भेल के जुबली गेट बस स्टॉप पर खड़ा था और ऑटो का इंतजार कर रहा था। उसने मोबाइल निकाला और मैसेज चेक करने लगा, तभी पिपलानी की तरफ से एक्टिवा सवार दो युवक उसके पास पहुंचे। एक्टिवा में पीछे बैठे लुटेरे ने रेहान के हाथ से मोबाइली झपटने लगा। रेहान ने विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने की धमकी देकर उसका मोबाइल छीनकर ले गए। दोनों अशोका गार्डन तरफ भागे थे रिहान ने उनकी एक्टिवा का नंबर देख लिया था। रेहान ने अपने मोबाइल पर कॉल किया तो मोबाइल बंद हो चुका था। कुछ देर बाद मोबाइल ऑन हुआ और रेहान ने कॉल किया। कॉल रीसिव करने वाले लुटेरे ने कहा कि हमें पैसे दे दो और अपना मोबाइल ले जाओ। बातों ही बातों में रेहान ने उनका नाम पूछ लिया। आरोपियों ने अपना नाम आयान निवासी जहांगीराबाद और दूसरे ने यूसूफ निवासी छोटा चंबल का बताया। वह कहने लगे कि 6 अप्रैल तक रुपए ले आना और मोबाइल ले जाना।

### पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को धरदबोचा

रेहान ने पुलिस को बताया कि दोनों रुपए के बदले मोबाइल देने की बात कह रहे थे, लेकिन सामने नहीं आ रहे थे। पुलिस ने रेहान की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज किया और एक्टिवा के नंबर के आधार पर छोटा चंबल पहुंची। इस दौरान पता चला कि गोविन्दपुरा दशहरा मैदान में सीढ़ियों के पास लुटेरे एक्टिवा के साथ खड़े हुए हैं। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए दशहरा मैदान से मोहम्मद युसुफ पिता मोहम्मद साबिर (19) रायसेन रोड हरिराम का बाग छोटा चंबल और अयान अकबर उर्फ आसू पिता सोहेल खान (19) कल्ला शाह का अहाता, गल्ला मंडी जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया मोबाइल और लूट में इस्तेमाल की गई एक्टिवा बरामद कर ली।

### महिला मंडल की महामंत्री अनुराधा के घर पहुंचे शिवराज, की चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान महिला मंडल की महामंत्री अनुराधा विजयवर्गीय के निवास पर पहुंचे और उनसे चर्चा की। इस दौरान नीति, अनुविजय और जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय मौजूद रहे।





प्रतापभानु ने ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

# असली कांग्रेस से भाजपा के नेताओं में हड़कंप मचाः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विदिशा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी दादा प्रतापभानु शर्मा ने भोजपुर विधानसभा के चिकलोद ब्लॉक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुमताज, वरिष्ठ विजय धाकड़, चिकलोद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु माहेश्वरी, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष परेश नागर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कांता पाल, जगदीश मीना एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतापभानु शर्मा ने कहा कि असली कांग्रेस और दमदार कांग्रेस मौजूद है। उन्होंने कहा महाभारत के वीर अर्जुन के तीर से कौरव भाग गए थे, ऐसे ही असली कांग्रेस से भाजपा के नेताओं में हड़कंप मचा है। जिला अध्यक्ष परेश नागर ने कहा कि भाजपा का पतन शुरू हो गया है।

### जिला अदालत में 80 कोर्ट मुंशियों के तबादले

**भोपाल।** जिला अदालत में पदस्थ कोर्ट मुंशियों (पुलिस आरक्षकों) के तबादले कर उनके स्थान पर नए (पुलिस आरक्षकों) कोर्ट मुंशियों पदस्थ किया गया है। पुलिस कमिश्नर के आदेश से 80 कोर्ट मुंशियों (पुलिस आरक्षकों) जिला अदालत में पदस्थ किया गया है। नए कोर्ट मुंशियों ने सोमवार को अपना नया पदभार संभाल लिया। नए कोर्ट मुंशियों को जिला अदालत परिसर का भ्रमण करा कर अदालत परिसर की भौगोलिक जानकारी दी, जिससे जरूरत पड़ने पर वो आवश्यक कार्रवाई कर सकें। जिला अदालत में लगभग दस वर्ष पूर्व न्यायिक कर्मचारियों और कोर्ट मुंशियों के स्थानांतरण किए थे। तब से लेकर छुटपुट तबादले होते रहे हैं, लेकिन एक साथ सभी 80 पुलिस आरक्षक (कोर्ट मुंशियों) के स्थानांतरण दस वर्ष के बाद किए गए हैं।

एसडीएम ने किया उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण मिली कई अनियमितताएं

# सहायक प्रबंधक सहित वेयरहाउस संचालकों और प्रबंधकों को दिया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से कराने के लिए कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देश पर एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्र में उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं मिलने पर कलेक्टर ने दो उपार्जन केंद्र वेयर हाउस संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही एक संस्था प्रबंधक को निलंबित किया गया है। सहायक प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने कहा है कि उपार्जन काम में अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आवश्यक होने पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### आस एंड कंपनी में मिली गड़बड़ी



संयुक्त जांच दल द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित सलकनी के गेहूं उपार्जन केन्द्र आस एंड कंपनी खसरोद में निरीक्षण के समय गेहूं उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन नीति के खिलाफ तौले गए गेहूं के ढेर पाए जाने पर संस्था प्रबंधक दीपक गौर को दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। संस्था का समस्त प्रभार सहायक संस्था प्रबंधक रेवाराम लौवंशी को सौंपा गया है।

### साईं वेयरहाउस में मिले अवैध तुले हुए गेहूं के ढेर

इसी प्रकार प्राथमिक शाखा सहकारी संस्था मर्यादित सलकनी के गेहूं उपार्जन केन्द्र मेसर्स साईं वेयरहाउस डांटखेड़ा में निरीक्षण के दौरान गेहूं उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन नीति के विरुद्ध तुले हुए गेहूं के ढेर पाए जाने पर सहायक संस्था प्रबंधक रेवाराम लववंशी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मेसर्स आस एंड कंपनी वेअरहाउस और मेसर्स साईं वेअरहाउस डांटखेड़ा की जांच के दौरान वेअरहाउस पर स्थित धर्म कांटे से किसानों की ट्रॉलियों की तौल करते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं का क्रय कर भंडारित किया जा रहा था, जो कि शासन की उपार्जन नीति की कंडिका 8.7 के खिलाफ है। कलेक्टर ने इन वेयरहाउसों के संचालकों प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

वर्ष 1999 में अपने मालिक से लूट के बाद की थी हत्या

# हत्या के आरोपी को राजकोट ले जा रही थी पुलिस, हथकड़ी समेत ट्रेन से कूदकर भागा, छोला मंदिर पुलिस ने फिर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुजरात पुलिस की कस्टडी में चलती ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर भागे हत्या के आरोपी को छोला मंदिर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भागने के बाद आरोपी कोच फैक्ट्री के पास जंगल में छिपा था। छोला पुलिस ने उसे राजकोट, गुजरात पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच जेतपुर राजकोट गुजरात पुलिस के एएसआई हसमुख ने छोला मंदिर थाना में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि हत्या, लूट के आरोपी चित्रकूट निवासी 50 साल के उत्तम कुमार पिता गया प्रसाद पटेल को गिरफ्तार कर आसनसोल से गुजरात जाने वाली ट्रेन से राजकोट लेकर जा रहे थे। भोपाल स्टेशन के आउटर पर आरोपी उत्तम कुमार पटेल हथकड़ी सहित ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। छोला पुलिस ने तत्काल ही आरोपी की धरपकड़ के लिए टीम गठित किया। उसकी फोटो दिखाकर लोगों से जानकारी जुटाई। इसी बीच पुलिस को पता चला कि फरार आरोपी कोच फेक्ट्री जंगल मे छुपकर बैठा है। पुलिस ने जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाकर झाड़ियों के बीच से उसे दबोच लिया। गुजरात पुलिस उसे दूसरी ट्रेन से राजकोट लेकर रवाना हो गई है।

### चित्रकूट स्थित अपने गांव में फरारी काट रहा था



आरोपी उत्तम कुमार गुजरात में नौकरी करता था। आरोपी अपने ही मालिक से लूट की थी और बाद में उनकी हत्या कर दी थी। वर्ष 1999 में लूट और हत्या की सनसनीखेज वारदात करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। आरोपी चित्रकूट स्थित अपने गांव में फरारी काट रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पूर्व में भी गुजरात पुलिस जा चुकी है, लेकिन आरोपी चकमा देकर फरार हो जाता था। इस बार भी गुजरात से पुलिस इनपुट मिलने पर उसके गांव पहुंची और सरपंच से पूछताछ की। सरपंच की पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस चित्रकूट से उसे गुजरात लेकर जा रही थी। इसी बीच निशातपुरा आउटर में छोला मंदिर सिग्नल के पास आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया था।

# जैन तीर्थंकर अरहनाथ एवं अनंतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया

## विशेष पूजा-अर्चना कर निर्वाण लाडू चढ़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का मोक्ष एवं भगवान अनंतनाथ का ज्ञान तथा मोक्ष कल्याणक भक्तिभाव से मनाया गया।

जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप तथा उपाध्यक्ष सत्येंद्र जैन ने बताया कि सोमवार को तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का मोक्ष एवं भगवान अनंतनाथ का ज्ञान तथा मोक्ष कल्याणक श्री महावीर कॉलोनी स्थित नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मनाया गया। इस दौरान मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इसके बाद भगवान का 108 कलशों से मंत्रोच्चारणों के साथ अभिषेक हुआ।

# ढोल, डमरू, झांझर, मंजीरा, सिंगिंग बॉल्स से किया तन और मन को स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुर क्लब में वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर साउंड हीलर डॉ. आरती सिन्हा की ओर से पीसफुल माइंड्स ग्रुप के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 50 से ज्यादा प्रतिभागियों ने शिरकत की और जाना कि हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए म्यूजिक तथा साउंड हीलिंग कैसे काम करती है। इस कार्यशाला में साउंड हीलर डॉ. आरती सिन्हा ने सरल विधियों द्वारा तन और मन को स्वस्थ्य रखने की हीलिंग टेक्निक बताई।

**पीसफुल माइंड्स ग्रुप के लिए कार्यशाला का आयोजन**






**लिवर तथा हार्ट को हेल्थी रखें साउंड**

आरती ने जहां एक और चक्रों को हील करने के लिए उपयोगी मंत्र की चांटिंग की, वहीं लिवर तथा हार्ट को हेल्थी रखने की लिए कौन सा साउंड उपयोगी हैं उसे भी बताया। कार्यशाला में 50 से ज्यादा ध्वनि उपकरणों जैसे ढोल, डमरू, झांझर, मंजीरा, सिंगिंग बॉल्स, गोंग, डफ, चाइम्स, बांसुरी, बोंगो, मंत्रोच्चारण द्वारा इमोशनल ब्लॉकेज दूर करने के उपाय आरती ने बताए।

### सिंगिंग बॉल्स के साथ लिया गाइडेड मेडिटेशन का लाभ

कार्यशाला में आए सभी प्रतिभागियों ने सिंगिंग बॉल्स के साथ गाइडेड मेडिटेशन का लाभ लिया तथा अपने चक्रों को कैसे बैलेंस किया जा सकता है, यह भी जाना। इसके साथ ही म्यूजिक थैरेपी के सेशन में हार्ट चक्र के ब्लॉकेज कैसे हील किए जाएं, कैसे समझा जाए कि आपका कौन सा चक्र ब्लॉक है, यह सरल मेडिटेशन के माध्यम से कलर थैरेपी द्वारा सीखा। वहीं ब्रेन एक्टिविटीज द्वारा कैसे अपने राइट और लेफ्ट ब्रेन को एक्टिवेट किया जाए, इसके लिए बेहद मनोरंजक एक्सरसाइज भी प्रतिभागियों ने सीखी। इस कार्यक्रम में प्रिया भावे चितावार, मनीषा आनंद, कमिश्नर माया माहेश्वरी, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

**ग्रामवासियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण**

## 'मेरा स्वास्थ्य,मेरा अधिकार' विषय पर संवाद एवं स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विज्ञान सभा द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विश्व स्वास्थ्य सघं की थीम 'मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' के तहत दो दिवसीय आयोजन किया गया। प्रथम दिवस विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वहीं दूसरे दिन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क के कोषाध्यक्ष, मप्र जन स्वास्थ्य अभियान के सदस्य एसआर आजाद, गांधी मेडीकल कॉलेज से प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र उपस्थित थे। वहीं दूसरे दिन के कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर के साथ विश्व स्वास्थ्य दिवस का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र, डॉ स्वतंत्र कुमार सक्सेना के साथ स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

**ऐसी हो फलहारी थाली, जिससे मिले आपको सम्पूर्ण पोषण तत्व**

# पोषण से भरपूर हो व्रत की थाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। कल से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो हो रहे हैं। ऐसे में लोग नौ दिन तक मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के साथ ही नौ दिनों तक व्रत उपवास के द्वारा भी मां का पूजन करते हैं, लेकिन अभी मौसम में बदलाव है और कुछ ही दिनों में भीषण गर्मी का दौर फिर शुरू होगा। ऐसे में उपवास के साथ शरीर में पोषण तत्वों का भी ध्यान रखना भी जरूरी है।

हरिभूमि ने राजधानी की डाइटीशियंस से जाना कि आखिर इस नवरात्रि किस तरह की हो आपकी व्रत की थाली, जिसमें आपका व्रत भी पूर्ण हो और आपके शरीर में न्यूट्रीशन वैल्यूस की कमी भी न हो।



**डाइटीशियन डॉ. रश्मि ने बताई कैसी हो व्रत की थाली, जिसमें शामिल हों सभी न्यूट्रिशन**



### आलस से बचने हाई कर्ब्स की जगह लें दलिया या उपमा

डॉ. रश्मि ने कहा कि इसका भी ध्यान रखना है कि आप हाई कार्ब्स न लें, जैसे साबूदाना। उसकी जगह आप राजगीर या कुट्टू या मोरधन का आटे से बनी हुई दलियां या उपमा ले सकते हैं क्योंकि साबूदाना गरिष्ठ होने से आपके शरीर में आलस पैदा करेगा साथ ही अननेसेसरी कैलोरीज भी बढ़ाएगा।

### पानी की कमी पूरी करने लेते रहें लिक्विड आहार

सीनियर क्लीनिकल डाइटीशियन डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने कहा कि अभी मौसम में बदलाव देखने को मिला है, लेकिन 2 से 3 दिन के अंदर फिर वही गर्मी पड़ेगी और टेंपरेचर भी काफी हाई हो जाएगा। ऐसे में आपको इस चीज का ध्यान रखना है कि आपके शरीर में पानी की कमी ना हो, आपकी बॉडी डिहाइड्रेट ना हो। इसीलिए यह जरूरी है कि फास्ट के बीच-बीच में साफ स्वच्छ पानी या लिक्विड आहार लेते रहें। उन्होंने कहा कि लिक्विड के रूप में आप नारियल पानी, नींबू पानी, सीजनल फ्रूट्स जूस को ले सकती हैं, इससे आपका शरीर डिहाइड्रेट नहीं होगा।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- आप रजगीरा, कुट्टू या मोरधन का बना दलिया, थालीपीठ को दही के साथ ले सकते हैं क्योंकि दही या मट्ठे के प्रयोग से आपका भोजन आसानी से पचेगा और शरीर के लिए फायदेमंद साबित होगा।
- आप कुट्टू के आटे को फरमेंटेशन कर ढोकले के फॉर्म में प्रयोग कर सकते हैं। दही का सेवन कर सकते हैं।
- अपनी डाइट में फ्रूट सलाद का प्रयोग या फलहारी बनाते वक्त उसमें सब्जियों का प्रयोग भी कर सकते हैं। जिससे आयरन, केल्शियम की कमी न हो।
- संपूर्ण आहार एक साथ न लेकर 4 से 6 बार में भी छोटे-छोटे पार्ट्स में डिवाइड करके फलहारी ले सकते हैं, जिससे आपकी बॉडी डिहाइड्रेट नहीं होगी। साथ ही खाने से पहले या बाद में, खासकर दोपहर के वक्त तरबूज या खरबूज का सेवन भी आपके लिए फायदेमंद होगा।
- डाइटीशियन ने कहा कि बाहर के बने जूस का प्रयोग हाइजीन को ध्यान में रखकर करें, नहीं तो घर पर बनाकर ही जूस पी सकते हैं।
- इसके अलावा नींबू का पानी दो से तीन बार लें, फलाहार बनाते हैं तो उसमें भी नींबू निचोड़ सकते हैं, तो इससे इंफेक्शन से बचा जा सकता है।
- साथ ही फल, सब्जियां, ककड़ी, संतरे, तरबूज, खरबजू, मौसंबी, टमाटर को भी अपने आहार में शामिल कर सकते हैं क्योंकि यह भी शरीर को तरोताजा रखते हैं
- दही, श्रीखंड, पनीर से भी आपके शरीर में प्रोटीन की कमी नहीं होगी।

# अपने गुरु की वजह से रॉ-वन फिल्म में गाने का मिला मौका

हरिभूमि चर्चा

**भोपाल आए सिंगर मोहम्मद इरफान से हरिभूमि की खास बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हैदराबाद में मेरे गुरु रामाचार्य सर उनकी अकादमी में मैंने बाल गायक के रूप में सीखना शुरू किया। उन्होंने मुझे संगीत की दीक्षा दी और सिखाया कि कैसे मैं संगीत को बेहतर सीख सकूं। इसके बाद उन्होंने एआर रहमान सर को मेरे बारे में बताया और पहला गाना रॉ-वन फिल्म में गाया। यह कहना है यंग टैलेंट सिंगर मोहम्मद इरफान का, जो निजी कार्यक्रम में शिरकत करने भोपाल आए और हरिभूमि से खास बतचीत की।



### शुक्रगुजार हूं कंपोजर मिथुन का, गाने का अवसर दिया

हर जर्नी की अलग कहानी होती है। मैं शुक्रगुजार हूं कंपोजर मिथुन का, जिन्होंने मर्डर 2 फिल्म में गाने का अवसर दिया। फिर मोहब्बत एक ऐसा गाना था, जिसमें अरिजीत सिंह और सैम भट्ट भी थे। लेकिन उस समय वो गाना लोगों को काफी पसंद आया और उस गाने से मुझे एक अलग पहचान मिली।

**कंटेस्टेंट्स के बीच कॉम्पिटिशन वाले होते थे रियलिटी शो**

जब मैं रियलिटी शोज में गाया करता था, तब रियलिटी शो काफी अलग हुआ करते थे। जहां कंटेस्टेंट्स के बीच कॉम्पिटिशन हुआ करता था। अच्छा गाने पर तारीफ मिलती थी तो खराब गाने पर जजेस के कमेंट्स क्रिटिकल भी हुआ करते थे। लेकिन आजकल रियलिटी शो मेलोड्रामा बन चुके हैं और सोशल मीडिया के चलते लोगों को पूरी सच्चाई पता चल गई है। हम खुद को खुशनसीब मानते हैं कि उस दौर में करियर शुरू हुआ, इसी के चलते गायिकी में सुधार हो सका।

**'खूब लड़ी मर्दानी' बैले नृत्य नाटिका का मंचन 12 को शहीद भवन में**

## डायलॉग इम्प्रोवाइजेशन के साथ जाना प्रॉप्स का उम्दा प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलांधिका नृत्य नाट्य संस्था के फेस्टिवल के अंतर्गत 12 अप्रैल को शहीद भवन में 'खूब लड़ी मर्दानी' बैले नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा, जिसके प्रस्तुति कीर्ति बैले एंड परफार्मिंग आर्टस के स्टूडेंट्स की होगी। इस प्रस्तुति के लिए कीर्ति बैले एंड परफार्मिंग आर्टस द्वारा उत्कल भवन में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डॉयलाग्स और सीन से जुड़ी बारीकियों के साथ ही प्रॉप्स का बेहतरीन प्रयोग कैसे किया जाए, इसकी जानकारी दी जा रही है। प्रॉप्स के रुप में इस नाटिका में तलवार, ढाल, कृपाण और बंदूक का प्रयोग किया गया है। इस नाट्य प्रस्तुति के लिए संस्था के करीब 20 प्रतिभागी भाग लेंगे।



### कैसे कर सकते हैं डायलॉग इम्प्रोवाइजेशन के साथ उम्दा अभिनय

इस बैले नृत्य नाटिका में दर्शाया जाएगा कि महारानी लक्ष्मीबाई ने किस तरह से 1857 के विद्रोह की लगाम अपने हाथ में ली और अपने शौर्य और पराक्रम से अंग्रेजों को धराशायी किया और हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। चैतन्य सोशियो कल्चरल की हेड श्रुति कीर्ति ने बताया कि वृंदावन लाल वर्मा के उपन्यास और सुभद्रा कुमारी चौहान की रचना के आधार पर ही इस प्रस्तुति को हमने तैयार किया है, जिसमें रिहर्सल के दौरान प्रतिभागियों को बताया जा रहा है कि किस तरह से वह अपने डायलॉग इम्प्रोवाइज कर सकते हैं और अपने अभिनय को उम्दा तरीके से प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मप्र नाट्य विद्यालय के सत्र 2024-26 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालित मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय द्वारा नाट्य विधा में प्रशिक्षण के लिए दो वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन नाट्य रंगमंच पाठ्यक्रम में सत्र 2024-26 में प्रवेश इच्छुक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक को एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा 9 अप्रैल से 25 अप्रैल तक ओपन किए गए लिंक में जानकारी भरकर पंजीयन शुल्क जमा कर पंजीकरण अनिवार्य रूप से करना होगा। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी नियम व शर्तों के लिए मप्र नाट्य विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**इतिहास, उपलब्धियां, योजनाएं बताईं**

### तकनीकी शिक्षा हमारी अर्थव्यवस्था का एक महतवपूर्ण स्तंभः डॉ.कान्हेरे

**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर अपनी स्थापना का 60वां वर्ष मना रहा है। स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर डॉ. रविन्द्र कान्हेरे, प्रवेश एवं शुल्क नियामक समीति मध्य प्रदेश के अध्यक्ष मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा हमारी अर्थव्यवस्था का एक महतवपूर्ण स्तंभ है। हमें नवीनतम तकनीकों को अपनाना होगा, जिससे हम हमारे विद्यार्थियों के लिए अच्छा कंटेंट निर्मित कर सकें। संस्थान के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने एनआईटीटीटीआर भोपाल के इतिहास, उपलब्धियां व भावी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में असेस्मेंट में नवाचार की आवश्यकता हैं, आधुनिक तकनीकी शिक्षा में समावेशिता और विविधता को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसके लिए एक शैक्षणिक वातावरण बनाना आवश्यक है, जहां सभी विद्यार्थी, अपनी पृष्ठभूमि के इतर स्वागत व समर्थन महसूस कर सकें। संस्थान स्थापना दिवस को एक दिवसीय ना मनाकर पूर्ण सप्ताह 7 से 12 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों, व्याख्यान श्रृंखलाओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाने जा रहा हैं। समन्वयक प्रो. सुब्रत रॉय रहे।

### शहर को साफ रखने दारोगा सुपरवाइजरों को ट्रेंनिग दी

**भोपाल।** निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर ढंग से कराने के लिए वार्ड दारोगा, सुपरवाइजरों के साथ सफाई मित्रों का प्रशिक्षण शुरू करवाया गया। सभी 21 जोनों के 85 वार्डों के दारोगा एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण कैलेंडर जारी किया गया है। निगम आयुक्त की उपस्थिति में सोमवार को जोन 14, 15, 16, 18 एवं 19 के दारोगा, सुपरवाइजर एवं जोन सुपरवाइजरों को प्रेजेंटेशन के साथ प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें शहर को साफ सुथरा रखने के लिए तरीके भी बताए गए। प्रशिक्षण में अपर आयुक्त टीना यादव, उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा आदि मौजूद थे। प्रशिक्षण में प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्वच्छ पर्यावरण के दृष्टिगत वायु की गुणवत्ता में सुधार के लिए फील्ड पर क्या प्रयास किए जाने हैं के बारे में जानकारी दी गई। कचरा पृथक्कीकरण अंतर्गत गीला, घरेलू कचरा, मेडिकल वेस्ट, कचरा जलाने पर कार्रवाई, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन नियमित रूप से होने और निर्धारित समय पर पहुंचने आदि के संबंध में तरीके बताए गए।

**भोपाल**

**बड़चिचोली, धनौरा और चावलपानी में ली जनसभाएं**

## कांग्रेस देश की जड़ों से कट गई है, कांग्रेस ने राजनीति को धंधा बना लियाः शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को छिंदवाड़ा के पांढुर्णा विधानसभा के बड़चिचोली, अमरवाड़ा विधानसभा के धनौरा और जुन्नारदेव विधानसभा के चावलपानी में जनसभाओं को संबोधित किया।

शिवराज ने जनसभा में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि छिंदवाड़ा में कांग्रेस ने किया ही क्या है..? भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा से परिवारवाद का विरोध किया है। एक ही परिवार का राज नहीं चलेगा। छिंदवाड़ा की माटी का लाल, क्यों विधायक, सांसद नहीं बन सकता है। कांग्रेस का नेतृत्व खत्म हो गया, बुद्धि बिगड़ गई है। कांग्रेस भारत की जड़ों से कट गई है।

**बारिश, आंधी-तूफान में चावलपानी पहुंचे चौहान**



सोमवार रात करीब नौ बजे बरसते पानी, आंधी-तूफान के बीच पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चावलपानी जनभा लेने पहुंचे। यहां बारिश और आंधी के कारण वहां लगा टेंट निकल गया था तो एक घर के बरामदे में वैकल्पिक व्यवस्था कर सभा की गई। जिसमें बिजली नहीं होने पर कार की बैटरी से माइक, लाउडस्पीकर शुरू किया गया और चौहान ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं यहां की जनता को प्रणाम करता हूं कि जो बारिश के बावजूद यहां आई। यहां आने से पहले मैंने सोच लिया था कि आंधी तूफान कुछ भी आए चावलपानी जाऊंगा, चाहे कुछ भी हो जाए, क्योंकि भाजपा जनता से प्यार करती है।

### पटवारी के अध्यक्षीय कार्यकाल में लाखों कांग्रेसी छोड़ रहे हैं पार्टीः डॉ. नरोत्तम

**भोपाल।** भाजपा न्यू ज्वॉनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि पटवारी की नेतृत्व क्षमता पर प्रश्न चिन्ह है कि क्यों उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में लाखों लोग कांग्रेस छोड़ रहे हैं। भाजपा में जाने वालों की जितनी संख्या उन्होंने बताई है, उतनी तो एक-एक नेता एक दिन में गाड़ियां लेकर आ रहा है।

### भाजपा सरकार ने मंडला में विकास कार्य किएः विजयवर्गीय

**भोपाल।** केंद्र व भाजपा की राज्य सरकार ने अनेक योजनाएं बनाकर आदिवासी समाज के जीवन को बेहतर बनाने का कार्य किया है। भाजपा सरकारों ने मंडला के अंचलों में विकास किया है। यह बात मंत्री और लोकसभा कलस्टर प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने मंडला लोकसभा क्षेत्र के मोहगांव मंडल में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में कही।

## महिला से बेटे और बहू ने की मारपीट, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में बेटे-बहू द्वारा मां से मारपीट का मामला सामने आया है। बेटे और बहू ने विवाद होने के बाद मां के साथ झाड़ू, हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इधर, ऐशबाग में शराब पीने से मना करने पर सौतेले बेटे ने पिता के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, अमीन आटा चक्का के पास बैंक कॉलोनी में रहने वाली 48 साल की ज्योति मालवीय प्रायवेट टीचर हैं। उन्होंने बताया कि उनका इकलौता बेटा है। उसकी शादी वर्ष 2022 में उसकी पसंद से की थी। 6 अप्रैल को दोपहर करीब डेढ़ बजे घरेलू काम की बात को लेकर मेरे बेटे-बहू हर्ष और प्रगति उनके साथ हाथ मुक्कों और झाड़ू से मारपीट की। पुलिस ने सास बहू के बीच समझौता करा घर भेज दिया। रात करीब 11 बजे बहू-बेटे ने फिर से मेरे साथ मारपीट कर दी।

इधर, बागउमराव दूल्हा निवासी 50 साल के दिलीप सिंह राजपूत प्रापर्टी का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि सौतेला बेटा विजय 5 अप्रैल को रात साढ़े 11 बजे शराब के नशे घर आया। पिता ने शराब नहीं पीने को लेकर समझाने लगे, तो विजय ने मारपीट कर दी।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, एफआईआर

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में तीन बच्चों की 35 वर्षीय मां से घर में घुसकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव का निवासी आरोपी शिवराज उर्फ गुड्डा गत 6 अप्रैल की रात महिला के घर घुस गया था और वहां धमकाते हुए उससे दुष्कर्म किया। इसी बीच बेटी की नींद खुली तो उसने शोर किया और बदमाश मौके से भाग निकला। परिजन के साथ थाने पहुंची महिला ने पुलिस को शिकायत की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को महिला ने बताया कि करीब एक महीने पहले वह खेत में काम कर रही थी, तब भी आरोपी खेत में पहुंचा और धमकी देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए थे।

### विवाद में तलवार-डंडे लेकर पहुंचा एक पक्ष तो दूसरे पक्ष ने फेंके पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित ऋषिपुरम फेस टू में 2 पक्षों में विवाद हो गया। विवाद की वजह मकान में चल रहे निर्माण कार्य की बात बताई जा रही है। विवाद के बाद एक पक्ष दूसरे पक्ष के घर तलवार और डंडे लेकर पहुंचा तो परिवार ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। परिवार ने बचाव के लिए छत से पथराव किया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस के अनुसार कृष्ण कुमार गुप्ता (33) ऋषिपुरम फेस-2 कॉलोनी में रहते हैं। वे इंश्योरेंस का काम करते हैं। पास में चंद्रशेखर पांडे रहता है। कृष्णा के घर में निर्माण कार्य चल रहा है। इसे लेकर पड़ोसी परिवार को आपत्ति थी। रविवार शाम को चंद्रशेखर, उनके बेटे महेश और हनुमान सहित अन्य ने बहस के बाद कृष्णा के घर हमला कर दिया। आरोपियों ने जमकर उनके गेट पर तलवार, कुल्हाड़ी और डंडे मारे। दूसरी ओर कृष्णा ने परिवार के साथ छत से पथराव किया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नॉन इंटर लॉकिंग कार्य के कारण आधा दर्जन ट्रेनों को किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी-बीना रेलखण्ड पर हरदुआ एवं न्यू मझगवां फाटक स्टेशन के मध्य थर्ड रेल लाइन पर प्री नॉन और नॉन इंटर लॉकिंग का कार्य किया जाना है।

इसके कारण भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त एवं कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत बीना-कटनी मुरवाड़ा मेमू 20 से 28 अप्रैल तक निरस्त रहेगी। भोपाल- इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस 20 से 28 अप्रैल तक निरस्त रहेगी। रीवा-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस 21,22, 23, 24 एवं 25, 26 अप्रैल को निरस्त रहेगी। भोपाल-सिंगरौली द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 24, 25 एवं 27, 30 अप्रैल को निरस्त रहेगी। बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 18, 20 से 26, 28 तक निरस्त रहेगी।

## पीएस पोरवाल ने किया हमीदिया का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

हमीदिया अस्पताल का मंगलवार को पीएस विवेक पोरवाल ने पहला निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेटरनिटी, एसएनसीयू, वार्ड, ड्रग स्टोर, ओपीडी, वैक्सीन सेंटर, इमरजेंसी विभाग समेत अन्य स्थानों का भ्रमण किया।

साथ ही भर्ती मरीजों से इलाज, दवाओं, इमरजेंसी में कितने समय में मिला इलाज समेत अन्य पर फीड बैक भी लिया। तीन घंटे से ज्यादा चले निरीक्षण के बाद पोरवाल ने अस्पताल प्रबंधन से अगले सप्ताह फिर निरीक्षण करने की बात कही।उन्होंने बायोमेडिकल वेस्ट, रेडियोलॉजी से संबंधित लाइसेंस, एसओपी, पानी की जांच, स्टाफ की मेडिकल जांच से संबंधित जानकारियां भी प्रबंधन से मांगी। जिसको लेकर सेमिनार हॉल में प्रबंधन द्वारा दो डेढ़ घंटे की प्रजेंटेशन भी दी गई।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में दहाड़े पीएम नरेंद्र मोदी

# हमने कांग्रेस की लूट वाली दुकानें बंद करवा दी, लाइसेंस भी रद्द कर दिए, अब दिल्ली से पूरा एक रुपया गांव तक पहुंचने लगा है

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बस्तर की धरती से छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। भानुपुरी के छोटे आमाबाल में सभा में कांग्रेस पर जमकर बरसे। भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए।



ये मोदी की गारंटी है

## पीएम ने कहा- भ्रष्टाचारी समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा



पहले दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ **15** पैसा ही गांव तक पहुंचता था

एजेंसी ▶▶ रायपुर/जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आमाबाल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के कई घपले घोटालों का जिक्र करते हुए तंज कसा और कहा कि अब कांग्रेस की लूट की दुकान बंद हो गई और लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों के घोटाले हुए। दिल्ली से एक रुपए निकलता था और सिर्फ 15 पैसा ही गांव तक पहुंचता था। ये मैं नहीं कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री ने कहा था। सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि वो कौन सा पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। अब हमने इस कुंजी को ही बंद कर दिया है। चुनाव में कांग्रेसी भ्रष्टाचारी बचाओ रैली निकाल रहे हैं पर वो समझ लें भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा कि एक रुपया भेजो और 15 पैसा मिले वह जादू हमने बंद कर दिया है। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस को लगा कि उसे लूटने का लाइसेंस मिला है। 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया। जब कांग्रेस की दुकान बंद हो गई और लूटने का लाइसेंस चला गया तो वो मोदी को गाली दे रहे हैं। पूर्व की भूपेश सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां की युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया, उनकी तेजी से जांच चल रही है। ऐसे में वो नाराज होकर लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी समझ लें मोदी इन धमकियों से नहीं डरता है। वह गरीबों का बेटा है और सिर ऊंचा करके चलता है। रामनवमी बहुत दूर नहीं है।

### जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा मैं चैन से नहीं बैठूंगा

कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि आजादी के बाद दर्शकों तक कांग्रेस की सरकारों ने विकास को नजरअंदाज किया। गरीबों की चिंता नहीं की। कभी महंगाई का मतलब ही नहीं समझा। साल 2014 में गरीब के इस बेटे को देश की सेवा का अवसर मिला। घर और दवा नहीं होने पर गरीबों पर क्या बितती है वो मैं समझता हूं, इसलिए जब तक गरीबी दूर नहीं करूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा।

### सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ

महाराष्ट्र के चंद्रपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव स्थिरता और अस्थिरता के बीच का है। एक तरफ भाजपा और एनडीए हैं, जिसका लक्ष्य है भारत को विकसित देश बनाना है, जिसके लिए कड़े और बड़े फैसले लेने हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस और इंडी गठबंधन है। यह एक ही मंत्र के साथ राजनीति करते हैं, जहां सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ।

### संजय सिंह को झटका, याचिका खारिज



शराब नीति मामले में जमानत पर बाहर आए आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। गुजरात यूनिवर्सिटी मानहानि मामले में संजय सिंह की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज कर दी गई है। संजय सिंह ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर निचली अदालत में चल रहे मुकदमे को रद्द करने की मांग की थी।





### आप का चुनावी कैंपेन लॉन्च

लोकसभा चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने बिना अरविंद केजरीवाल के पहली बार चुनावी कैंपेन लॉन्च कर दिया है। पार्टी की ओर से एक पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर पर 'जेल का जवाब वोट से' का नारा दिया गया है। इस कैंपेन को आप संजय सिंह और पार्टी संगठन महामंत्री संदीप पाठक और प्रदेश संयोजक गोपाल राय और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने लॉन्च किया है।

### चंद्रबाबू का वादा-जीते तो कम कीमत में दूंगा शराब

चुनाव में भाजपा और जसपा के साथ हाथ मिला चुकी टीडीपी के चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू




नायडू इस बार चुनाव में अनोखे वादे के साथ पहुंचे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों से कम कीमत में अच्छी क्वालिटी वाली शराब का वादा किया है। कुप्पम में एक रैली के दौरान टीडीपी सुप्रीमो ने कहा कि यह हमारे छोटे भाइयों की मांग है कि शराब की कीमत कम की जाए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उनके बेटे ने छोड़ी भाजपा



हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा को छोड़कर विपक्षी दल कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद अब उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भी सत्तारूढ़ भाजपा का साथ छोड़ दिया है और कांग्रेस का हाथ थामने का ऐलान कर दिया है। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से उन्होंने इनकार कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने की तिथि और स्थान के बारे में निर्णय पार्टी आलाकमान लेगा।

### मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं: संजय दत्त



इंडस्ट्री से कई एक्टर्स जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले हैं। इसी बीच चर्चा थी कि बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त इस साल कांग्रेस की तरफ से हरियाणा के करनाल से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, सोमवार को एक्टर ने एक ट्वीट कर खबर को अफवाह करार दिया। संजय ने लिखा, मैं आप सभी को बताना चाहता हूं कि ना तो मैं किसी पार्टी में शामिल हो रहा हूं और ना ही चुनाव लड़ रहा हूं। अगर मैं किसी पार्टी को जॉइन करता हूं या फिर चुनाव लड़ता हूं तो आपको पहले बताऊंगा। इन सभी अफवाहों पर ध्यान ना दें।

### नेकां और कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे चुनाव



नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिलकर लड़ेंगे। सोमवार को नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इसकी घोषणा की। उमर ने बताया कि जम्मू की दो सीटों पर और लद्दाख की एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे, जिन्हें नेकां समर्थन करेगी। वहीं, कश्मीर की तीन सीटों पर नेकां अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिसे कांग्रेस समर्थन करेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं। कांग्रेस ने जम्मू की सीट पर रमण भल्ला और उधमपुर सीट पर चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है।

---

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में कई परीक्षा की इजाजत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट के 22 मार्च के उस आदेश पर रोक लगा दी है



जिसमें राज्य बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा 5, 8, 9 और 11 की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की इजाजत दी गई थी। बेंच कर्नाटक स्टेट को निर्देश दिए हैं कि वह परीक्षा पर रोक लगाए रखे और किसी भी कीमत पर छात्रों या पैरेंट्स को रिजल्ट के बारे में सूचित न करे।

### गो फर्स्ट को मिली एक और लाइफलाइन


**नई दिल्ली।** कर्ज में फंसकर डूब चुकी गो फर्स्ट एयरलाइन को एक और लाइफलाइन दी गई है। नेशनल



कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने सोमवार को एयरलाइन का मोरेटेरियम 60 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है। गो फर्स्ट को कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोलुशन प्रोसेस पूरा करने का और समय मिल जाएगा। हाल ही में कोर्ट को जानकारी दी थी कि उसने 2 रेजोलुशन प्लान फाइनल किए हैं।

### चुनाव आयोग ने बताया ईवीएम का सच

**नई दिल्ली।** साल 2019 में 300 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर ईवीएम यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग



मशीन के जरिए हुए गलत मतगणना के दावे को ईसीआई ने फर्जी करार दिया है। ईसी का कहना है कि कुल मतदाताओं और डाले गए मतों की संख्या में कोई बेमेल नहीं है। एक वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा था कि कई सीटों पर मत अलग है।

---

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को जारी किया नोटिस

## बच्चों के इंटरसेक्स ऑपरेशन पर कानून बनाने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जन्म के समय शिशुओं के इंटरसेक्स सर्जरी का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आया है। इस तरह के ऑपरेशन पर रोक लगाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के तैयार हो गया है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि बच्चों की इंटरसेक्स सर्जरी उनके लिए न सिर्फ पीड़ादायक बल्कि सुनहरे भविष्य के लिए भी काफी खतरनाक है। बता दें कि जिन लोगों में पुरूष और महिला दोनों के जननांग होते हैं उन्हें इंटरसेक्स कहा जाता है। देश में इंटरसेक्स सर्जरी के कई मामले सामने आ रहे हैं। मां-बाप अपने बच्चों को पुरुष या महिला बनाने के लिए इस तरह की सर्जरी करवा रहे हैं। इस तरह के ऑपरेशनों पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर हुई है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि तमिलनाडु एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां इस तरह की सर्जरी पर रोक लगी है।

### 2019 में मद्रास हाई कोर्ट ने लगाई थी रोक



2019 में, मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तमिलनाडु सरकार ने उन शिशुओं पर सेक्स असाइनमेंट सर्जरी पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनका लिंग जन्म के समय स्पष्ट नहीं होता। हाई कोर्ट ने पहले कहा था कि जीवन-घातक स्थितियों को छोड़कर ऐसी सर्जरी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

### इंटरसेक्स सर्जरी के साइड इफेक्ट

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, लगभग 1.7% बच्चे ऐसी यौन विशेषताओं के साथ पैदा होते हैं जो पुरुष और महिला की कैटेगरी में नहीं आते। ऐसी सर्जरी से बहुत साइड-इफेक्ट हैं।

---

सीजेआई चंद्रचूड़ ने जजों के रवैए पर जताई चिंता और बोले

## ईमानदारी से कहूं तो...मामलों को लंबे समय तक रिजर्व रखते हैं जज

बाद में मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ अपने अहम फैसलों के लिए जाने जाते हैं। वे अब तक कई बड़े मामलों की सुनवाई कर चुके हैं। एक बार फिर से उन्होंने सोमवार को बड़ा बयान दिया है। सीजेआई ने जजों द्वारा लंबे समय तक अदालती मामलों को रिजर्व रखे जाने पर चिंता जताई है। उन्होंने दो टूक कहा कि ईमानदारी से कहूं तो इतने समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखती हैं। कोर्ट की सुनवाई और फैसलों पर रिपोर्ट करने वाली 'बार एंड बेंच' के अनुसार, सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। मैंने सभी हाई कोर्ट को लिखा है। लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं और सूचीबद्ध कर रहे हैं। इसके अलावा, आंशिक सुनवाई भी कर रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो इतने लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं और जज भूल जाते हैं।

> सीजेआई ने कहा कि चिंता का विषय यह है कि जज बिना फैसलों के 10 महीने से अधिक समय तक मामलों को रिजर्व रखते हैं। ईमानदारी से कहूं तो लंबे समय के बाद मौखिक दलीलें मायने नहीं रखतीं।

**खास बात**

- सीजेआई ने कहा मेरे-लेटर के बाद मैंने देखा है कि कई जज केवल मामलों को रिजर्व कर रहे हैं

### संविधान के प्रति रहें वफादार



बता दें कि पिछले दिनों नागपुर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने वकीलों के लिए अहम संदेश दिया था। सीजेआई ने वकीलों से किसी राजनैतिक दल के लिए नहीं, बल्कि संविधान के प्रति वफादार रहने के लिए कहा था। सीजेआई ने कहा कि वकीलों को कोर्ट और भारतीय संविधान को अपने राजनीतिक झुकाव और विश्वास से ऊपर रखना चाहिए।

**लोगों का दिखता है लगाव**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीजेआई ने कहा कि हमारे जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में, अधिकांश व्यक्तियों की एक राजनीतिक विचारधारा और झुकाव होता है। अरस्तू के शब्दों में, मनुष्य राजनीतिक प्राणी हैं। वकील कोई अपवाद नहीं हैं। बार के सदस्यों के लिए, किसी की सर्वोच्च निष्ठा पक्षपातपूर्ण हित के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होनी चाहिए। कई मायनों में, स्वतंत्र बार कानून के शासन और संवैधानिक की रक्षा के लिए नैतिक कवच है।

### हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं

सीजेआई चंद्रचूड़ ने आदेश सुनाते हुए आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि देश के ज्यादातर हाई कोर्ट्स में यह चलन नहीं है। हम मानते हैं कि किसी भी मामले की पर्याप्त अवधि तक सुनवाई होने के बाद उसे इस स्तर पर जारी करने से देरी, दुर्दशा और वादकारियों की कानूनी फीस बढ़ जाती है। सीजेआई के नेतृत्व वाली बेंच ने हाई कोर्ट से मामले का शीघ्र निपटारा करने और पहले संक्षिप्त सुनवाई के लिए कार्यवाही को फिर से सूचीबद्ध करने के लिए कहा है। हालांकि, बेंच ने यह भी कहा कि हम हाई कोर्ट के बोझ से अवगत हैं।

---

आईबी की रिपोर्ट के बाद वाय प्लस की मिली सुरक्षा

## ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं माधवी लता की सुरक्षा में तैनात किए 11 कमांडो, हिंदुत्व की बनी है छवि

मुस्लिम समुदाय की महिलाएं भी हैं लता की समर्थक

लोकसभा चुनाव से पहले हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया रिपोर्ट में उनकी सुरक्षा को लेकर खतरे का संदेह जताया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी माधवी की कर चुके हैं तारीफ।

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद में एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं भाजपा की माधवी लता की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आईबी की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया है। उन्हे वाय प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करते हुए 11 कमांडो तैनात कर दिए गए हैं। इससे पहले एक टीवी के कार्यक्रम में माधवी ने जिस तरह से सवालों के जवाब दिए थे उसकी पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सराहना की थी। माधवी लता सोशल मीडिया पर हिंदुत्व समर्थक के रूप में मशहूर हैं और तीन तलाक पर अपने बयानों के बाद चर्चा में आई थीं। सूबे में उन्हें कट्टर हिंदुत्व का चेहरा माना जाता है। इसलिए उनकी सुरक्षा को केंद्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। भाजपा ने उन्हें हैदराबाद से एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी के खिलाफ मैदान में उतारा है। दरअसल गृह मंत्रालय ने आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के आधार पर भाजपा कैंडिडेट माधवी को सुरक्षा दी है।

### कौन हैं माधवी लता?



रिपोर्ट के मुताबिक एक पेशेवर भरतनाट्यम नृत्यांगना माधवी लता इसके पहले राजनीति में सक्रिय नहीं रही हैं। हालांकि कई कारकों के कारण भाजपा ने उन्हें ओवैसी से मुकाबला करने के लिए उनके गढ़ में अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने हैदराबाद में कभी भी किसी महिला को मैदान में नहीं उतारा है। माधवी लता के बारे में कहा जाता है कि वह पुराने शहर के कुछ हिस्सों में सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। पार्टी उनके कार्यों के जरिए मुस्लिम वोटों में बंटवारा कर सकती है। अपने हिंदुत्व समर्थक भाषणों के लिए मशहूर माधवी लता ने तीन तलाक के खिलाफ भी अभियान चलाया था। कहा जाता है कि वह विभिन्न मुस्लिम महिला समूहों के संपर्क में हैं। लता लाथम्मा फाउंडेशन और लोपामुद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्टी हैं और निराश्रित मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक मदद भी करती रहती हैं।

### पीएम मोदी भी हुए माधवी के मुरीद

माधवी लता ने एक न्यूज चैनल के शो में ऐसा बेबाक रूप दिखाया कि खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने उनकी तारीफ की पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि माधवी लता जी, आपका एपिसोड असाधारण है। आपने बहुत ठोस मुद्दे उठाए हैं, साथ ही तर्क और जुनून के साथ ऐसा किया है। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मैं सभी से इस कार्यक्रम का दोबारा प्रसारण देखने का भी आग्रह करता हूं। जो कि जानकारीपूर्ण लगेगा।

---

आधा दर्जन शिकायतें चुनाव आयोग से

## पीएम की टिप्पणी और द केरल स्टोरी के प्रसारण पर आपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि पार्टी नेता सलमान खुर्शीद, पवन खेड़ा, मुकुल वासनिक और गुरदीप सप्पल ने केंद्रीय चुनाव आयोग से मुलाकात की और छह शिकायतों पर बहस की। जिनमें से दो शिकायतें पीएम और भाजपा नेता नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनकी मुस्लिम लीग संबंधी टिप्पणी के लिए थी। दूरदर्शन पर केरल स्टोरी दिखाने को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। कांग्रेस ने शिकायत की है कि पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र पर भारत को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।



### फिल्म को बताया विवादित

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से दूरदर्शन पर विवादास्पद फिल्म 'द केरल स्टोरी' को दिखाए जाने को लेकर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। सुदीप्तो सेन निर्देशित यह केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और विपक्षी कांग्रेस के विरोध के बावजूद दूरदर्शन ने पिछले हफ्ते 'द केरल स्टोरी' फिल्म का प्रसारण किया था। फिल्म केरल की महिलाओं के एक समूह पर केंद्रित है जिन्हें इस्लाम अपनाने और आतंकी संगठन आईएसआईएस में शामिल होने के लिए विवश किया गया था।

# रूस में तैयार हो रहे भारत के दो युद्धपोत आईएनएस 'तुशिल' और 'तमाल'

नई दिल्ली। रूस में भारतीय नौसेना के लिए तैयार हो रहे दो युद्धपोत साल के अंत तक ये युद्धपोत नौसेना के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना की एक टीम ने हाल ही में रूस में शिपयार्ड का दौरा किया था। वहां इन युद्धपोतों को तैयार किया जा रहा है। नौसेना की टीम द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि काम अच्छी गति से चल रहा है और पहला युद्धपोत समुद्री परीक्षणों के लिए भी लॉन्च किया जा चुका है। फिलहाल इसका इस्तेमाल रूसी नौसेना कर रही है।



- रूस के शिपयार्ड में चल रहा कार्य, जल्द आएंगे भारत
- युद्धपोत के लिए यूक्रेन से इंजन मंगाया जाना था, युद्ध से रुका
- दोनों ही नौसेना के बेड़े में होंगे शामिल, सेना ताकतवर
- पहला युद्धपोत अगस्त और दूसरा दिसंबर तक आएगा
- गोवा शिपयार्ड में भी रूसी समर्थन से दो युद्धपोत बन रहे

**इस वजह से हुई परियोजना में देरी**

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष की वजह से इस परियोजना में देरी हुई है। अधिकारियों ने कहा कि रूस में बनाए जा रहे युद्धपोत के लिए यूक्रेन से इंजन मंगाया जाना था। भारतीय नौसैनिक शिपयार्ड से एक टीम को युद्धपोत पर इंजन फिट करने के लिए वहां भेजा गया था। उधर, गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में भी रूसी समर्थन से दो युद्धपोतों को बनाने का काम चल रहा है। उम्मीद है कि जीएसएल परीक्षण के लिए पहला युद्धपोत लॉन्च करेगा। इनकी डिलीवरी 2026 के मध्य तक पूरी करने की योजना है।

**सबसे पहले तेजस उतरा**

## इमरजेंसी लैंडिंग में तेजस जगुआर, सुखोई-30 पास




**बाड़मेर।** राजस्थान के भारत-पाकिस्तान सीमा पर सांचौर- बाड़मेर जिले से सटे अगड़वा से गुजर रहे हाईवे (925 ए) पर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बने एयर स्ट्रिप पर सोमवार को तेजस, जगुआर और सुखोई-30 लड़ाकू विमानों की सफल लैंडिंग हुई। यहां सुबह करीब दस बजे तेजस ने लैंडिंग की। इसके बाद फाइटर जेट जगुआर और एएन-32, सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और लड़ाकू सुखोई-30 की भी लैंडिंग हुई। अब इस हवाई पट्टी का इस्तेमाल वायु सेना युद्ध और अन्य आपातकाल जैसी परिस्थितियों में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए किया जा सकेगा।

**खबर संक्षेप**

### आतंकवाद के लिए अल्लाह के नाम पर चंदा वसूली

**इस्लामाबाद।** दाने-दाने को तरस रहे पाकिस्तान में भारत के खिलाफ साजिश चल रही है। रमजान के



पाक महीने में पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन जगह-जगह छोटी दुकान बनाकर अल्लाह के नाम पर चंदा वसूल रहे हैं। उनका मकसद है चुनावरत भारत में आतंकी तबाही मचाना है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा, जैश ए मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन ने छोटी-छोटी दुकानों में बाकायदा घातक हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर परमाणु बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर न्यूक्लियर बम ले जाने की



धमकी देने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सुरक्षा जांच के दौरान धमकी दी थी कि वो न्यूक्लियर बम ले कर जा रहे हैं। इसके बाद फ्लाइट में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में दोनों यात्रियों को नीचे उतारा गया। इसके बाद उन दोनों को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों के हवाई खतरों को करेगी बेअसर

# भारत ने एलएसी पर तैनात की रूसी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों की पहली खेप



*मिसाइलें कंधे पर रखकर उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चीन की सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया है। पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं। कंधे पर रखकर दागी जाने वाली यह मिसाइलें 6 किमी तक हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। यानी अब भारत बहुत नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा।

**खास बातें**

- रूस से 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले
- कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें 6 किमी तक हवाई लक्ष्य भेदने में सक्षम
- पिछले साल दिया था 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर
- यूक्रेन से जंग के बाद भी रूस ने भारत से निभाई दोस्ती



**नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम**

भारत के पास पहले से ही स्वदेशी आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणालियां, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) हैं। अब रूस से इग्ला-एस वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस (वीएसएचओआरएडी) मिलने से भारत बहुत ही नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस एंटी-एयरक्राफ्ट हथियारों और रणनीति का एक समूह है, जो कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों, मुख्य रूप से हेलीकॉप्टर और कम-उड़ान वाले क्लोज एयर सपोर्ट एयरक्राफ्ट की रक्षा करता है।

**पुराने सिस्टम के मुकाबले में प्रभावी**

*6 किमी तक की बेहतर मारक क्षमता के साथ इग्ला-एस पुराने सिस्टम के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है। कंधे पर रखकर सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है।*

**पिछले साल रूस को दिया था ऑर्डर**

सेना ने 2021 में आपातकालीन खरीद के हिस्से के रूप में इग्ला-एस के 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर रूस की कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को दिया था। पहली खेप के रूप में 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले हैं, जिसमें बाकी को भारत में बनाया जाएगा।

**साल के पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत**

# अमेरिका में 4 मिनट तक दिन में छाया रहा अंधेरा



अमेरिका में कई लोग नियाग्रा फॉल्स से सूर्य ग्रहण देखने के लिए इकट्ठा हुए

एजेंसी ▶▶ मैक्सिको

मैक्सिको में सुबह 11 बजते ही (भारतीय समय अनुसार रात में करीब 10 बजे) दिन में अंधेरा छा गया। इसी के साथ साल के पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण की शुरुआत हो गई। पूर्ण सूर्यग्रहण का असर मैक्सिको के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा में भी दिखाई दिया। अमेरिका में ग्रहण के रास्ते में पड़ने वाले कम से कम 12 राज्यों में करीब 4 मिनट 28 सेकेंड तक दिन में अंधेरा रहा। वहीं, 54 देशों में आंशिक सूर्यग्रहण लगा। भारत में सूर्य ग्रहण दिखाई नहीं दिया। कनाडा के ओंटारियो शहर में दोपहर 3.12 बजे पर पूर्ण सूर्य ग्रहण लगा। लोग नेशनल पार्क से ग्रहण देखने के लिए सुबह 5 बजे से लाइन लगाकर खड़े दिखाई दिए। ओंटारियों नेशनल पार्क के बाहर ग्रहण देखने आए लोगों की गाड़ियों की कतार लगी रही। अमेरिका में कई लोग नियाग्रा फॉल्स से सूर्य ग्रहण देखने के लिए इकट्ठा हुए थे।

**लोगों को खराब मौसम का डर**

अमेरिका में कई लोग उन राज्यों में पहुंचे हैं जहां से पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा जा सकता है। ऐसे में इन लोगों को डर है कि कहीं बादल छाने से वो ये मौका गवां न दें। ग्रहण को लेकर अमेरिका में क्रेज इतना है कि न्यूयॉर्क शहर में 6 कैदियों को इसे देखने के लिए रिहा किया जाने का फैसला लिया गया है।

**2 साल से सूर्य ग्रहण को देखने की उत्सुकता**

अमेरिका के टैक्सास राज्य के केरविल शहर में सूर्यग्रहण देखने को लेकर जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर यहां का प्रशासन 2 साल से ग्रहण की तैयारी कर रहा था। ग्रहण देखने के लिए यहां भी भारी संख्या में लोग जुटे।

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बोले**

## सशस्त्र बलों के लिए संयुक्त संस्कृति विकसित करने की है आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

त्रि-सेवा सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' का नई दिल्ली में आयोजन किया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सशस्त्र बलों के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए 'चिंतन' की शुरुआत की। उन्होंने ऐसी संरचनाओं का निर्माण करके प्रत्येक सेवा की क्षमताओं को एकीकृत करने की आवश्यकता पर भी जोर देते हुए कहा कि जो हमारी दक्षता को बढ़ाती हों और हमारी युद्ध लड़ने की क्षमता व अंतरसंचालनीयता में भी वृद्धि करती हों।



**उभरती और नवाचारी प्रौद्योगिकियों पर चर्चा**

सम्मेलन में अंडमान और निकोबार कमान एवं सामरिक बल कमान के प्रमुखों, रक्षा अकादमी के कमांडेंट, रक्षा सेवा कॉलेज, रक्षा प्रबंधन कॉलेज और सैन्य प्रौद्योगिकी संस्थान, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी, रक्षा साइबर एजेंसी और रक्षा संचार एजेंसी के प्रमुखों ने भी भाग लिया।

**करेंगे मार्गदर्शन**

इंटिग्रेटिव डिफेंस स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे विचार-विमर्श भारतीय सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संयुक्त परिचालन संरचनाओं के रूप में दिशानिर्देश उपलब्ध कराएंगे।

**याचिकाकर्ता पर भड़का कोर्ट**

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग पर हाईकोर्ट ने फटकारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पद से हटाए जाने की मांग करने वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट से सोमवार को फटकार लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि पब्लिसिटी के लिए ये किया जा रहा है। हम याचिकाकर्ता पर भारी जुर्माना लगाएंगे। आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक रहे संदीप




कुमार ने दिल्ली आबकारी नीति के मनी लॉड्रिंग मामले में सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद उन्हें पद से हटाने के लिए कोर्ट का रुख किया था। संदीप की याचिका की हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने आलोचना की। हालांकि, कोर्ट ने इस याचिका को खारिज नहीं किया।

# मोजाम्बिक में नाव पलटने से 90 से अधिक लोगों की हुई मौत

### डूबने वालों में बच्चे शामिल...कई लापता

एजेंसी ▶▶ मोजाम्बिक

मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को एक नाव हादसे का शिकार हो गई। नाव पलटने से बच्चों समेत 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। नाव में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। नौका में 130 लोग सवार थे और डूबने वालों में कई बच्चे थे। कई लोग अब भी लापता है। बचाव के प्रयास जारी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौका देश के उत्तर में स्थित नामपुला प्रांत के लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जा रही थी।



**हैजा बीमारी से बचने जा रहे थे मोजाम्बिक द्वीप**


कुछ लोग एक मेले में भाग लेने के लिए यात्रा कर रहे थे, जबकि अन्य लोग हैजा के संक्रमण से बचने के लिए लुंगा से मोजाम्बिक द्वीप जाने की कोशिश कर रहे थे। कथित हैजा फैलने के बारे में गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए।

**चुनाव के लिए भारतीय जलवायु और मौसम का मिजाज समझना भी बेहद जरूरी**

# एक देश-एक चुनाव के विचार पर काम कर रहा भारतीय मौसम विभाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक राष्ट्र-एक चुनाव पर केंद्र सरकार की तरफ से लगातार जारी मंथन के बीच भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सुझाव दिया है कि कोई भी फैसला लेने से पहले देश के विभिन्न हिस्सों की जलवायु स्थिति को समझना जरूरी है। आईएमडी का मानना है कि चुनाव के लिए ऐसा समय चुना जाना




चाहिए, जिसमें पूरे देश के लिहाज से मौसम चुनाव कराने के अनुकूल हो। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि जल्द ही होने जा रहे आम चुनावों के दौरान विभिन्न हिस्सों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इसे देखते हुए मौसम विभाग भारतीय निर्वाचन आयोग को लगातार मौसम पूर्वानुमान से अपडेट करा रहा है। चुनावों की संभावित तिथियां तय करने से पहले भी चुनाव आयोग ने इस बारे में मौसम विभाग से आवश्यक इनपुट लिया था।

**चुनाव के दौरान देश में अनुकूल होना चाहिए मौसम**

*आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि जल्द ही होने जा रहे आम चुनावों के दौरान विभिन्न हिस्सों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा।*

**निर्वाचन आयोग को दे रहा मौसम की अपडेट**



**20 दिन तक चल सकती है लू**

*अप्रैल में चार से आठ दिन लू चलने की संभावना है, जबकि सामान्यतः एक से तीन दिन हीटवेव वाले होते हैं। अप्रैल-जून में सामान्यतः चार से आठ दिनों की तुलना में 10 से 20 दिनों तक लू चलने के आसार हैं।*

**सटीक अनुमान के लिए एआई का इस्तेमाल**


महापात्र ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

**रैली-मतदान समय बदलने का प्रस्ताव नहीं**

महापात्रा ने बताया कि चुनावों के दौरान तीव्र गर्मी के आसार देखते हुए मतदाताओं और चुनाव कर्मियों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं। इससे बेहतर ढंग से निपटने के लिए विशेष पूर्वानुमान प्रदान किया जा रहा है, लेकिन आईएमडी ने सार्वजनिक रैलियों और मतदान के समय में बदलाव का प्रस्ताव नहीं दिया है।

**फिर माफी मांगी, पीएम मोदी पर भी कर चुकीं टिप्पणी**

## मालदीव की बर्खास्त मंत्री ने किया भारतीय अशोक चक्र का अपमान



एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव की बर्खास्त मंत्री मरियम शिउना ने एक बार फिर भारत का अपमान किया। उन्होंने विपक्षी एमडीपी को निशाना बनाने के लिए अशोक चक्र का इस्तेमाल किया। इससे जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया। विवाद होने के बाद मरियम ने इसे हटा दिया।

**त्वरित मांगी माफी**

*मरियम ने इस मामले पर माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं मेरी पोस्ट की वजह से हुए भ्रम को लेकर माफी मांगती हूं। मुझे पता चला कि एमडीपी के पोस्टर में इस्तेमाल हुई तस्वीर भारतीय ध्वज से मिलती-जुलती है। गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। मुझे खेद है। मैंने कुछ भी जानबूझकर नहीं किया। उन्होंने आगे लिखा, मालदीव, भारत के साथ संबंधों को बहुत महत्व देता है। मैं ध्यान रखूंगी कि भविष्य में मेरी तरफ से इस तरह की गलत न हो। पोस्ट करने से पहले सब वेरिफाई करूंगी।*

## कोलिन्स ने जीता चार्ल्सटन ओपन का खिताब



**चार्ल्सटन।** डेनियल कोलिन्स ने रविवार को यहां दारिया कसात्किना को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन के बाद चाल्टर्सटन ओपन टेनिस चैंपियनशिप का भी खिताब जीत लिया। कोलिन्स ने दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी कसात्किना को 6-2, 6-1 से हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कोलिन्स 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली खिलाड़ी हैं जिसने मियामी में हार्ड कोर्ट के बाद चार्ल्सटन में क्ले कोर्ट पर भी खिताब जीता हो। कोलिन्स ने यहां खिताबी जीत के दौरान छह मुकाबले में सिर्फ एक सेट गंवाया।

## शेल्टन बने पुरुष क्ले कोर्ट चैंपियन



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने रविवार को यहां गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो को तीन सेट तक चले कड़े फाइनल में हराकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। इक्कीस साल के शेल्टन ने टियाफो को 7-5, 4-6, 6-3 से हराकर अपने करियर का दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। शेल्टन ने मैच के दौरान 21 ऐस लगाए और 2002 में एंडी रोडिक के 19 साल की उम्र में यहां खिताब जीतने के बाद वह यह खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। शेल्टन को क्ले कोर्ट पर जूझना पड़ा है और यहां टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले इस तरह की सतह पर उन्होंने नौ में से सात मुकाबले गंवाए थे और सिर्फ दो जीत दर्ज की थी।

## भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब



**सेन एंटोनियो।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन मैकार्थी ने जोरदार वापसी की जिससे 72 होल के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 20 अंडर रहा। भाटिया ने इसके बाद प्ले ऑफ में पहले अतिरिक्त होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली

316 रन

बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान

09 विकेट


चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

623 चौके

382 छक्के

### खबर संक्षेप



#### अपेक्षाओं से दबाव महसूस नहीं करता

**लखनऊ।** कई लोगों के विपरीत यश ठाकुर को अपेक्षाओं का बोझ पसंद है। इसलिए मयंक यादव के चोटिल होने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने जब उनमें मैच विजेता देखा तो इस युवा तेज गेंदबाज को इससे आत्मविश्वास मिला और उन्होंने आईपीएल में पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। विदर्भ के 25 वर्षीय तेज गेंदबाज यश पर उस समय सभी का ध्यान केंद्रित हो गया था जब तेज गेंदबाज मयंक की मांसपेशियों में रविवार रात यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान खिंचाव आ गया और उनकी जगह यश ने शानदार गेंदबाजी की।

#### कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे कर रहे दरकिनार

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है। शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था।



#### ब्रूक की जगह दिल्ली से जुड़े विलियम्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में हैरी ब्रूक के विकल्प के तौर पर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को टीम में शामिल किया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ब्रूक अपनी दादी के निधन के कारण टूर्नामेंट से हट गए थे। वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 30 साल के विलियम्स ने दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है।

## आईपीएल : नाइट राइडर्स को सात विकेट से दी करारी शिकस्त

# चेन्नई की घर में हैट्रिक जीत, कोलकाता की 4 मैचों में पहली हार, जडेजा चमके

एजेंसी ⏭ चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराया। चेन्नई की घरेलू सरजमीं पर यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर के लिए चार मैचों में यह पहली हार है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने अपनी शुरुआती आठ गेंद के अंदर अंगकृष रघुवंशी, सुनील नारायण और वेंकटेश अय्यर के विकेट के साथ केकेआर की पारी का रुख मोड़ दिया जिससे टीम नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। सीएसके ने 17.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

ऋरुतुराज गायकवाड़ ने 67 रन की पारी के दौरान नौ चौके लगाए। उन्होंने इस दौरान रचिन रविंद्र (15) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 27 जबकि डेरिल मिचेल (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। इस सलामी बल्लेबाज ने शिवम दुबे (28) के साथ 26 गेंद में 38 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दुबे ने 18 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौका लगाया। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए।



### 11वें मैच में मिली 9वीं जीत

केकेआर ने आईपीएल में चेपॉक स्टेडियम पर कुल 14 मैच खेले हैं और उसे 10 मैच में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि सिर्फ चार मैच में टीम को सफलता मिली है। वहीं चेन्नई ने इस स्टेडियम पर केकेआर के खिलाफ कुल 11 आईपीएल के मुकाबले खेले हैं और उसने नौ मैच जीते हैं। चेन्नई ने इस मैच को एकतरफा अंदाज में जीतकर एक बार फिर केकेआर के खिलाफ अपने होम ग्राउंड पर दबदबा बनाए रखा है।

### दूसरे स्थान पर केकेआर

चेन्नई की टीम इस जीत के बाद पांच मैचों में तीन जीत और दो हार के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। हालांकि इस हार के बावजूद कोलकाता की टीम छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर मौजूद है। पहले नंबर पर राजस्थान रॉयल्स की टीम है जिसने चार मैचों में सभी चार मुकाबले जीते हैं और आठ अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। अब राजथान की टीम टूर्नामेंट की एकमात्र टीम है जिसने अबतक एक भी मैच नहीं गंवाया है।

### जडेजा ने पूरे किए 100 कैच

मैच के दौरान जडेजा ने गेंदबाजी के साथ फील्डिंग में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इसके साथ ही आईपीएल में 100 कैच पूरे करने की उपलब्धि हासिल कर ली। जडेजा पांचवें खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल में 100 कैच पूरे करने की उपलब्धि प्राप्त की है। उनसे पहले विराट कोहली, सुरेश रैना, कीरोन पोलार्ड और रोहित शर्मा ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है जिन्होंने अबतक 110 कैच पकड़े हैं।

### स्कोर बोर्ड

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 | 01 | 0 | 0 |
| नारायण का तीक्षणा बो जडेजा | 27 | 20 | 3 | 2 |
| रघुवंशी पगबाधा जडेजा | 24 | 18 | 3 | 1 |
| अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 | 32 | 3 | 0 |
| वेंकटेश का मिचेल बो जडेजा | 03 | 08 | 0 | 0 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्षणा | 13 | 12 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 10 | 14 | 0 | 0 |
| रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 | 10 | 2 | 0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 | 03 | 0 | 0 |
| स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 | 03 | 0 | 0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 20 ओवर में 137/9

गेंदबाजी : देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन 1-0-4-0.

| सीएसके | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रचिन का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 15 | 08 | 3 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 67 | 58 | 9 | 0 |
| डेरिल मिचेल बो नारायण | 25 | 19 | 1 | 1 |
| शिवम दुबे बो अरोड़ा | 28 | 18 | 1 | 3 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 17.4 ओवर में 141/3

गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0.

### खास खबर


## नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। इसके अलावा मार्च 2021 में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज चिली के क्रिस्टियन गारिन को हराया था।

## अमर और पुरुष टीम को एशिया ओशियाना 24 घंटे की अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** अमर सिंह देवांडा ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और पुरुष टीम ने भी लगातार दूसरी बार आईएयू 24 घंटे की एशिया ओशियाना अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। चैंपियनशिप का आयोजन आस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुआ था। देवांडा ने 272.537 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पिछली बार बेंगलुरु में भी स्वर्ण पदक जीता था। देवांडा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 15 किलोमीटर से तोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अनुसार भारत के उल्लास नारायणा तीसरे और सौरव रंजन चौथे स्थान पर रहे। भारतीय टीम ने 758.248 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। आस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में शशि मेहता व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रही। मेहता, मीनल कोटक और प्रीति लाला की भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही। आस्ट्रेलिया को स्वर्ण, न्यूजीलैंड को रजत और चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला।



# राष्ट्रीय शिविर में हॉकी इंडिया का अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने आगामी एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए राष्ट्रीय शिविर में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और फॉरवर्ड वंदना कटारिया जैसे सीनियर खिलाड़ियों को 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। कुछ नए चेहरों को भी जगह मिली है।

हॉकी इंडिया ने पहले शिविर के लिए 60 खिलाड़ियों को चुना था जिसमें से छह और सात अप्रैल को हुए चयन ट्रायल और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद छंटनी की गई। भारतीय महिला हॉकी टीम 22 मई से होने वाले प्रो लीग मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से खेलने एंटवर्प और लंदन जाएगी।



### 33 सदस्यीय संभावित ग्रुप

**गोलकीपर** : सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो। **डिफेंडर** : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति **मिडफील्डर** : सलीमा टेटे, मरीना एल, वैष्णवी फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता ढेकाले, अजमीना कुजूर, निशा **फॉरवर्ड** : मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रूतुजा पिसाल।

### पंजाब और सनराइजर्स के बीच आज होगा रोमांचक मुकाबला

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं। ये दोनों उन चार टीम में शामिल हैं जिनके चार-चार अंक हैं और दोनों की नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने पर लगी हैं। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है और मौजूदा सत्र में अधिकतर मौकों पर उसके बल्लेबाजों ने प्रभावित किया लेकिन पंजाब की टीम के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता।

## लिवरपूल-मैनचेस्टर यूनाईटेड का मैच ड्रॉ



**मैनचेस्टर।** लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में रविवार को यहां मैनचेस्टर यूनाईटेड से 2–2 से ड्रॉ खेलकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया। लिवरपूल को 23वें मिनट में लुई डियाज ने बढ़त दिलाई लेकिन ब्रूनो फर्नांडिज ने 50वें मिनट में स्कोर 1–1 कर दिया। कोबी मेनू ने 67 मिनट में मैनचेस्टर यूनाईटेड को बढ़त दिलाई। मोहम्मद सालाह ने हालांकि 84वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर लिवरपूल को हार से बचा लिया।

## आज से शुरू होगा बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# सिंधू और साथियों की पदक की राह हुई मुश्किल

एजेंसी ⏭ निंगबो

पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं।



यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा। सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा।

### सेन के सामने युकी की कड़ी चुनौती

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करना है। लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे। दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है। युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है।

## गुकेश ने कारुआना को बराबरी पर रोका, विदित गुजराती हारे

एजेंसी ⏭ टोरंटो

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा। आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा। नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।



# विधायक कप अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट: रेलवे यूथ क्लब ने रोहित शर्मा क्रिकेट क्लब को हराया



**शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंकित बने मैन ऑफ द मैच**

**भोपाल।** गौतम नगर मैदान पर खेले जा रहे विधायक कप अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को रेलवे यूथ क्रिकेट क्लब और रोहित शर्मा क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। मैच की शुरुआत में रोहित शर्मा क्लब ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया।

टीम मात्र 125 रन पर ऑलआउट हो गई, जिसमें आहन ने 55 रन बनाए। वहीं अंकित ने 4 और अव्य ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ क्लब की टीम ने यह लक्ष्य बिना किसी नुकसान के 23 ओवर में ही हासिल कर लिया और रोहित क्लब को 10 विकेट से हरा दिया। इसमें अर्णव ने 73 रन और सुधांशु ने 27 रन बनाए। अंकित को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**पदक विजेता और टैलेंटेड को मिलेगा मौका**

# राज्य एथलेटिक्स अकादमी में प्रतिभा चयन 15 और 16 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्ष 2024-25 अंतर्गत मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी भोपाल के प्रतिभा चयन 15 से 16 अप्रैल को प्रातः 7 से सायं 06 बजे तक तात्याटोपे स्टेडियम भोपाल में किया जा रहा है। खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभावान खिलाड़ी चयन ट्रायल में प्रतिभागिता कर सकते हैं। प्रतिभा चयन में एथलेटिक्स खेल की 100मी. 200मी. 800मी. 1500मी. 3000मी. स्टीपल चेस, 100 मी. हर्डल 3000 मी. रेसवॉक, हाई जम्प, लॉन्ग जम्प, ट्रिपल जम्प, पोल वाल्ट, शॉटपुट, डिस्कस-हेमर थ्रो, जेवलिन थ्रो सहित 20 विधा शामिल हैं।

## चयन ट्रायल में भाग लेने हेतु पात्रता

स्कूल गेम्स, जूनियर, सीनियर, ओपन नेशनल और यूनीवर्सिटी खेल प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, टॉल और टेलेन्टेड चयन ट्रायल हेतु पात्र होंगे।

**आयु**-वांछित आयु 18 वर्ष निर्धारित है। आयु की गणना 01 अप्रैल 2024 से की जाएगी।

चयन प्रक्रिया-तीन चरणों में 1 फिजिकल टेस्ट, 2 स्किल टेस्ट, 3 मेडिकल टेस्ट

**आवश्यक दस्तावेज-** प्रतिभा चयन के समय खिलाड़ियों को आयु, मूल निवासी, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## खेल अकादमी के खिलाड़ियों को चयनित होने पर सुविधाएं

उच्च स्तरीय अधोसंरचना एवं उपकरण, उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण, उच्च स्तरीय स्पोर्ट्स साइंस सेन्टर, निःशुल्क आवास, भोजन, चिकित्सा, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टूर्नामिन्ट एक्सपोजर इत्यादि लाभ प्राप्त होंगे। वहीं प्रतिभा चयन ट्रायल में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों को आवास, भोजन, यात्रा व अन्य का व्यय स्वयं के द्वारा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षक एसके प्रसाद मिडिल लांग डिस्टेंस 8815253507, केप्टन संदीप बैस, मिडिल लांग डिस्टेंस 9424743956, अमित गौतम जम्प 9893759017, शिप्रा मसीह स्प्रिंट 9617842085, घनष्याम पोल वोल्ट 9415180119, मो. हदीथ थ्रो 8004548140 से संपर्क किया जा सकता है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930